सुप्रभात
रांची, सोमवार
11.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 238



14 तलाक पर मलाइका अरोड़ा ने तोड़ी चुप्पी




# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC) तथा मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना
## का शुभारंभ कार्यक्रम

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषता

1 झारखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र/संस्थान जैसे-Engineering, Medical, Law, Research, IITs, IIMs आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले।

2 विद्यार्थियों को ऋण के रूप में अधिकतम ₹15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा, शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गई है जिसके लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार की जमानती सुरक्षा (Collateral Security) नहीं ली जाएगी। ऋण प्राप्ति के लिए किसी तरह की इनकम क्राइटेरिया निर्धारित नहीं की गई है।

3 ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद प्रारंभ करने का विकल्प तथा अध्ययन की अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर विद्यार्थी को ब्याज के दर में 1% की छूट भी दिए जाने का प्रावधान है।

मुख्य अतिथि
### श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
## के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

दिनांक: 11 मार्च 2024
समय: 11:30 पूर्वाह्न
स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची



### मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

1 राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना जिसमें राज्य के राजकीय/निजी /P.P.P मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखण्ड राज्य स्थित विद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स हेतु ₹15,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी

2 झारखण्ड राज्य के राजकीय / निजी /P.P.P मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.टेक/ बी.ई. कोर्स में झारखण्ड राज्य के विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक/ बी.ई. कोर्स हेतु ₹30,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।

3 जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतों को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम ₹8 लाख तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा।

PRNO 322044 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) IPRD 23-24

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# हमारी 11 सूत्री मांगे पुरी नहीं हुई तो सड़क पर लड़ाई लड़ेगी पिछड़ा वर्ग : ब्रह्मदेव प्रसाद

## पिछड़ा वर्ग ओबीसी ने रांची में दिखाई अपनी ताकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** राजधानी रांची के हरमू मैदान में रविवार को पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच द्वारा आयोजित छोटानागपूर प्रमंडलीय महासम्मेलन में ओबीसी समाज के लोगों का जनसैलाब उमड़ा। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के अगुआई में छोटानागपूर प्रमंडलीय महासम्मेलन में करीब 50 हजार लोगों ने उपस्तिथि दर्ज करा कर ताकत दिखाई। मौके पर लोकप्रिय भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव ने भी पिछड़ा वर्ग ओबीसी को जागरूक करने के लिए गाना गा कर एकता बनाएं रखने की अपील की। हजारों पिछड़ा वर्ग, ओबीसी, के भाईयों बहनों और अभिवावकों को संबोधन करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ब्रशदेव प्रसाद ने कहा कि हमारी 11 सूत्री मांगे अब सरकार को मान लेनी चाहिए, यह मांगे हमारा अधिकार है। गरीबी हमारे समाज को बर्बाद कर रहा, हमारा ओबीसी समाज समृधि और संपूर्णता खो चूका है। बेरोजगारी चरम पर है, उसका कारण है जनसंख्या के आधार पर आरक्षण न मिलाना। पलामू प्रमंडल से शुरू हुई यह लड़ाई अब रांची पहुंच चुकी है, पूरे राज्य में पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज के बीच यह विषय जोरों से आग की तरह फैली है। अगर सरकार हमारी मांगे पुरी नहीं करती है तो आने वाले वक्त में पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज सड़क पर लड़ाई शुरू करेगी, झारखंड के हर जिलों से अभी सिर्फ आवाज उठनी शुरू हुई है, कल को हम चक्का जाम और धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने संबोधन में यह भी कहा की पिछड़ा वर्ग ओबीसी परिवार को कई जगहों पर अत्याचार, जमीन लूट और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अब वे अकेले नहीं है मंच उनके साथ खड़ा है, कोई भी परेशानी हो हम उनके मदद के लिए तैयार हैं। ओबीसी समाज से आने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा की राजनिति में भी महिलाओं को बराबर का आधिकार देना राज्य और केंद्र सरकार सुनिश्चित करें। छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु ऋण मुक्ति लोन का प्रावधान हो, बेरोजगार शिक्षित युवकों को ऋण मुक्त प्रोत्साहन राशि मिले ताकि उन्हें अपने व्यवसाय और शिक्षा में मदद मिले, बुजुर्ग अभिभावकों को पेंशन की व्यवस्था सुनि?ित की जाए। संबोधन के वक्त केंद्रीय अध्यक्ष ने सदास्यता को लेकर ?080 4735 8317? मोबाइल नंबर जारी किया है, मीस कॉल देते हीं आपकी सदस्यता दर्ज हो जाएगी। अजय वर्मा द्वार मंच का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। महासम्मेलन वासवी किडों, राजेश कुमार, शकुंतला जायसवाल, श्रवण कुमार, दीपा रानी कुंज, विनोद कुमार, राज नारायण पटेल, अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी, वरुण बिहारी, सर्वेश पटेल, आर के मंडल, अख्तर अंसारी, अभिलाष साहू, रविंद्र ठाकुर, राकेश चौधरी और राकेश गुप्ता ने मंच सांझा किया।

## जोहार झारखंड, आप लोग भी अपनी आवाज मोदी तक पहुंचायें : खेसारी लाल यादव

महासम्मेलन में भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने अपने गानों पर सबको झुमाया। इस दौरान उन्होंने कहा की 22 मार्च को हमारी फिल्म रंग दे बसंती रिलीज होने वाली है। लेकिन फिल्म सेंसर बोर्ड अभी तक रोक लगाए हुए हैं। मैं अपने चाहने वालों से निवेदन करूंगा कि आप लोग भी अपनी आवाज प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाए ,क्योंकि सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष मोदी के खास है।

**अधिकार पाने के लिए एकता जरूरी : दिपा रानी :** एकता अधिकार मंच पिछड़ा वर्ग (ओबीसी ) द्वारा आयोजित महासम्मेलन को संबोधित करते हुए दिपा रानी ने कहा कि अपना अधिकार पाने के लिए चप्तानी एकता बहुत जरूरी है तभी हम अपना हक व अधिकार पा सकते हैं।

**यह तो बस आगाज है : वासवी किड़ो :** ब्रशदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की सराहना करते हुए वासवी किडों ने कहा कि जिस मजबूती के साथ आज से लड़ाई का आगाज किया गया है। उसे मंजिल तक पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

**पिछड़ों दलितों को जो अधिकार मिलना चाहिए था : श्रवण :** पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए संयोजक मंडल के सदस्य श्रवण कुमार ने कहा कि इस चप्तानी एकता को बनाए रखने की जरूरत है। पिछड़ों दलितों को जो अधिकार मिलना चाहिए था उसे आजतक किसी सरकारों ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकार मांगने से नहीं बल्कि छिनना पड़ता है।

**ओबीसी समाज के लोग अब जाग गए है : लाल सूरज :** पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए लाल सूरज ने कहा कि लोगों ने जो ताकत दिखाया है उससे स्पष्ट हो गया है कि अब ओबीसी समाज के लोग अपना अधिकार के लिए जाग गए है। यह जगाने का काम हमारे केंद्रीय अध्यक्ष ने किया है।

**सभी ओबीसी को एक छत के नीचे आने की जरूरत : अविनाश साहू**

आज समाज के लोगों ने जो ताकत दिखाया है उससे स्पष्ट हो गया है कि अब ओबीसी समाज के लोग अपना अधिकार छिनने के लायक भी बन गए हैं। ओबीसी समाज के लोगों को एक छत के नीचे आने की जरूरत है।

**यह एक ऐतिहासिक दिन : शकुंतला जायसवाल :** यह एक ऐतिहासिक दिन है। बड़े गर्व की बात है कि ब्रशदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद के द्वारा ओबीसी समाज केलिए हक व अधिकार दिलाने की लड़ाई का बिगुल फूंका गया है। इसके लिए वह पूरे समाज के ओर से उनका आभार व्यक्त करतीं हूं।

**महासम्मेलन सभी दलों को चेतावनी : सुबोध प्रसाद :** जब समाज को हक व अधिकार देने की बात होती है तो सभी दल के लोगों की बोलती बंद हो जाती है। लेकिन आज बीडी प्रसाद के आशन पर ओबीसी समाज के लोगों ने जो जो अपनी एकजूटता दिखाई है वह बहुत सराहनीय है।

**आने वाले दिनों में इसे बड़ा सम्मेलन होगा : बिनोद कुमार :** ओबीसी समाज को मिलने वाले हक में वृद्धि करने के बजाए कमी किया जाना यह बताता है कि सभी सरकारें ओबीसी समाज के हक व अधिकार छिनने का काम कर रही है। सभी दल के लोग ओबीसी का सिर्फ वोट लेना चाहते हैं।

## भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ ने आरूप काईबरता का किया स्वागत



**रांची।** मेंबर्स ऑफ मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे,भारत सरकार के सदस्य बनने पर आरूप काईबरता को भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन,के समस्त नेताओं ओर सदस्यों ने रविवार को रांची रेलवे जंक्शन पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में संगठन के सेंट्रल कमिटी मेंबर्स मानकी मिजं, माहेश कुमार, दुर्गा उरांव, प्रमोद कुमार, मानिकचंद माहतो, डॉ. महतो,घनश्याम उरांव, फूलचंद उरांव, शिशिर उरांव, श्यामा भगत, सूरज उरांव, नवल राय, विकास रंजन महतो, रामेश्वर मंडल, जगदीश महतो, संतोष कुमार महतो, नेसार अहमद, राजू कुमार, रंजीत कईवार्ता, पवन उरांव, रंजीत कश्यप, अंजू मुंडा, रोहित कुमार भगत। सचिन कुमार नाग, सुधीर कुमार,योगोश कुमार माहतो, अजय भगत इत्यादि सैकड़ो की तादाद में शामिल थे।

## जब तक हेमंत रिहा नही होते हैं हमारा संघर्ष जारी रहेगा : मुस्ताक

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। जिसमें रांची जिला समिति के कार्यकर्त्ता शामिल हुए। मुस्ताक आलम ने कहा उपवास कार्यक्रम के 25वें दिन हम उपवास कार्यक्रम में बैठे हैं और यह संघर्ष और मुहिम हमारा तब तक चलेगा जब तक हम अपने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन को जेल से रिहा नही करा लेते हैं। न्याय यात्रा के माध्यम से भी यह बताने का काम किया जा रहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार बिना किसी सबूत के हेमंत सोरेन जी को मुख्यमंत्री पद से हटा कर जेल भेजने का काम किया है, इसका जवाब आम जनता और कार्यकर्ता को 2024 के चुनावों मे देना है और जनता का काफी स्नेह और सहयोग झारखंड मुक्ति मोर्चा को प्राप्त हो रहा है। आप देखे होंगे कि यह कार्यक्रम जब से शुरू हुआ है तब बढ़ता जा रहा है और यह लगातार बढ़ता रहेगा। जितने भ्रष्टाचारी है वी भाजपा के वाशिंग मशीन मे पाक साफ होकर कही मुख्यमंत्री है कही मंत्री हैं और कही सांसद हैं। येन केन 2024 के चुनाव में आप देख रहे हैं कि 400 पार का नारा दे रहे हैं पर इनको नही पता की जनता इनको चारों पार करेगी। दो तो मोदी और अमित शाह हो गए और दो इनके अदानी और अंबानी, तो जनता चारों को पार करेगी।

## नैतिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जरूरी : के रवि कुमार

### नैतिक मतदान के लक्ष्य को पाने को डीइओ चलायें बीएजी के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए बूथ स्तरीय जागरूकता समूह (बीएजी) के गठन करने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 नजदीक है। ऐसे में हरेक मतदान केंद्र पर स्वच्छ,निष्पक्ष, भय-मुक्त एवं नैतिक मतदान के लिए गठित बूथ स्तरीय जागरूकता समूहों को क्रियाशील रखें। उन्होंने बूथ स्तरीय स्वीप कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने तथा बूथ स्तर पर व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बाबत इनकी गतिविधियों में हरेक स्तर पर तेजी लाए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने स्तर से सभी प्रखंडों में बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के सदस्यों के लिए नैतिक मतदान से संबंधित प्रशिक्षण देने को कहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बूथ के सदस्यों को नैतिक मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं एवं तत्संबंधी प्रसार-सामग्री को उपलब्ध कराया जाना है। मालूम हो कि बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के संबंधित बीएलओ संयोजक हैं। वहीं, अन्य विभागों के ग्राम/शहर स्तरीय कर्मी एवं ऐसे स्वयं-सेवक बतौर सदस्य शामिल किये जा सकते हैं, जो राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त न हो।

उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वीप साथी के रूप में चिन्हित की गई आंगनबाड़ी सेविका, आंगनवाड़ी सहायिका, पारा शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, किशोरी क्लब की सदस्या, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्या, जल सहायिका, श्रमिक मित्र, मनरेगा मेट, ग्रामसेवक, पंचायत स्वयंसेवक, साक्षरता प्रेरक, मध्यान भोजन योजना की रसोईया, कृषक मित्र, पर्यटन मित्र आदि को इस ग्रुप में बतौर सदस्य शामिल किया जा सकता है, ताकि इन समूहों के माध्यम से व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र के क्षेत्र में नैतिक उद्देश्य के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह शत प्रतिशत सुनि?ित किया जाए कि बीएजी के कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों में कदापि संलग्न नहीं हों।

## प्रदेश की 70 %नौकरी, बाहरियों को बेच रही है सरकार : अमित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के विधायक और प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार राज्य की 70 फीसदी नौकरी बाहरियों को दे रही है। परीक्षा कराने वाली एजेंसियां पैसे लेकर 70 फीसदी से अधिक सीटें दूसरे राज्यों के युवाओं को बेच दे रही है। वह रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर विकास विभाग में जेई पद पर नियुक्ति हुई। इसमें 70 फीसदी से ज्यादा बाहरी अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं. यूपी, बिहार, प?िम बंगाल के साथ-साथ तमिलनाडु के लोग झारखंड की नौकरियां ले गये। कहा कि पूर्व की हेमंत सरकार ने 60-40 की नीति के तहत राज्य की सरकारी नौकरियों में 40 फीसदी पद बाहरियों के लिए खोल दिया था। राज्य के युवा और भाजपा के विरोध के बाद सरकार को झुकना पड़ा था। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि बाहरियों को थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियां किसी हाल में नहीं देंगे, लेकिन यह सिर्फ आईवॉश था। आंदोलन खत्म होते ही झारखंड की सरकारी नौकरियां बाहरियों को बेच दी गई।

**5 लाख नौकरी का वादा कर दिये सिर्फ 3000**

अमित मंडल ने कहा कि 2019 के चुनाव में झामुमो ने अपने घोषणापत्र में युवाओं को हर साल 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन हकीकत यह है कि 4 साल में यह सरकार जेएसएससी और जेपीएससी के माध्यम से तीन हजार से अधिक नियुक्तियां नहीं कर पाई। इन चार सालों में एपीपी पद पर 107 नियुक्तियां हुई। 129 कृषि पदाधिकारी, 37 प्रयोगशाला सहायक, 217 आयुष चिकित्सक, 617 जेई और 32 पशु चिकित्सक नियुक्त हुए। शेष जो नियुक्तियां हुई, वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चली गई।

**रघुवर सरकार में बाहरियों को कम मिली थी नौकरी**

मंडल ने कहा कि सवाल ये है कि सरकार सीटों का बंदरबांट क्यों कर रही है? दरअसल सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी को अपना कमीशन हाउस बना दिया है। सरकार एजेंसियों के माध्यम से बाहरियों को नौकरी बेच दे रही है। यही कारण है कि ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को काम दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रघुवर दास की सरकार ने 1985 के स्थानीय नीति के तहत 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी। इन नौकरियों में सिर्फ 15 से 20 फीसदी बाहरियों को जगह मिली थी, जबकि झामुमो सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। चुनाव में जनता सरकार में शामिल सभी दलों को सबक सिखायेगी।

## अब डैम और झीलों में पर्यटक लेंगे बोटिंग का आनंद, वन विभाग की पहल

### गेतलसूद डैम से हो रही योजना की शुरूआत, क्षेत्र के युवाओं को मिलेगा रोजगार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अब झारखंड के विभिन्न डैम और झीलों में पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों के ल्यिे विशेष योजनाओं की शुरूआत करने जा रही है। ताकि, डैम और झील घूमने आने वाले लोग बोटिंग कर झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकें। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। वन विभाग के द्वारा इसकी शुरूआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। डैम में अधिकारी इसे अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

**लोगों को दी जा रही बोटिंग की ट्रेनिंग :** जिला वन पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा ने बताया कि इसकी शुरूआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य झीलों और जलाशयों पर भी बोटिंग शुरू की जायेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके, इसके लिए व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी लिटमस मरीन नामक संस्था को दी गई है। संस्था गेतलसूद डैम के आसपास रहने वाले लोगों को बोटिंग का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे पर्यटकों को सुरक्षित तरीके से बोटिंग का आनंद दिला सकें। जो लोग प्रशिक्षण ले रहे हैं उन्हें नाविक का लाइसेंस भी दिलाया जा रहा है ताकि सुरक्षा की दृष्टि से हर चीज का सख्ती से ख्याल रखा जा सके।

**सौंदर्यीकरण का भी रखा जाएगा ख्याल :** वन पदाधिकारी ने कहा कि नौकायन सुविधाओं को मजबूत करने के बाद डैम और झीलों के आसपास सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। वन विभाग की इस पहल के पीछे मुख्य कारण झारखंड के सुदूरवर्ती और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मूल निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पलायन जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## लोकसभा चुनाव 2024 : झारखंड में इंडिया गठबंधन को लग सकता है झटका

# राज्य में अकेले चुनाव लड़ सकती हैं सीपीआई




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में इंडिया गठबंधन को झटका लग सकता है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड में इंडिया ब्लॉक के सीटों का बंटवारा नहीं होने पर सीपीआई ने नाराजगी जताई है। रविवार को सीपीआई के राज्य सचिव और पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने कहा कि पिछले एक महीने से गठबंधन का लिहाज करते हुए हजारीबाग से लड़ने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन गठबंधन के नेताओं की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलने के कारण सीपीआई ने अपना मन बदल लिया है और पार्टी राज्य के कमसे कम आठ सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो संयुक्त वाम दल राज्य के सभी सीटों पर भी चुनाव लड़ सकती है।

**सीपीआई को एक सीट देने की बात थी**

पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि दिल्ली में भी कांग्रेस के नेताओं के साथ बातचीत हुई है, जिसमें यह कहा गया है कि एक सीट दिया जाएगा। जिसमें कोडरमा से भाकपा माले को सीट देने की बात कही जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की तरफ से हजारीबाग सीट की मांग की गई थी, उस सीट पर सहमति नहीं बन पा रही है, इसलिए सीपीआई की तरफ से यह फैसला लिया गया है कि हजारीबाग सीट नहीं दिया जाता है तो फिलहाल पार्टी राज्य के कमसे कम आठ सीटों हजारीबाग, जमशेदपुर, चतरा, कोडरमा, पलामू, रांची, दुमका एवं गिरिडीह से अपना प्रत्याशी उतार सकती है। इसके अलावा राज्य के अन्य सीटों पर प्रत्याशी उतारने के लिए विचार विर्मश जारी है। इसकी घोषणा 16 मार्च के बाद की जा सकती है।

**सीपीआई अकेले लड़ सकती है चुनाव**

पूर्व सांसद और सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस और झामुमो के नेताओं का रवैया देखने को मिल रहा है, इससे यही लग रहा है कि आने वाले समय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अकेले ही चुनाव लड़कर भारतीय जनता पार्टी को पटखनी देगी। क्योंकि झामुमो और कांग्रेस सीपीआई को साथ ले लेकर चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के महासचिव पशुपति कॉल, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कन्हाई मल पहाड़िया, प्रमोद कुमार पांडे, महादेव राम, केडी सिह, जितेंद्र सिंह, अंबुज ठाकुर,गणेश प्रसाद सिंह, सुजीत घोष, गणेश महतो, बनवारी साहू, शंभू कुमार, कलाम रसीदी, प्रोफेसर अनवर हुसैन, स्वयंवर पासवान, एवम अजय सिंह सहित कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित थे।

## रमजान को लेकर महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष मुख्यमंत्री से मिले



**रांची।** महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने अल्पसंख्यक समुदाय के मामले को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलकात की। मुलकात के दौरान हुसैन खान ने रमजान को देखते हुए मुख्यमंत्री से राज्य के सभी मस्जिदों पर खास सुरक्षा व्यवस्था एवम सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इस क्रम में उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अल्पसंख्यक समुदाय की हो रही कटिनाईयों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि आपके द्वारा सुझाये गये सभी मुद्दों पर खरकार खास ध्यान देगी। इस संबंध में हुसैन खान ने बताया कि इस वर्ष रमजान की शुरूआत 11 मार्च, सोमवार के दिन से हो रही है। वहीं, इसका समापन 10 अप्रैल, बुधवार के दिन होगा। रमजान में रोजा रखने वाले रोजेदार सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूरे एक महीने का रोजा रखते हैं। इस दौरान रोजाना रात को नमाज अदा की जाती है। यह महीना अच्छे कर्म करने के लिए समर्पित माना जाता है और इस दौरान ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की इबादत में बिताया जाता है। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी मो सफर भी मौजूद थे।

# लोस चुनाव में सिंहभूम लोकसभा सीट पर दावेदारी गीता कोड़ा के लिये नही होगी आसान!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** लोकसभा का चुनाव जल्द ही होनेवाला है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी पार्टियां जोश शोर से तैयारी में जुट गयी है। बकायदा भाजपा की ओर से कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई गीता कोड़ा की राह आसान नहीं है। झारखंड के सिंहभूम लोसभा सीट की बात करें तो कोल्हान प्रमंडल का ये सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

यह सीट कभी झारखंड पार्टी का गढ़ हुआ करती थी। लेकिन बदलते परिवेश के साथ लोगों ने अपने विचार बदले और अब यहां के लोग किसी एक पार्टी या फिर उम्मीदवार पर भरोसा कायम नहीं रख पा रहे हैं।

**1957 में अस्तित्व में आया था सिंहभूम लोकसभा**

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र 1957 में अस्तित्व में आया था। इसमें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 1957 में यहां पर झारखंड पार्टी के शंभू चरण ने जीत दर्ज की थी। 1957 से लेकर 1977 तक यहां पर झारखंड पार्टी ने लगातार जीत दर्ज की। हालांकि बीच में एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी कोलाई बिरुआ ने झारखंड पार्टी को मात देने में सफलता पायी थी। 1984 और 1989 में कांग्रेस की जीत को छोड़ दें तो किसी भी पार्टी ने लगातार दो बार जीत दर्ज नहीं कर सकी है। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी ने अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए कांग्रेस से उनकी पार्टी में शामिल हुई गीता कोड़ा पर भरोसा जताया है। गीता कोड़ा ने 2019 में मोदी लहर के बाद भी जीत दर्ज की थी। जबकि दूसरे नंबर पर बीजेपी के लक्ष्मण गिलुआ रहे थे। ऐसे में यहां पर चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है।



### कौन जीता कौन हारा

1957 शंभू चरण गोडसोरा(झापा), सिदिया हेंब्रम(निर्दलीय) को हराया था। 1962 हरिचरण सोय (झापा), लाखो बोदरा कांग्रेस को पटखनी दी थी। 1967 कोलाई बिरूआ निर्दलीय के रूप में भारतीय जनसंघ के एमएल सोय को हराया था। 1971 में झारखंड पार्टी के मोरन सिंह पूर्ति ने निर्दलीय देवेंद्र नाथ चंपाई को, 1977 में बागुन सुंब्रई झारखंड पार्टी से झारखंड पार्टी से कांग्रेस में गये मोरन सिंह पूर्ति, 1980 में जनता पार्टी से बागुन सुंब्रई ने कांग्रेस के थियोडर बोदरा को शिकस्त दी थी। 1984 में कांग्रेस से बागुन सुंब्रई ने निर्दलीय देवेंद्र मांझी को, 1989 में कांग्रेस से बागुन सुंब्रई ने जनता दल के मंगल सिंह लमय, 1991 में झामुमो के कृष्णा मरांडी ने कांग्रेस के विजय सिंह सोय, 1996 में बीजेपी के चित्रसेन सिंकू ने निर्दलीय विजय सिंह सोय, 1998 में कांग्रेस से विजय सिंह सोय ने बीजेपी के चित्रसेन सिंकू, 1999 में बीजेपी से लक्ष्मण गिलुआ ने कांग्रेस के विजय सिंह सोय को हराया। बिहार से झारखंड बंटवारे के बाद कांग्रेस्स से 2004 में बागुन सुंब्रई बीजेपी के लक्ष्मण गिलुआ, 2009 में निर्दलीय मधु कोड़ा ने बीजेपी के बागुन सुंब्रई, 2014 में बीजेपी से लक्ष्मण गिलुआ ने जेबीएसपी की गीता कोड़ा और 2019 में कांग्रेस से बीजेपी के लक्ष्मण गिलुआ को शिकस्त दी थी।

# सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश



**1.50**

**लाख से अधिक महिलाओं को**

## सरकारी नौकरी

- बालिकाओं को स्नातक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.75 करोड़ शौचालयों (इज्जत घर) का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित
- बदायूं, लखनऊ एवं गोरखपुर में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना
- पॉक्सो अधिनियम एवं महिला अपराधों के मामलों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम
- पीएम स्वनिधि योजना से 2 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख से अधिक माताएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 17.82 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित
- 58,000 महिलाओं की बीसी सखी के रूप में नियुक्ति
- 31.28 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को ₹1,000 की मासिक पेंशन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3.26 लाख से अधिक जोड़ों का विवाह, अनुदान राशि ₹35,000 से बढ़कर ₹51,000 हुई







## महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

## डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# एससी, एसटी व ओबीसी समुदाय की समस्याएं लगभग समान : डॉ ओम सुधा

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित, कई प्रस्ताव पारित

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** एससी, एसटी व ओबीसी समुदाय की समस्याएं लगभग एक ही तरह का है। जब तक तीनों वर्ग एकजुट होकर नहीं रहेंगे हमारी समस्याएं बरकरार और विकराल होगी। यह बातें रविवार को दिल्ली से आए वरिष्ठ सामाजिक चिंतक डॉ ओम सुधा ने वाईबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि रूप में कही। डॉ सुधा ने कहा की तीनों सामाजिक समूह को आपस में मिल-जुल कर रहने से ही समाज का राज्य का और देश का विकास तेजी से होगा। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड प्रभारी विजय प्रताप भारती ने कहा कि हमारे सभी समस्याओं का जड़ ईवीएम है। इससे पारदर्शी और स्वच्छ चुनाव नहीं होती है। इसी का परिणाम है कि सरकार किसान,नौजवान, विद्यार्थी समूह की समस्या को गंभीरता से नहीं लेती है। विरोध करने वाले को दुश्मन जैसा व्यवहार करती है।

**वह झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा**

राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज जिस तरह से एससी एसटी ओबीसी वर्ग के सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए हैं, वह झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। श्री गुप्ता ने राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में 15 सूत्री प्रस्ताव रखा, जिसे एक स्वर से ध्वनि मत से पारित किया गया। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य रुचि कुजूर ने संविधान की पाठ करते हुए कहा संविधान ही हमारे लिए सुरक्षा का कवच है इसलिए संविधान को सम्मान देने के साथ ही एक-एक अनुच्छेद को आत्मसात करने की जरूरत है। डॉ दिलीप सोनी ने कहा की झारखंड सरकार ओबीसी समुदाय के प्रति गंभीर नहीं है सरकार को अभिलंब ओबीसी का आरक्षण बढ़ानी चाहिए और 7 जिले में ओबीसी आरक्षण सनकी गए हैं उसका भी समाधान जरूरी है।

समाजसेवी नरेश लाल ने निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि निजीकरण से देश कमजोर हो रहा है इसे सरकार को तुरंत बंद कर देना चाहिए। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस को झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार, अधिवक्ता रंजीत महतो,मुनेश्वर रविदास,सरयू दास गिरिडीह, गोपाल यादव धनबाद,छोटन राम, जागा राम,माला कुजूर,प्रेमा तिर्की मैं भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम में डा शिवानंद काशी, महासचिव अजय मेहता, प्रमोद कुमार सुग्रीव यादव, डॉ भरत ठाकुर, विक्रांत विश्वकर्मा, अधिवक्ता हरेंद्र कुमार, अधिवक्ता पंकज रवि, शाहिद सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

पारित प्रस्ताव में देश में जातीय जनगणना करने, ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कराने,सारनाथ कोड लागू करने, उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक नियुक्ति में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध 2 सालों से आंदोलन रथ एससी ओबीसी छात्रों को न्याय देने, एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था को अक्षरतः लागू करने, ओबीसी आरक्षण में असवैधानिक क्रीमी लेयर मान दंड को हटाने सरकारी, संस्थाओं के निजीकरण पर तुरंत रोक लगाने, सरकारी पदों पर अनुबंध लैटरल एंट्री एवं आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त करने, ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करने एससी-एसटी और ओबीसी के बैकलॉग पदों को भरने मंडल कमीशन के सभी अनुशंसाओं को लागू करने, वन नेशन वन एजुकेशन एंड हेल्थ शामिल है।

# भारत पूरे विश्व को कुटुंब मानने वाला एकमात्र देश: डॉ बाजपेयी

## डीएसपीएमयू में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्याख्यानमाला की शुरूआत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएसपीएमयू सभागार में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्याख्यानमाला श्रृंखला के तहत प्रथम व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सह वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर ( छत्तीसगढ़ ) के कुलपति डॉ एडीएन बाजपेयी उपस्थित थे। व्याख्यानमाला का विषय था, विकसित भारत, 2047 तक। मुख्य अतिथि सह वक्ता डॉ एडीएन बाजपेयी ने विकसित भारत की संकल्पना को विस्तार से समझाते हुए कहा कि विकास वह होता है, जिसमें सबकी सहभागिता होती है। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जो सामूहिकता में विकास की परिकल्पना को साकार करना चाहता है और भारत ने पूरे विश्व को एक कुटुंब माना



है। उन्होंने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि अपने देश के धरोहरों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है। भारत राष्ट्र सदियों से ज्ञान को समस्त पूरे विश्व में विस्तृत करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते आया है। उन्होंने युवावर्ग का आह्वान करते हुए कहा कि आपके सहयोग के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि जिन महापुरुष के नाम पर यह विश्वविद्यालय है, उनके नाम से इस व्याख्यानमाला की शुरूआत करते हुए काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। विषय भी भावनात्मक तौर पर काफी प्रासंगिक है, विकसित भारत, 2047 तक। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने पांच प्रणों की घोषणा की है। इस पर बल देते हुए कहा है कि अगर देश के युवा इन पांच प्रणों को समुचित विकास की धारा के साथ जोड़ दें तो नि>य ही भारत 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा। उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास की विस्तार से चर्चा करते हुए भारत देश के अर्थ को परिभाषित करते हुए कहा कि भारत यानी वह देश जो ज्ञान में लीन हो। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और वर्तमान में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है , जल्द ही आने वाले 25 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी भारत की सदी है और न सिर्फ 2047 बल्कि उसके पूर्व ही हमें प्रधानमंत्री के इस लक्ष्य को पूरा करने में सामूहिकता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीसी बास्के ने किया। मौके पर डॉ सजलेंदु घोष, डॉ जेपी शर्मा, डॉ आईएन साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### विद्यापति स्मारक समिति का 16 को होली मिलन समारोह

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को लेखानंद झा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 16 मार्च को अपराहन 3 बजे समिति के कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुलभ इंटरनेशन झारखंड प्रदेश के पदाधिकारी होंगे। साथ हीं साथ पंडित निर्भयकांत झा शास्त्री एवं उनकी टीम के द्वारा होली गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी। मालपुआ और भांग के सहित ठंढाई की भी व्यवस्था रहेगी। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है, समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस होली मिलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता का संदेश देना है और सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देना है। इस बैठक में मुख्य रूप से उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण झा, बी के झा, दिलीप झा, रंजीतलाल दास आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### श्री महावीर मंडल का चुनाव 17 मार्च को

**रांची।** श्री महावीर मंडल केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को केन्द्रीय कार्यालय श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट महावीर चौक रांची में हुई। बैठक मुख्य चुनाव पदाधिकारी कैलाश यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री महावीर मंडल रांची के 17 मार्च को होने वाले चुनाव के नामांकन के बाद नाम वापसी और स्क्रुटनी के बाद सही पाए गए। उन उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है। उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई। अध्यक्ष पद के लिए 4 उम्मीदवार चुनाव में भाग लेंगे - जय सिंह यादव, राकेश कुमार सिंह,अशोक कुमार पुरोहित , रवि कुमार पिंकु उपाध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार -आतिश कुमार यादव( मकू यादव), राज किशोर प्रसाद, राजा सेन गुप्ता, प्रेमकुमार सिंह व मनोज कुमार सिंह मंत्री पद के लिए पांच उम्मीदवार : राजेश कुमार सिन्हा ,सुभाष कुमार साहू ,नीलेश यादव , राकेश कुमार वर्मा पिंकु, दीपक ओझा ,सह-मंत्री पद के लिए पांच उम्मीदवार : ,सुनील सिंह , उदय रविदास , प्रेमचंद चौधरी, गोपाल प्रसाद सोनी, जीवा धन प्रसाद कोषाध्यक्ष पद के लिए दो पदः प्रमोद कुमार शर्मा सारस्वत, निशांत कुमार सिन्हा नीशू , यह जानकारी प्रमोद श्रीवस्तव और शंकर प्रसाद ने जानकारी दी।

### 170 में चालकों में एक शराबी निकला

**रांची।** रांची पुलिस के द्वारा चलाये गये अभियान में पुलिस 170 चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के तहत जांच की। उनमें से एक चालक शराबी निकला। यातायात पुलिस ने कांटाटोली चौक, बिरसा चौक, लालपुर चौक, बूटी मोड़, किशोरी यादव चौक, रेडियम रोड चौक, बिग बाजार चौक में बिना हेलमेट, अनाधिकृत रूप से चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म लगाकर तथा अवैध पार्किंग किये जाने के मामले में 139 लोगों को जुर्माना लगाया गया। इनमें यातायात पुलिस ने एक लाख सत्तर हजार तक का चालान काटा गया।

### हरिमती मंदिर प्रांगण में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया निःशुल्क हृदय जांच शिविर



**रांची।** हरिमती मंदिर प्रांगण में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट और पियरलेस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया। पियरलेस हॉस्पिटल के प्रख्यात डॉक्टर डॉ प्रियदर्शन कोनार के द्वारा सभी शिविर में आए मरीजों का जांच किया गया। शिविर में आए हुए लोगो का पहले बी पी टेस्ट किया उसके बाद डॉक्टर की सलाह के बाद और ई सी जी किया गया। हॉस्पिटल के सीनियर मैनेजर अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया की पियरलेस हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड के द्वारा कार्डियोलॉजी का इलाज और झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत सभी गंभीर बीमारीयो का इलाज किया जा रहा है। शिविर में करीब 70 लोगो ने निशुल्क जांच करवाया । युवा मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य के साथ मंच के अध्यक्ष ने शिविर में आए हुए लोगो का स्वागत किया।

### श्री श्याम परिवार खाटू धाम के लिए रवाना



**रांची।** श्री श्याम परिवार, रांची के 100 सदस्यों का समूह रविवार को राजधानी एक्सप्रेस से ट्रेन मार्ग द्वारा खाटू धाम निशान यात्रा के लिए अपरा? 5 बजे राँची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान किया।10 सदस्यों का समूह शनिवार को पहले ही रवाना हो चुका है। सोमवार को रींगस मैं रात्रि 8:00 बजे से प्रभु श्री श्याम की पावन ज्योत जलाकर भावपुर्ण एवं भक्तिमय संकीर्तन का आयोजन होगा । आरती के प>ात 101 निशान लेकर भक्त रिंगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर बड़ी श्रद्धपूर्वक खाटू धाम में श्री गणेश जी महाराज, श्री श्याम प्रभु व श्री हनुमान जी महाराज को निशान अर्पित करेंगे। खाटू धाम निशान पद यात्रा एवं विभिन्न देवस्थान दर्शन पूजन में शंकर लाल शास्त्री , गौरव कुमार शास्त्री, श्रवण जालान, अशोक धानुका, रंजीत गाड़ोदीया, महेश सैन, प्रकाश दालानिया, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल अरविंद मंगल, गोपाल चांगल, जयदीप राज, पवन लोहिया, रवि अग्रवाल, श्री नटवर बाजोरिया, वरुण जालान, राजेश शर्मा, नेहा जालान, इत्यादि शामिल हैं। यह जानकारी प्रचार संयोजक अमित चौधरी ने दी।

### शहर के प्रबुद्ध लोगों और सिविल सोसाइटी के लोगों ने हमजा रहमान को बधाई दी



**रांची ।** रांची शहर के प्रबुद्ध लोगों और सिविल सोसाइटी के लोगों ने रोबोट बनाने वाले हमजा रहमान को उसके आवास में जाकर बधाई देकर हौसला अफजाई की । लोगों ने कहा कि देश को एक नया एपीजे अब्दुल कलाम आजाद मिल गया । लोगों ने कहा कि इसका एक वीडियो प्रशासन और सरकार तक जानी चाहिए जिससे कि राज्य और देश के लोग इसकी काबिलियत को देखें । रोबोट कैसे काम करता है लोगों के सामने प्रस्तुति पेश की गई । हमजा रहमान ने बताया कि यह रोबोट सिक्योरिटी गार्ड की तरह काम करता है । इस मौके पर जगत लाल प्रसाद , राम अवतार प्रसाद, अभिनेता देवेश खान, विक्रांत कुमार, खलील उर रहमान , डॉ असलम परवेज , मोहम्मद हुसैन उर्फ छोटे भाई , जमील उर रहमान , मोहम्मद अब्बास , भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप सोनी , भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद काजिम, मोहम्मद हबी आदि मौजूद थे।

# नारकोटिक्स अधिकारी बनकर वसूली करने पहुचे युवक-युवती की जमकर पिटाई

## दिन में पत्रकार बन पहुंचे, 30 हजार वसूला

रिम्स में हो रहा है इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/नामकुम।** नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बनकर वसूली करने पहुंचे युवक-युवती को स्थानीय लोगों ने जमकर पीटा। यह घटना शनिवार देर रात नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बस्ती की है। जहां फर्जी नारकोटिक्स अधिकारियों को लोगों ने पकड़ कर खूब पीटा। इसके बाद दोनों युवक-युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों को रिम्स के मेडिसीन वार्ड में भर्ती कराया गया। युवक-युवती के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों फर्जी तरीके से लोगों से वसूली करने का काम करते हैं। दोनों खुद को कभी पत्रकार तो कभी एसएसपी का रीडर तो कभी कोई विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से पैसे ऐठतें फिर रहे थे।

बताया जाता है कि एक स्कूटी पर सवार होकर परवेज और उसकी पत्नी अनुराधा उर्फ आलिया नामकुम बस्ती दिन में पहुंचे थे। वहां पर पूर्व में इनलोगों ने खुद को पत्रकार बताकर और गलत काम का आरोप करने और खबर प्रसारित न करने के एवज में 30 हजार रूपये वसूले। दुकानदार से इनलोगों ने लगभग एक लाख रूपये की डिमांड की। दुकानदार ने मना कर दिया। रात में दोनों पैसे के लालच में फिर उसी दुकान में पहुंचे और खुद को नारकोटिक्स डिपार्टमेंट का अधिकारी बताया और पैसे की मांग की।

पैसे मांगने पर जब दुकानदार ने असमर्थता दिखाई तो गल्ले से पूरे पैसे निकाल लिये। जब दुकानदार के बेटे ने इसका विरोध किया तो उसे डंडे से पीटने लगे। डंडे से हुई पिटाई के बाद दुकानदार ने शोर मचाया। इससे पब्लिक वहां जुट गयी और दम भर कर इनलोगों की पिटाई कर दी। बताया जाता है कि चार पांच दिन पूर्व पंडरा और आईआईटीआई के समीप एक दुकानदार से वसूली करने पहुंचे थे। वसूली करने के दौरान ही दुकानदार ने वीडियो बना लिया था और उसे सोशल मीडिया में डाल दिया था। इन दोनों को जगह का पता कोई अजय कुमार बताता था और उसके कहने पर ही ये लोग वसूली करने पहुंचते थे। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### बोर्ड-निगम में रिक्त पड़े पदों पर जल्द से जल्द हो नियुक्ति : अनवरी खातून

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की धनबाद जिला अध्यक्ष अनवरी खातून ने कहा है कि झारखंड सरकार बोर्ड व निगम में खाली पड़े पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति करें। उन्होंने कहा कि राज्य के कई बोर्ड और निगमों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति नहीं होने से जनहित के कार्य बाधित हो रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ महागठबंधन में शामिल दलों के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकताओं में निराशा का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में शामिल दलों के कुशल, वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकताओं को बोर्ड-निगम में स्थान दिया जाना चाहिए। बोर्ड-निगम के गठन में सभी दलों की समान रूप से भागीदारी होने से महागठबंधन में शामिल दलों में आपसी समन्वय बेहतर होगा। जनहित के कार्यों में तेजी आएगी और महागठबंधन के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ेगा। राजद महिला प्रकोष्ठ की चतरा जिला अध्यक्ष शारदा देवी, कोडरमा जिला अध्यक्ष अमरजीत कौर और रामगढ़ जिला अध्यक्ष सुषमा देवी ने भी बोर्ड-निगम में खाली पड़े पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति करने की मांग की है ताकि जनहित के कार्यों को गति मिल सके और महागठबंधन के प्रति जन विश्वास बढ़े। झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी अन्य पदधारियों व सदस्यों ने भी बोर्ड-निगम में राजद को समुचित भागीदारी देने की मांग की है।

# सीसीएल प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को मना रहा कोयला उत्पादन दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 84 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसे प्राप्त करने और कर्मचारियों में जोश भरने एवं कोयला उत्पादन को गति देने के लिए कंपनी कोयला उत्पादन दिवस मना रही है। सीसीएल प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को कोयला उत्पादन दिवस मनाने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि सीसीएल झारखंड के आठ जिलों रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू और लातेहार में खनन गतिविधियां संचालित कर रही है। सीसीएल



द्वारा कोयले की आपूर्ति उत्तर प्रदेश, बिहार, प>िम बंगाल, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों और विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को की जा रही है। महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों के प्रतिनिधियों वाली एक उच्च-स्तरीय समिति खनन और अन्य गतिविधियों से जुड़े कार्यबल को प्रेरित करने के लिए क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा कर रही है। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी और निदेशकों द्वारा नियमित रूप से उत्पादन की समीक्षा भी की जा रही है। कंपनी 84 एमटी के वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के अलावा 84 एमटी के प्रेषण लक्ष्य और 127 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीयूएम) के ओवर बर्डन रिमूवल को भी पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल ने 7 मार्च, 2024 तक 76.25 एमटी (प्रोविजनल) उत्पादन, 77.04 एमटी (प्रोविजनल) प्रेषण और 113.22 एमसीयूएम (प्रोविजनल) ओवीआर हासिल कर लिया है।

ज्ञात हो कि सीसीएल पिछले साल के किए गए कोयला उत्पादन यानी 76 एमटी के माइलस्टोन को 7 मार्च, 2024 यानी 24 दिन शेष रहते ही हासिल कर लिया है। सीसीएल की पूरी टीम सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में लक्ष्य पाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

### महिलाओं के आर्थिक समाजिक एवं शारीरिक विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया



**रांची।** उद्यमी आदिवासी विकास संस्थान ने रविवार को दयाल नगर पिस्का मोड़ में महिला दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं के आर्थिक सामाजिक एवं शारीरिक विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर महिलाओं की सुरक्षा,कानूनी सहायता सहित अन्य मुद्दों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। मंच की अध्यक्षता संस्थान के सचिव शर्मिला मिश्रा ने किया । इस अवसर पर सभी महिलाएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव शर्मिला मिश्रा, संजू मिश्रा, विनीता नायक , शिक्षिका रंजन चौबे, अधिवक्ता प्रिया वंदना सहित सैकड़ो महिला उपस्थित थी। परिचर्चा के बाद उद्यमी आदिवासी विकास संस्थान ने यहि निर्णय लिया कि अब लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और महिलाओं को उचित सम्मान देने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक संगठन एवं राज्य सरकार से भी मांग की जाएगी।

# जिले के पुलिस लाइन में प्रशिक्षक नहीं, बंद है पीटी और टीओटी

## पुलिस मुख्यालय ने जिलों से मांगी सूची

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के पुलिस लाइन में पुलिसर्मियों को प्रशिक्षण के लिये अनुदेशक नहीं है। राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस लाईन और वाहिनी में पीटी परेड समेत अन्य प्रशिक्षण की जरुरत होती है, लेकिन प्रशिक्षक नहीं होने की वजह से प्रशिक्षण के लिये परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस मुख्यालय ने इसे संज्ञान में लेकर जिलों से अनुदेशको की सूची मांगी है। पुलिस मुख्यालय इस बाबत जिलों के एसएसपी, एसपी और जैप के समादेष्टा को पत्र भेजा है। पत्र के अनुसार सभी जिला, ईकाई में हर दिन पुलिस लाइनऔर वाहिनी के मुख्यालय में पीटी परेड एवं अन्य बाहरी विषयों में हर दिन प्रशिक्षण कराने का आवश्यकता है। इस कार्य के लिये जिला, वाहिनी में अनुदेशक उपलब्ध रहना जरूरी है। इस आवश्यकता को देखते हुए बाहरी विषय के लिए अनुदेशकों का दो सप्ताह का टीओटी कराने का निर्णय लिया गया है। मुख्यालय ने निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिला, ईकाई से प्राअनि और अनि(स) स्तर के दो पदाधिकारी, चार हवलदार एवं चार आरक्षी की संख्या में जिनसे बाहरी विषयों के लिए अनुदेशक का कार्य लेना चाहते है। उनकी सूची 15 मार्च तक नि>ित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### इस तरह से दिया जाता हैं प्रशिक्षण

गौरतलब हो कि सिपाहियों को प्रशिक्षण के दौरान कानून की जानकारी दी जाती है। इसके साथ-साथ आइपीसी, सीआरपीसी, एविडेंस एक्ट व माइनर एक्ट की भी थोड़ी-बहुत जानकारी पुलिसकर्मियों को दी जाती है। इसके अलावा शारीरिक रूप से दक्ष होने के लिए जवानों से पीटी परेड भी करवाया जाता है। जवानों को हथियार संबंधी जानकारी के साथ-साथ फायरिंग का भी अभ्यास कराया जाता है। कुछ प्रशिक्षण केंद्रों पर तो प्रशिक्षक हैं, पर कई केंद्र ऐसे हैं जहां प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं होने की वजह से बाहरी प्रशिक्षक द्वारा सिपाहियों को प्रशिक्षण दिलवाया जाता है।

# 30 अपराधी होगें तड़ीपार, एसएसपी की मीटिंग में हुआ फैसला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची व आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रह रहे अपराधियों को पुलिस तड़ीपार करने का निर्णय लिया है। प्रस्ताव उपायुक्त को भेजा जायेगा। इसका फैसला रविवार को एसएसपी की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में लिया गया। बैठक में एसएसपी ने कहा कि अपराध रोकने की दिशा में अब शहर के प्रत्येक मुहल्ला को बीट में विभाजित कर प्रत्येक बीट के लिए प्रभारी पदाधिकारी नियुक्त होगा। उस बीट पर अपराध नियंत्रण के लिये आसूचना संकलन, कारगर गश्ती सुनिश्चित कराना बीट पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी।



थाना प्रभारियों को तीन दिन के अंदर बीट सिस्टम चालू करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों के दो से तीन पंचायतों को मिलाकर एक पुलिस नोडल पदाधिकारी बनाया जायेगा। जिसका कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधि से संपर्क रखना, आसूचना संकलन तथा अपराध नियंत्रण एवं उस क्षेत्र में सक्रिय अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की जिम्मेवारी होगी।अपराध नियंत्रण के लिये अपराधकर्मियों का डाटाबेस तैयार करने, फरार अभियुक्तों के विरूद्ध छापेमारी, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, अवैध हथियार, मादक पदार्थ की तस्करी करनेवालों के विरूद्ध कारगर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
11.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 238



14 तलाक पर मलाइका अरोड़ा ने तोड़ी चुप्पी

## न्यूज डायरी

### सीएम आज दो योजनाओं की करेंगे शुरुआत

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आज सोमवार को खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम (जीसीसीएस) तथा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेंगे।

### टीएमसी ने सभी 42 सीटों के प्रत्याशियों घोषणा की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की कल घोषणा कर दी। पार्टी ने मौजूदा सांसदों को उनकी वर्तमान सीटों पर ही पुनः टिकट दिया है। बहरामपुर सीट से क्रिकेटर यूसुफ पठान को उम्मीदवार बनाया है।

### पीएम आज एक हजार नमो ड्रोन दीदी को सौंपेंगे ड्रोन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में एक हजार नमो ड्रोन दीदी को ड्रोन सौंपेंगे। नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें वित्तीय आजादी उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री मोदी के अभियान का अहम हिस्सा हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पहनी इलायची की माला

**वाराणसी।** पीएम मोदी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विजय और पुनः देश के प्रधानमंत्री बनने का संकल्प लेकर रविवार को पूजा अर्चना की। मंदिर के अर्चक ने पीएम को देश का प्रधानपद प्राप्त करने की कामना का संकल्प दिलाया। पीएम मोदी माथे पर त्रिपुंड, हाथों में त्रिशूल और सिर पर लौंग-इलायची और बादाम की श्रृंगार माला पहने थे।

### शाहजहां की सीबीआइ हिरासत चार दिन बढ़ी

**बशीरहाट (पश्चिम बंगाल)।** अदालत ने संदेशखाली में इडी के अधिकारियों पर हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और चार दिनों के लिए बढ़ा दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को दिये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गयी थी।

### हजारीबाग में पुलिस व टीपीसी के बीच मुठभेड़

**हजारीबाग।** बड़कागांव में रविवार को टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से जम कर गोलीबारी हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस सर्च अभियान चला रही है। कई उग्रवादियों को गोली लगने की भी खबर है।

### मादा चीता गामिनी ने पांच शावकों को दिया जन्म



**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क से गुड न्यूज आयी है। यहां मादा चीता गामिनी ने पांच शावकों को जन्म दिया है। यह जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी है। मादा चीता गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। भारत में जन्म लेने वाले शावकों की संख्या 13 हो गयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |




---

सीएम ने पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना की रखी आधारशिला, कहा

# बहरूपिया है भाजपा, उसकी गारंटी में मत फंसियेगा: चंपई

### निर्माण पर खर्च होंगे 639.20 करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह बहरूपिया है, उसकी गारंटी में मत फंसियेगा नहीं तो फिर धोखा हो जायेगा। भाजपा ने अपने कार्यकाल में केवल वादा किया, धरातल पर कार्य नहीं हुआ। उसने हमेशा से झारखंड को ठगने का काम किया है। सीएम सोरेन ने रविवार को गिरिडीह जिले में पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रही है। राज्य सरकार झारखंड के छोटे-बड़े किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है।

सीएम कहा कि इस योजना का लाभ मिलने से यहां के किसान भाइयों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के हित में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है।



**8,531 हेक्टर भूमि होगी सिंचित :** गिरिडीह के पीरटांड प्रखंड की 17 पंचायत की आबादी को इस सिंचाई योजना का लाभ मिलेगा। इसमें कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत शामिल है।

**आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा पीरटांड़ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में गिरिडीह जिला का पीरटांड़ क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। गिरिडीह कोयला क्षेत्र तथा औद्योगिक संस्थानों वाला क्षेत्र रहा है, परंतु विडंबना है कि इसी जिले से सबसे ज्यादा लोग पलायन करने को विवश हैं। सरकार चाहती है लोगों को पलायन रूके।

**बराकर नदी पर बनेगा एक वीयर/बराज :** दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पंप मोटर से जल पाईपलाइन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

### झारखंड को संवारने में सभी आगे आयें: सीएम

**सीएम** ने कहा कि हमलोग ऐसी व्यवस्था लायेंगे कि यहां आदिवासी पिछड़ा अपने पैरों पर खड़े होंगे। सरकार सभी वर्ग के कृषकों की खेतों में पाइपलाइन के जरिये पानी पहुंचाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास कार्य देखकर भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। जांच एजेंसी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि किसी एक पार्टी के इशारे पर जांच एजेंसी काम नहीं करे। उन्होंने अपील की कि आप भूमि पुत्र हैं आपको ही इसे संवारना होगा। बाहर से आकर लोग तीन तल्ला बिल्डिंग खड़ा कर ले रहा है और जो यहां है उसके पास कुछ नहीं है। समारोह को मंत्री बसंत सोरेन, विधायक सुदिव्य कुमार, विधायक इरफान अंसारी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

### वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास

**सीएम ने 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपये की परिजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्तियां**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं का बेहतर और मजबूत तंत्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में सड़कों तथा पुल-पुलिया का जाल बिछाया जा रहा है। श्री सोरेन ने कहा कि आधारभूत संरचना के जरिए ही विकास का नया गलियारा बनता है। इस क्रम में उन्होंने कल जामताड़ा जिला में जामताड़ा-निरसा पथ के वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बरबेंदिया पुल उन लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बराकर नदी में नाव दुर्घटना में जल समाधि ले ली थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरबेंदिया पुल निर्माण से पूरे संथाल का धनबाद कनेक्टिविटी मजबूत होगा। जामताड़ा से निरसा की दूरी पहले की तुलना में आधी हो जाएगी। इस पुल के शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी। (शेष पेज 13 पर)

---

# 1008 गरीबों को मिला आशियाना, 10 लाभार्थियों को मिली सांकेतिक चाबी

### लाइट हाउस प्रोजेक्ट का पीएम मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रविवार को रांची के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। राजधानी के सेक्टर-2 स्थित मौसीबाड़ी मैदान पंचमुखी मंदिर के नजदीक निर्माण किये गये 1008 आवासों का उद्घाटन किया गया। यहां 5.15 एकड़ में कुल 7 इमारत बनाए गए हैं। कुल ₹131 करोड़ की लागत से 18 महीनों में 1008 फ्लैट बनाए गए। सभी फ्लैट वन बीएचके है, जो 315 स्क्वायर फीट में बना है।

**10 लाभुकों को दी गई सांकेतिक चाबी :** इस दौरान 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से फ्लैट की चाबी दी गई। लाभुकों ने घर मिलने की खुशी में पीएम का आभार जताया।



### पीएम आज झारखंड को आठ एनएच की देंगे सौगात

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के गुड़गांव से ऑनलाइन माध्यम से आज झारखंड सहित देशभर के राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन-शिलान्यास कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम देश की बड़ी सड़क परियोजना द्वारका एक्सप्रेस-वे के पैकेज तीन और चार का उद्घाटन करेंगे। यहीं से रांची बाइपास (विकास से रामपुर खंड) सहित झारखंड की छह सड़कों का उद्घाटन किया जायेगा। वहीं, 738 करोड़ की लागत से दो सड़कों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया जायेगा।

### भाजपा के प्रदीप वर्मा आज दाखिल करेंगे नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप वर्मा आज सुबह 11:30 बजे नामांकन करेंगे। इधर रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के विधायक दल की बैठक में पार्टी के सभी विधायकों को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप वर्मा के पक्ष में वोट डालने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने एक समर्पित कार्यकर्ता प्रदीप वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। राज्य में खाली हुए दो राज्यसभा सीटों में एक भाजपा के खाते में है और दूसरा राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के खाते में। दोनों पक्षों के पास एक एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने का संख्या बल है।

### महागठबंधन प्रत्याशी सरफराज अहमद आज दाखिल करेंगे पर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इंडिया महागठबंधन की ओर से राज्यसभा के चुनाव में प्रत्याशी बनाये गये सरफराज अहमद आज नामांकन करेंगे। झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी हैं। इस बाबत रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री आवास में हुई गठबंधन दलों की बैठक हुई। बैठक के बाद झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि बैठक में सरफराज अहमद के नाम पर मुहर लगायी गयी है। वे गठबंधन के साझा प्रत्याशी होंगे और 11 मार्च को सुबह 11 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसमें गठबंधन दल के विधायक शामिल होंगे।

---

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामला

## पलामू में एसआइटी ने फरार कोचिंग संचालक के भाई को हिरासत में लिया

**जांच के दौरान पवन किशोर की भी संलिप्तता की सामने आयी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पलामू।** जेएससीए पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसआईटी ने मेदिनीनगर के रहने वाले पवन किशोर को कल हिरासत में लिया। पवन से पूछताछ के बाद उसे रांची लाया जायेगा। आपको बता दें कि प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच के दौरान पवन किशोर की भी संलिप्तता की सामने आयी है। हिरासत में पूछताछ के बाद पवन की गिरफ्तारी तय है। इसके अलावा एसआईटी मेदिनीनगर के कोचिंग संचालक रवि किशोर की भी तलाश कर रही है। एसआईटी की गिरफ्त में आया पवन, रवि किशोर का भाई है। पवन कोचिंग संचालन में भाई का सहयोगी भी है।

उल्लेखनीय है कि फरार चला रहा रवि किशोर का नाम सात साल में तीसरी बार परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने और नौकरी के सेटिंग मामले में आया है। पहली बार फरवरी 2017 में तत्कालीन सदर एसडीओ नैंसी सहाय ने मैट्रिक और इंटर का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में रवि किशोर को पकड़ा था। इसके नौ माह बाद ही नवंबर में जिला स्तर पर हुए चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति में बड़ी गड़बड़ी सामने आई थी। तत्कालीन उपायुक्त अमित कुमार ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई की थी। चतुर्थ वर्गीय पदों पर सेटिंग के खेल में भी रवि किशोर का नाम आया था।

### तुपुदाना में बस और हाइवा में टक्कर, मां-बेटी की मौत



**रांची।** रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र में रविवार को एक यात्री बस (श्रीहरि रथ) और बालू लदे हाइवा में भीषण टक्कर हो गयी जिससे बस में सवार दो यात्रियों की मौत हो गई। बस रांची से चाईबासा के लिए जा रही थी। इसी दौरान तुपुदाना ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित हाइवा ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा यात्री जख्मी भी हो गये। इस हादसे में अगली सीट पर बैठे कोडरमा की रहने वाली मां और बेटी की जान चली गयी। मरने वाले में कोडरमा की 45 वर्षीय रीमा देवी और उनकी 7 वर्षीय बेटी सोनल कुमारी है। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा।

### दो नये चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां 15 को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है। बता दें कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। गोयल के इस्तीफे के पीछे सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया हो। अब मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं।

---

गोड्डा और साहिबगंज की जनसभा में बोलीं कल्पना सोरेन

# भाजपा को आदिवासियों का आरक्षण कभी छीनने नहीं देंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही है। आदिवासियों का आरक्षण को खत्म करना चाह रही है। ऐसा हम कभी होने नहीं देंगे। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वो फिर से तीर-धनुष व हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करें, ताकि विपक्ष और केंद्र सरकार की मंशा कभी पूरी नहीं हो सके। कल्पना सोरेन रविवार को गोड्डा के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डमरू हाट के फुटबॉल मैदान और साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित नौगछिया मैदान में चुनावी सभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा, आप हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा इतनी जोर से लगायें कि आवाज होटवार की सलाखों को पार कर हेमंत सोरेन के कानों तक पहुंचे। उन्हें साजिश में फंसा कर जेल भेजा गया है।



कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत जी हर झारखंडी के दिल में बसते हैं। आज हेमंत जी को भले ही केंद्र की भाजपा सरकार झूठे प्रपंचों में जेल भेजी है पर उनकी आवाज, कल्पना को वह रोक नहीं सकती।

### विपक्षी साजिश को देना है कड़ा जवाब

कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने गांव व गरीबों का विकास किया है। इससे भाजपा घबरा गयी। पूर्व मुख्यमंत्री को झूठे केस में फंसाकर जेल भेज दिया गया। कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बात से रुकना व थमना नहीं है। केंद्र व भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जबाब देना है। उन्होंने कहा कि बरहेट क्षेत्र में यहां 10 साल से विधायक रहे हेमंत सोरेन ने जो विकास किया है, इसके पहले किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया।

---

# भ्रष्टाचार पर दोहरा मापदंड नहीं चलेगा: सरयू राय

## भाजमो के सम्मेलन में भ्रष्टाचार और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कई प्रस्ताव पारित

### पक्षपात पर प्रहार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार को भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा-2015-16 से 2019-20 तक किया गया भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार नहीं है लेकिन 2020 के बाद तीन भ्रष्टाचार के मामले भ्रष्टाचार कहलाते हैं। यह भ्रष्टाचार पर दोहरा मापदंड है। यह नहीं चलेगा। रविवार को सिद्गोड़ा स्थित टाउनहॉल में आयोजित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बीएमडब्ल्यू कार पर सवारी कर ली तो वह भ्रष्टाचारी हो गए जबकि वह बीएमडब्ल्यू धीरज साहू के नाम से है, लेकिन, जमशेदपुर में 1101 नंबर की इनोवा गाड़ी पर जब पूर्व मुख्यमंत्री, उनकी पत्नी, उनके अन्य रिश्तेदार घूमते रहे, तब यह भ्रष्टाचार का मामला नहीं बना। यह इनोवा भी प्रेम प्रकाश और उसके मित्र भार्गव ने खरीदी थी। यह भ्रष्टाचार के दोहरे मापदंड का ही उदाहरण है। बीएमडब्ल्यू पर चढ़ने वाला करप्ट हो गया लेकिन इनोवा पर चढ़ने वाला भ्रष्टाचारी नहीं है।

सरयू राय ने कहा कि मैं जिस सरकार में मंत्री था, उस सरकार में भ्रष्टाचार के 35 मामले हुए। उन 35 में से कुछ मामलों को मैंने उठाया। चूंकि मैंने मंत्री रहते उन मामलों को उठाया तो मुझे भारतीय जनता पार्टी ने टिकट नहीं दिया। मैंने तो पार्टी से कहा था कि अगर आप मुझे टिकट नहीं देना चाहते तो पहले बता दें। मैं लोगों से कह दूंगा, मीडिया से कह दूंगा कि अब मैं राजनीति से बाहर जा रहा हूं। लेकिन, भाजपा ने मुझे यह भी नहीं



करने दिया। मुझे अपमानित किया गया, लेकिन मैंने चुनाव लड़ा और जमशेदपुर पूर्वी की जनता ने तत्कालीन सीएम रघुवर दास को ही हरा दिया। यह मेरे अपमान का प्रतिकार था।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री, ईडी और सीबीआई के अफसरों से भी कहता हूं कि भ्रष्टाचार के संबंध में दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। हेमंत सोरेन सरकार में करप्शन के तीन मामले हुए। इन तीनों में ईडी ने आरोप पत्र दाखिल किये हैं। एक मामला साहेबगंज-पाकुड़ में पत्थर का है, दूसरा मामला शराब घोटाला का है और तीसरा मामला पूजा सिंघल पर करप्शन के चार्जेज हैं। इन तीनों घोटालों में ईडी ने अपनी चार्जशीट में लिखा है कि ये घोटाले 2015-16 से चलते आ रहे हैं। अब सवाल यह है कि 2015-16 से 2019-20 के भ्रष्टाचार की गिनती नहीं करेंगे और हेमंत सोरेन के तीन साल के भ्रष्टाचार की गिनती करेंगे तो ये तो अन्याय है। हम तो चाहते हैं कि दोनों सरकारों में जितने भी भ्रष्टाचार के मामले हैं, सबकी गिनती करें और दोनों के ऊपर में कार्रवाई करें। अगर ईडी पक्षपात नहीं करती तो दोनों को बुला कर पूछताछ करती। पूजा सिंघल का तो मामला ही अजीब है। 2017 में पूजा सिंघल को तत्कालीन मुख्यमंत्री के दस्तखत से क्लीन चिट दे दिया गया था। उन्हीं आरोपों में ईडी ने पूजा सिंघल को 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह दो साल से जेल में हैं। जमानत नहीं हो रही है उनकी। इसका मतलब यह हुआ कि पूजा सिंघल 2017 में भी भ्रष्ट थीं और 2022 में भी भ्रष्ट थीं। अब एक बार ईडी को बुला कर पूछना तो चाहिए कि आपने 2017 में पूजा सिंघल को कैसे निर्दोष करार दिया।

### राज्यपाल पद से हटेंगे तो रघुवर पर मुकदमा संभव

सरयू राय ने कहा कि कुछ पद ऐसे होते हैं, जिन पर एफआईआर नहीं होती। राष्ट्रपति-राज्यपाल का पद ऐसा ही होता है। लोगों को जब लगता है कि अब ईडी-सीबीआई पूछताछ करेगी, वह फंस जाएंगे, तो ऐसे में भारत सरकार उन्हें ऐसे ही पद देकर बचा लेती है लेकिन लोग भूल जाते हैं कि आप जब उन पदों पर नहीं रहते हैं तो आप पर मुकदमा चल सकता है। कल्याण सिंह का प्रसंग लोगों को याद रखना चाहिए। जब वह पद से हटे तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सजा दी। बेशक एक दिन की दी पर सजा दी।

---

## संविधान को 'फिर से लिखना, नष्ट करना' भाजपा और आरएसएस का एजेंडा : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े के कथित बयान को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि संविधान को 'फिर से लिखना, नष्ट करना' भाजपा और आरएसएस का कुटिल एजेंडा है। पार्टी के सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा है कि उनके दल को 'भारतीय संविधान बदलने' के लिए 400 सीट जीतने की जरूरत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसद की कथित टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 'संघ परिवार' के 'छिपे हुए इरादों' की सार्वजनिक घोषणा है।

वहीं पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान 'तानाशाही थोपने के मोदी-आरएसएस के कुटिल एजेंडे को एक बार फिर उजागर करता है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मोदी सरकार, भाजपा और आरएसएस गुप्त रूप से तानाशाही लागू करना चाहते हैं, जिससे वे भारत के लोगों पर अपनी 'मनुवादी मानसिकता' थोपकर एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार छीन लेंगे। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि न्याय, समानता और स्वतंत्रता संविधान के मजबूत स्तंभ हैं और इन सिद्धांतों में कोई भी बदलाव बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर और हमारे श्रद्धेय संस्थापकों ने जिस भारत की कल्पना की थी, उसका अपमान होगा। इधर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को नष्ट करना है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक एलान है। नरेंद्र मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्होंने लिखा कि 'हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार .11 मार्च 2024

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## कार्य पद्धति का दोष

दरअसल, संवेदनहीन अधिकारी आनन-फानन में सरकारी फरमानों के क्रियान्वयन का आदेश तो दे देते हैं लेकिन वंचित तबके की मुश्किलें नहीं देखते। वे जमीनी हकीकत और लोगों की मुश्किलों के प्रति उदार रवैया नहीं अपनाते हैं। करोड़ों राशन कार्ड रद्द करने की उनकी प्रकिया को जिस प्रकार से न्यायालय ने खारिज किया है उससे साफ है कि उनकी कार्य प्रणाली में भारी दोष है। उनकी तरफ से सरकारी लक्ष्यों को पूरा करने का समय निर्धारित करके कह दिया जाता है कि अमुक समय तक इन्हें पूरा कर लें अन्यथा उनको मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिया जायेगा। देश में अशिक्षित-गरीब आबादी का बड़ा हिस्सा तकनीकी बदलावों का अनुपालन सहजता से नहीं कर पाता। देश के दूरदराज इलाकों में तो यह समस्याऔर भी जटिल है। कोरोना संकट में कई स्थानों पर इंटरनेट सुविधाओं के अभाव में गरीबों को राशन लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि उनका राशनकार्ड आधार कार्ड से लिंक नहीं हो पाता था। ऐसे में उस गरीब तबके की दुश्वारियों को समझा जा सकता है, जिनका जीवन राशन से मिलने वाले अनाज पर ही निर्भर करता है। खासकर कोरोना संकट के चलते लगे लॉकडाउन और लाखों लोगों के रोजगार छिनने के बाद तो स्थिति ज्यादा विकट हो गई होगी। सरकार को ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए जो समय रहते सरकारी निदेर्शों के अनुपालन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर कर सके। निस्संदेह, सभी अधिकारों में जीने का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। सौ करोड़ गरीबों के देश में यह कोशिश होनी चाहिए कि सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन में किन्हीं औपचारिकताओं के चलते किसी का चूल्हा न बुझे। सवाल यह है कि आखिर फैलत समृद्धि के बीच एक भी गरीब का हक मारा जाना सवाल खड़ा करता है।

## लखपति दीदी

दरअसल, जब भी महिलाओं की तरक्की की बात होती है, तो जो समाज के उदाहरण दिये जाते हैं, वे महज प्रतीकात्मक होते हैं। जहां आम स्त्रियों के लिये लैंगिक भेदभाव के चलते अनुकूल कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं। उनको न्यायसंगत मेहनताना भी नहीं मिलता है। इसके बावजूद व्यक्तिगत व स्वयं सहायता समूहों की तरफ से उत्साहवर्धक शुरूआत हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है। निश्चिय रूप से 4.2 फीसदी की वृद्धि उत्साहजनक है। हाल ही में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्साहवर्धक जानकारी दी कि देश में एक करोड़ कर्मशील महिलाएं लखपति बन चुकी हैं, अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, लखपति दीदी योजना का मकसद साधनविहीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये, उन्हें स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करके आय अर्जन के योग्य बनाना है। उन्हें अपना बिजनेस शुरू करने के लिये प्रेरित किया जाता है। स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। महिलाएं अपने निकटवर्ती आंगनवाड़ी केंद्र में से इस बाबत सूचना प्राप्त कर सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें ड्रोन संचालन, कृषि उत्पादों के बाजारीकरण तथा एलईडी बल्ब बनाने आदि का प्रशिक्षण देकर अपना काम शुरू करके आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होता है। हाल के अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की बात कही जो स्वागत योग्य कदम है।

# वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली






-हृदयनारायण दीक्षित

वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है।

**वायु** से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। ह्यद लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, "तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता"-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं।

सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें "वायु" प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, 'वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं "आदित्य ह वै प्राणौ"-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन "मरूद्गण" कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य"-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछतें हैं "मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं?" (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है।" कहते हैं, "वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं।" (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें।" (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वायु से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु धार्ता शरीरिणाम"-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है, उसे सबका नियन्ता गाते है-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परम्परा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनो का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है।

### खास बात

## शुद्धि आंदोलन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानंद

**भारत** में आज जो मुसलमान हैं, उन सबके पूर्वज हिन्दू ही थे। उन्हें अपने पूर्वजों के पवित्र धर्म में वापस लाने का सर्वाधिक सफल प्रयास स्वामी श्रद्धानन्द ने किया। संन्यास से पूर्व उनका नाम मुंशीराम था। उनका जन्म 1856 में ग्राम तलबन (जिला जालन्धर, पंजाब) में एक पुलिस अधिकारी नानकचन्द जी के घर में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में ही उनका विवाह हो गया। बरेली में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के प्रवचनों से वे अत्यन्त प्रभावित हुए। उन्होंने अस्पृश्यता तथा जातीय भेदभाव के विरुद्ध प्रबल संघर्ष करते हुए अपनी पुत्री अमृतकला तथा पुत्रों पंडित हरिश्चन्द्र विद्यालंकार व पंडित इन्द्र विद्यावाचस्पति का अंतरजातीय विवाह किया। 1917 में संन्यास लेने पर उनका नाम स्वामी श्रद्धानन्द हो गया। स्वामी जी और गांधी जी एक दूसरे से बहुत प्रभावित थे। 30 मार्च, 1919 को चांदनी चौक, दिल्ली में रौलट एक्ट के विरुद्ध हुए सत्याग्रह का नेतृत्व स्वामी श्रद्धानंद जी ने ही किया। वहां सैनिकों ने सत्याग्रहियों पर लाठियां बरसायीं। इस पर स्वामी जी उनसे भिड़ गये। सैनिक अधिकारी ने उनका सीना छलनी कर देने की धमकी दी। इस पर स्वामी जी ने अपना सीना खोल दिया। सेना डर कर पीछे हट गयी।

स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने के कारण उन्हें एक वर्ष चार माह की सजा दी गयी। जेल से आकर वे अछूतोद्धार तथा मुसलमानों के शुद्धिकरण में लग गये। 1924 में शुद्धि सभा की स्थापना कर उन्होंने 30,000 मुस्लिम (मलकाना राजपूतों) को फिर से हिन्दू बनाया। इससे कठमुल्ले नाराज हो गये; पर स्वामी जी निर्भीकता से परावर्तन के काम में लगे रहे।

1924 में स्वामी जी अखिल भारत हिन्दू महासभा के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। मुसलमानों में देशप्रेम जगाने के लिए खिलाफत आन्दोलन के समय वे चार अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण देने गये। स्वामी जी ने हरिद्वार के पास 21 मार्च, 1902 को होली के शुभ अवसर पर ह्यगुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। इसके लिए नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उ.प्र.) के चौधरी अमनसिंह ने 120 बीघे भूमि और 11,000 रु. दिये।

## युद्ध मैदान में लंकेश

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रावण** ने कहा मेरे सैनिको आपकी वीरता पर मुझे संदेश नहीं है ।तुमलोग मेरे साथ अनेक युद्ध लड़ें हो लेकिन यह सभी युद्ध से अलग युद्ध होने जा रहा है। इसका दो ही विकल्प है विजय या मृत्यु। आपलोगों में जिस किसी को भी शरीर प्यारा हो, घर प्यारा हो बंधु और धर परिवार प्यारा है वे लौट जाए। मैं बुरा नहीं मानूंगा। ताकि मैं जान सकू कि कौन मेरे साथ प्राण त्यागने को तैयार है। अगर मेरी इस बात को आपलोग अंदर-अदंर छिपाये रहे और युद्धभूमि में चले गये और वहां किसी को मैंने पीछे मुड़ते देख लिया तो अपने हाथों से ही उसका सिर काट दूंगा। यह अंतिम भाषण देने के बाद जब रावण युद्धभूमि में आया। राम ने देखा कि रावण पूरी तैयारी के साथ आया है। वे जान रहें हैं कि राम के अतिरिक्ता कोई उसका मुकाबला नहीं कर सकता है। रावण के आते ही वाणों की बरसात शुरु हो गयी। वॉनर भालू क ीसेना कटकर गिरने लगी मरने लगी। बार-बार रावण के वाणों को रोकते थे। रावण अनेक तरह का माया भी करता था। चूंकि राम धरती पर खड़ा होकर युद्ध कर रहे थे और रावण रथ पर वैठा था। यह देख विभीषणजी बोले प्रभु यह रावण रथ पर बैठा है और आप वि रथ के है। ऐसे में विजय कैसी होगी मुझे विजय पर संदेश हो रहा है । राम ने कहा विभीषण जी आप चिंता न करें। मैं जिस रथ पर चढ़ा हूं उसे आप नहीं देख पा रहें हैं मैं भक्ति के रथ पर चढ़ा हूं। मेरा कवज और शिरशास्त्र आप न देखे क्योंकि मैं गुरुभक्ति में कर रहा हूं। मेरे गुरु वशिष्ठ के अनुसार कर रहा हूं। गुरुभक्ति में भवसागर जितने की क्षमत होती है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

### कोस

**कोस** कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी। यह कहावत भारत की बोलियों और भाषाओं की विविधता में बसी खूबसूरती को दशार्ती है। अनेकों बोलियों और भाषाओं वाले देश में हमारी मातृभाषाएँ अलग हैं लेकिन एकत्व की भावना हम सभी में समान है। विश्व मातृभाषा दिवस पर सभी को शुभकामनाएँ।

**– परेस रावल, कलाकार**

### आपके ट्वीट

**राज्य** सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में यहां की जनजातीय भाषाओं एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर, इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया गया।

**-चंपई सोरेन, सीएम**





**महिला** दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

**– नरेन्द्र मोदी**

# खेती और किसान से जुड़े विरोधाभास का समाधान

**श्री निवास राधवन**

### सामयिक

**भारतीय** कृषि पर जानी-मानी ब्रिटिश विशेषज्ञ बारबरा हैरिस-व्हाइट ने हाल में बताया था, 'भारत में कृषि बाजार कैसे विकसित होते हैं और उनमें क्या कमजोरियां हैं।' बारबरा ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की मानद प्रोफेसर हैं। वह भारत की घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि बाजार सूक्ष्म बाजार हैं, जिन्हें बहुत सी पूंजी और तकनीक की जरूरत है और किसानों की आमदनी बढ़ाने की जरूरत है।

ज्यादा पूंजी, तकनीक और आमदनी की जरूरत समझी जा सकती है, लेकिन सूक्ष्म बाजारों की धारणा के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। वे न केवल समझ से परे हैं बल्कि उनके बीच संपर्क को भी नहीं समझा जा सकता है। इससे यह समस्या पैदा होती है कि उनके इस तरह से नहीं जोड़ा जा सकता है कि उन्हें एक बड़ा बाजार माना जा सके। नए कृषि कानूनों में यही किया गया है।

अगर आप इसे स्वीकार करते हैं तो दूसरा सवाल यह है कि अगर भारत के कृषि बाजार सूक्ष्म बाजार हैं तो उनमें मांग वक्र सपाट नहीं हो सकता है। अगर हम उन्हें बड़ा बाजार मानते हैं तो उनमें मांग वक्र सपाट होगा। एक सपाट वक्र का मतलब है कि इतने अधिक उत्पादक हैं कि उनमें से कोई भी अकेला कीमतों को प्रभावित नहीं कर सकता है। प्रत्येक उत्पादक बाजार कीमतों को स्वीकार करता है। लेकिन सपाट वक्र केवल बड़े बाजारों के लिए ही सही हो सकता है। किसी सूक्ष्म बाजार में न्यूनतम ढाल होना चाहिए क्योंकि उसमें बहुत कम विक्रेता होते हैं, जिनका कीमतों पर मामूली प्रभाव होता है। वे उतने शक्ति विहीन नहीं हैं, जितना उन्हें बनाया जा रहा है।

भले ही ढाल कितना ही छोटी हो, लेकिन जोखिम एवं उसके स्तरों को लेकर किसानों की धारणा में बड़ा बदलाव ला सकता है। जब आप हर साल औसतन प्रत्येक एकड़ से महज 20,000 रुपये की कमाई करते हैं तो आपकी जोखिम वहनीयता का स्तर छोटा होगा। इसका अपवाद पंजाब है, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की बदौलत बहुत से किसान पांच गुना तक कमाई करते हैं।

यह एमएसपी का मुख्य बिंदु है। यह मांग वक्र को कृत्रिम रूप से सपाट बनाकर इन बाजारों को जोखिम मुक्त बनाने की कोशिश करता है। साथ ही यह कॉबवेब सिद्धांत को गलत साबित कर भविष्य के बारे में उत्पादकों की धारणा को बदलने की कोशिश करता है। कॉबवेब सिद्धांत कहता है कि अगले साल का कृषि उत्पादन उस साल की कृषि कीमतों पर आधारित होता है।

इस तरह मेरी राय में एमएसपी, जिस स्तर पर आय के स्रोत को सुचारु करने की कोशिश करता है, वहां तक एक वेतन के समान है। प्रतिस्पर्धी बाजार बनाकर इसे कमजोर करना एक 'परिवर्तनशील वेतन' के समान है, जिसमें वेतन कर्मचारी के खुद के सीमांत राजस्व उत्पाद के अलावा अन्य चीजों पर निर्भर है। संयोग से परिवर्तनशील वेतन कंपनी की वास्तविक लागत घटाने का एक तरीका है, जो कृषि के मामले में सरकार है। प्रधानमंत्री ने भी ऐसी बात कही है।

लेकिन यह कल्पना कीजिए कि प्रतिस्पर्धी बाजार बनते हैं तो ढाल और उसके नतीजतन जोखिम धारणा का क्या होगा? अगर सभी बाजारों में कीमतें एकसमान होंगी तो किसी को नुकसान नहीं होगा। लेकिन अगर पड़ोसी बाजारों में अलग-अलग कीमतें होंगी और यदि यह अंतर खेत से उन तक परिवहन लागत से अधिक या कम होगा तो मांग वक्र का ढाल कैसा होगा? क्या इसी स्तर तक व्यक्तिगत किसान (अगर कीमत परिवहन लागत से अधिक है) या आढ़तिये (अगर कीमत परिवहन लागत से कम है) कीमत को प्रभावित कर सकते हैं?

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

#### तरक्की का रास्ता

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य किसानों को आर्थिक सुरक्षा तो देता है, मगर उनकी आय नहीं बढ़ती। किसानों को ऐसी फसलों की खोज करनी चाहिए जिन फसलों पर वह वैश्विक बाजार में अपनी सुदृढ़ पैठ बना सकें। किसानों को चाहिए कि जलवायु की विविधता का लाभ उठाकर ऐसी फसलों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जिनका पूरे वर्ष उत्पादन और निर्यात कर सके।

**– साकेत मुंडा, जमशेदपुर**

#### समृद्धि की राह

**कृषि** उत्पादों की अधिकता भी उसकी कद्र, मांग और मूल्य को घटाती है जो आज किसानों की बड़ी समस्या है। पूर्व खुद किसान नेता और अर्थशास्त्री भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भी किसानों को अधिक गन्ने की जगह दूसरी फैसलें उगाने की सलाह दी थी। उत्पादन और मांग का आपस एक बड़ा रिश्ता है। सरसता और ऊर्जा के साथ समृद्ध हो सकता है।

**– वेद सिंह रांची**

# देश की लोकतांत्रिक मजबूती से ही सभी उदेश्य पूरे होंगे

**डॉ वेदप्रताप**

### सामयिक

**दुनिया** के किन-किन देशों में कैसा-कैसा लोकतंत्र है, इसका सर्वेक्षण हर साल ब्लूमबर्ग नामक संस्था करती है। इस साल का उसका आकलन है कि दुनिया के 167 देशों में से सिर्फ 21 देशों को आप लोकतांत्रिक कह सकते हैं। 56 देश खुद को लोकतांत्रिक बताते हैं लेकिन वे लंगड़ाते हुए लोकतंत्र हैं। याने दुनिया के ज्यादातर देश या तो तानाशाही में जी रहे हैं या फौजशाही में या पाटीर्शाही में या परिवारशाही या राजशाही में ! अधिकारों का जब भी उल्लंघन होता है तो सरकारें, संसद और अदालतें उनका संज्ञान लिये बिना नहीं रहतीं। भारत को गर्व है कि आज तक उसमें फौजी तख्ता-पलट की कोई कोशिश तक नहीं हुई जबकि हमारे पड़ोसी देशों में कई बार तख्ता-पलट हो चुके हैं। इन देशों के संविधान भी कई बार पूर्णरुपेण बदल चुके हैं लेकिन भारत का संविधान अब तक ज्यों का त्यों है।

भारत के केंद्र और राज्यों में अक्सर सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन ऐसा बुलेट से नहीं, बैलेट से होता है। इसके बावजूद दुनिया के 167 राष्ट्रों की सूची में भारत का स्थान 46 वां क्यों है? वह पहला क्यों नहीं है? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह सबसे अच्छा भी क्यों नहीं है? जिन दस देशों के नाम इस सूची में सबसे ऊपर हैं, वे भारत के औसतन प्रांतों से भी छोटे हैं- जैसे नार्वे, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, आयरलैंड, ताइवान आदि! भारत गर्व कर सकता है कि चीन, जो कि जनसंख्या में उससे भी बड़ा है, वह घटिया लोकतंत्रों में 5 वें स्थान पर है। उसके पहले चार सीढ़ियों नीचे बैठे हैं- अफगानिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया और लाओस। अपने मित्र चीन से दो सीढ़ी ऊपर बैठा है, पाकिस्तान! इन राष्ट्रों में या तो तानाशाही का डंका पिट रहा है या फौज का! किसी देश में लोकतंत्र है या नहीं है और कम है या ज्यादा है, यह नापने का जो पैमाना है, उसके पांच मानदंड हैं।

एक, चुनाव प्रक्रिया, दो सरकारी काम-काज, तीन राजनीतिक भागीदारी, चार राजनीतिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता और पांच, नागरिक अधिकार! इन सब आधारों पर जांचने पर पता चला है कि अमेरिका जैसा समृद्ध राष्ट्र 26 वें स्थान पर है, भारत 46 वें पर और पाकिस्तान 104 वें स्थान पर है। पाकिस्तान में भी भारत की तरह चुनाव तो होते हैं लेकिन वहां भी अफ्रीकी देशों की तरह फौज का स्थान सर्वोपरि है। फौज पाकिस्तान की स्थायी महारानी है। सारी दुनिया की कुल आबादी में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जनता ही स्वस्थ लोकतंत्रों में रहती है। दूसरे देशों का जो भी हाल हो, हम भारतीयों की इस खोजबीन में लगना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र की बाधाएं क्या-क्या हैं? सबसे पहली बाधा तो यही है कि सभी पार्टियां प्रायवेट लिमिटेड कंपनियां बन गई हैं। उनमें आंतरिक स्वतंत्रता शून्य हो गई है।

दूसरा, हमारे यहां मतदान के आधार प्रायः मजहब या जात बन गए हैं। तीसरा, जन-प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार जनता को नहीं है। चौथा, देश का शासन, प्रशासन, कानून और न्याय सब कुछ अब भी पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में ही चल रहा है। पांचवां, हमारे नेताओं का ब्रह्म सत्य सत्ता और पत्ता है। लोक-कल्याण तो माया है। उसे नौकरशाहों के हवाले कर दिया गया है। छठा, देश की ज्यादातर जनता के लिए उचित परिमाण में शिक्षा, चिकित्सा और खुराक का इंतजाम अभी तक नहीं हुआ है। इन सवालों का जवाब कोई ढूंढे तो देश में सच्चा लोकतंत्र लाने में देर नहीं लगेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पाकुड़ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**पाकुड़।** राजमहल वलोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तिथि की भले ही अभी घोषणा न हुई हो। किंतु पाकुड़ पुलिस इसे लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पाकुड़ पुलिस पूरी तरह से वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए पूर्ण रूप से कटिबंध है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निर्देश पर नगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पाकुड़ शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्क निकल गया एवं लोगों को शांति का संदेश दिया गया। जनता इस बात से अवगत कराया गया कि लोग अपनी इच्छा से बिना किसी डर भय के भय मुक्त वातावरण में निसंकोच अपना मतदान करें। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की बात नहीं है। पुलिस की तैयारी पूरी है। फ्लेगमार्च हाटपाड़ा, अंबेडदकर चौक गांधी चौक विवेकानंद चौक होते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण किया एवं लोगों को शांति का संदेश दिया।

### घर से लाखो की चोरी

**बेरमो।** बेरमो थाना अंतर्गत बीती रात फिर एक बार अज्ञात चोरों ने करगली बाजार निवासी महेश कुमार के सूने घर का ताला तोड़कर गहना सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। महेश कुमार पूजा करने अयोध्या गए हुए थे। इसी दौरान चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया।

### रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने लगाया स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से क्लब के महिला समिति की अध्यक्षा नीलम दास के नेतृत्व में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सह सैनिटरी नैपकिन वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सिटी सेंटर में मंदिर के समीप जनवृत 4 स्थित सर्कस मैदान कुमार पेट्रोल पंप नया मोड़ और कोऑपरेटिव कॉलोनी के पास में रहने वाली कामगार महिलाओं के बीच करीब 275 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए और सभी को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। संध्या राज ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग हेतु प्रेरित किया। मौके पर अलका गुप्ता ललिता अग्रवाल खोनेंन लियू सपना सेठ शीला जायसवाल और सुनीता जैन ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### कनैल का बीज खाने से किशोर की मौत

**दुमका।** कनैल का बीज खाने के पांच दिन बाद इलाज के दौरान रविवार को मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाजरत जरमुंडी के बलुआटीकर निवासी 16 वर्षीय कार्तिक बाउरी की मौत हो गई। सूचना के बाद नगर थाना की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुट गई है। परिजन के अनुरोध पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव को परिजन के सौंप दिया। पिता श्रीकांत बाउरी ने पुलिस को बताया कि बेटा मानसिक रूप से ग्रसित था। किसी तरह घूमते हुए मजदूरी करता था। पांच मार्च की शाम उसने कनैल का बीज खा लिया। हालत खराब होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के क्रम में सुबह सात बजे के आसपास उसकी मौत हो गई।

# कुआं से पोल्ट्री फार्म के संचालक का शव बरामद

## घरवालों ने गांव के एक युवक पर जताया हत्या करने का संदेह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




विलाप करते परिजन एवं थाना में न्याय की गुहार लगाते परिजन।

**बासुकीनाथ।** उपराजधानी दुमका के जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना क्षेत्र में नवाडीह गांव में कुआं से शव मिलने से रविवार को सनसनी फैल गई। पुलिस पोल्टी फार्म के मालिक 38 वर्षीय जनार्दन यादव के रूप में शव का शिनाख्त की। मृतक के ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या करने की शंका जताई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस परिजनों को सौंप अनुसंधान में जुट गई है। सुबह गांव के लोगों ने कुआं में शव देखने के बाद तालझारी थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। घरवालों ने पुलिस को बताया कि जंगलपुर गांव के जनार्दन यादव का गांव में ही पोल्टी फार्म है। फार्म से होने वाली गंदगी को लेकर कुछ दिनों पूर्व नावाडीह गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। घरवालों का कहना है कि उसी युवक ने पहले जमकर पिटाई की और अधमरा होने के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए कुआं में फेंक दिया। स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों से मामले की जांच व अपराधी की धर-पकड़ को लेकर निर्देश दिया। जनार्दन यादव अपने पीछे पत्नी एवं एक 12 वर्षीय व एक 15 वर्षीय दो पुत्र को छोड़कर चला गया। वह घर का इकलौता कमाने वाला था। मौत के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मंत्री के प्रतिनिधि सत्यनारायण यादव ने शव का पोस्टमार्टम करा कर पार्थिव शरीर घरवालों को सौंप दिया। घरवालों ने थाना में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच करने की गुहार लगायी। मृतक के भाई दशरथ यादव ने बताया कि भाई का नावाडीह के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। पहले उसकी हत्या की गई और फिर आत्महत्या दिखाने के लिए शव को घर के पीछे कुएं में डाल दिया गया। मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार यादव ने बताया कि हत्या है या फिर हादसा, यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो जाएगा। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। एक व्यक्ति को थाना में रख कर पूछताछ की जा रही है।

## वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

# एलएजे ए की टीम ने 28 रनों से स्पॉटस जोन ए की टीम को हराया

**हर्षित सेन बने मैन ऑफ द मैच**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का उद्घाटन रविवार को गांधी मैदान में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक उमा शंकर चौबे, सचिव भास्कर अजित सिंह, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी एवं कार्यकारी सदस्य नसीम खान एवं सिकंदर बक्स मौजूद रहे। उदघाटन मैच एलएजे ए बनाम स्पॉटस जोन ए के बीच हुआ। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएजे ए की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 185 रन का लक्ष्य विरोधी टीम को दिया। जिसमे हर्षित सेन ने 44 एवं अभय गोराई ने 38 रन बनाए। स्पॉटस जोन ए की ओर से अर्णव हिमवान एवं विभु कुमार ने 2- 2 विकट हासिल किया। जवाबी पारी में उतरी स्पॉटस जोन ए की टीम ने मात्र 157 रन पर सिमट गई। स्पॉटस जोन ए की ओर से सूरज पाठक ने 26 रन एवं रजनीश ने 25 रन बना सके। एलएजे ए की टीम की ओर से समीर, ऋषि एवं चैतन्य बीर ने 2- 2 विकेट हासिल किये। मैच में हर्षित सेन को मैन ऑफ द मैच बने। हर्षित सेन को मैन आफ द मैच की ट्रॉफी एवं 500 रुपए नकद का पुरस्कार से सचिव भास्कर अजित सिंह ने सम्मानित किया।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट भाग लेने के लिए दुमका की टीम हुई रवाना

**दुमका।** राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए दुमका की टीम की रांची के लिए रवाना हुई। टीम मैनेजर रोनित कुमार सिंह के नेतृत्व में दुमका की टीम बस से रांची के लिए प्रस्थान किया। टीम की रवानगी के समय जिला क्रिकेट संघ सचिव भास्कर अजित सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी एवं उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने टीम को शुभकानांए देकर मौजूद थे।

### स्वयंसेवको ने कॉलेज परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत रविवार को स्वंयसेवकों ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई किया। इस अवसर पर प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह के उपस्थित रहे। सफाई अभियान एनएसएस इकाई-4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशांत पातर के देख रेख में हुई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने नियमित रुप से स्वच्छ रखने का शपथ लिया। मौके पर स्वयंसेवकों में अशोक मुर्मू, किंशुक पाल, अमन खान, रित्तिक चौधरी अमित राणा, केशव दास, नुपुर भंडारी, कृष्णा आदि मौजूद थे।

# उपराजधानी में श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम को लेकर रविवार को निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथ में पताका ले कर विभिन्न मार्गो से गुजरे। निशान यात्रा में पांच सौ ज्यादा श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया। निशान यात्रा छोटी ठाकुरबाड़ी से निकाली गयी। शहर के अग्रसेन भवन, नीचे बाजार, मारवाड़ी चौक, बड़ी ठाकुर बाड़ी, टीन बाजार और टाटा शोरूम होते हुए दादी श्याम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुआ। निशान यात्रा में श्याम भक्तों के बीच उत्तर प्रदेश सुल्तान नगर आऐ हुए कलाकारों के द्वारा शिव तांडल सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। निशान यात्रा में सूरजगढ़ राजस्थान से भी कलाकार श्याम भक्त पहुंचे हुए थे। यात्रा के दौरान श्याम भक्तों पर फूलों की बारिश एवं अबीर गुलाल उड़ाते चले जा रहे थे। दादी श्याम मंदिर में निशान यात्रा संपन्न होगा। सोमवार को मंदिर परिसर में पूजा कार्यक्रम चलेगा। सोमवार की रात में दुमका के यज्ञ मैदान में अखंड कीर्तन में कलाकार प्रस्तुति देंगे। उसके बाद ईष्ट देव खाटू नरेश को 56 भोग लगाया जाएगा। रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। भक्ति जागरण एक शाम दुमका नरेश के नाम से आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई बड़े कलाकारों के गीतों पर श्याम भक्त रात्रि जागरण करेंगे। आज जिसमें कलाकार विशाल शैली, रेशमी शर्मा, पंकज अग्रवाल, आर्दश-अनुभव के द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन करेगें। कार्यक्रम में बाबा का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी, श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा। निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्तों के बीच शरबत फल बांटे व शर्बत पिलाया। मोदी परिवार की ओर से शरबत भक्तों को पानी भी पिलाया गया। साथ ही शहर के सभी चौक-चौराहों पर श्याम भक्तों के द्वारा फल, शर्बत के स्टॉल लगाए गए थे।

### चास प्रखंड के जयतारा में पैडल संचालित अगरबत्ती बनाने की मशीन का वितरण



**बोकारो।** चास प्रखंड के जयतारा गांव में खादी ग्राम उद्योग एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत महिला स्वावलंबन हेतु पैडल संचालित अगरबत्ती बनाने की मशीन का वितरण किया गया। मौके पर खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार इन बहनों को अगरबत्ती बनाने में उपयोगी कच्चे माल हेतु प्रत्येक के बैंक खाते में तीन हजार रुपए भी भेजेगी। मोदी सरकार के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खादी ग्राम उद्योग के द्वारा गांगजोरी में 50 कुम्हारन को दी गई इलेक्ट्रिक चाक मशीन व सिलाई मशीन का एक महीने का प्रशिक्षण भी कराया गया। भाजपा बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि विधायक अमर बाउरी के कार्यकाल में केन्द्र की मोदी सरकार सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर रोजगार के साधन उपलब्ध करा रही है। मौके पर आयोग के सहायक निदेशक रवि मल्होत्रा, सुनील मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, पंचानन महतो, राज सिंह, राघव मिश्रा, देवीलाल महतो, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार एवं लाभार्थी अनीशा देवी, सुलोचना देवी, काजल कुमारी, सुनीता देवी, अनिता कुमारी, अल्का देवी, भानु देवी, लक्ष्मी कुमारी, दीपाली कुमारी, रेवती देवी, निहित देवी, निभा देवी, पूर्णिमा देवी, पदल देवी, पानी देवी, सारधी देवी, रिंकू देवी, पमोला देवी, गंगा देवी, सिद्धू देवी, आदि मौजूद रहे।

# लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़।** जिले के अमड़ापाडा में बीते शनिवार को जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड थाना क्षेत्र के पचुवाड़ा पंचायत के अमड़ाटोला निवासी शंकर भगत के किराना दुकान से देसी कट्टा दिखाकर 38 हजार की लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उपरोक्त मामले में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते शनिवार सुबह 9:00 बजे शंकर भगत के किराना दुकान से 38 हजार की लूट की घटना को अंजाम दे रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है बाकी दो आरोपी फरार हैं। पुलिस ने बताया कि एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठन कर छापेमारी की गई जिसमें गांव के पास एक आदमी को पकड़ कर रखा गया था उसे अपने हिरासत में लिया और आवश्यक पूछताछ भी किया घटना से संबंधित आवश्यक जानकारी और गिरफ्तार व्यक्ति एमेली मरांडी लिट्टीपाड़ा क्षेत्र के जीतपुर का निवासी बताया जा रहा है और इस तरह के अपराध में भी कई घटना को अंजाम दिया है। एमेली मरांडी का पूर्व में इतिहास दे रहा है। उसने अपने बयान में स्वीकार है कि हम और मेरे साथी लेटबाड़ी निवासी सुरेश साह और तोड़ाई निवासी ठाकुर टुडू मिलकर इस तरह का घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस ने बताया कि बाकी दो भागे हुए आपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है जल्द ही बाकी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# मोदी के शासनकाल में पूरे देश में हुए हैं अभूतपूर्व कार्य : स्वतंत्र देव सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़।** विकसित-भारत मोदी की गारंटी कार्यक्रम के साथ युवा, महिला एवं जनजाति बंधुओं के साथ संवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने दो दिवसीय दौरे पर पाकुड़ पहुंच कर पाकुड़ परिसदन में प्रेस वार्ता क्रम में मिडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 वर्ष के शासनकाल की उपलब्धियां गिनाई, वृतांत रखें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। हमारे आदिवासी-जनजाति समाज के जल, जंगल, जमीन की लड़ाई को समाज में उचित स्थान दिलाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक बिरसा मुंडा जी के सम्मान में मोदी ने अनेक कदम उठाएं है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत की प्रथम अनुसूचित जनजाति समुदाय की महिला राष्ट्रपति निर्वाचित हुई है। 'स्टैंड अप इंडिया' योजना के माध्यम से 10 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। 30 लाख से अधिक अनुसूचित जनजाति के छात्रों को प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति देने का कार्य मोदी सरकार ने किया। 740 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थापित करने का काम जारी है। रॉची में एक विशाल कैंसर हॉस्पिटल तैयार हुआ। देवघर में एम्स का निर्माण कोडरमा और चाईबासा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। जमशेदपुर, देवघर, दुमका, बोकारो में नए एयरपोर्ट की सौगात मिली। रांची-पटना, रांची हावड़ा के बाद अब झारखंड की जनता को नई वंदे भारत रांची-बनारस की सौगात मोदी आगामी 12 मार्च को देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया की ताकत से आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक देश बन गया है। 1,17,000 से अधिक 'स्टार्टअप' से युवा आत्मनिर्भर हुए है। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आज देश में हर सप्ताह एक नई यूनिवर्सिटी, हर तीसरे दिन एक अटल टिकरिंग लैब, हर दो दिन में एक नया कॉलेज, हर दिन एक नई आईटीआई की स्थापना और हर साल एक नया कक्ष्ठ और एक नया कक्ष्ट बन रहा है। मोदी सरकार द्वारा अब तक 7IIT, 16 III-T, 15 एम्स और 7 IIM खोले गए हैं। मोदी सरकार के 10 वर्षों में 41 आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें, 75 से अधिक नए एयरपोर्ट, वर्ष 2014 के मुकाबले हाईवे के निर्माण में ढाई गुना की बढ़ोतरी, डिजिटल इंडिया आदि विशिष्ट एवं बहुआयामी कार्य विकसित भारत बनाने के मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।अब तक 51 करोड़ से अधिक जन धन खाते खुलवाने, 11 करोड़ 72 लाख शौचालय का निर्माण, 9 करोड़ 60 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन, 2 करोड़ 50 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ, सौभाग्य योजना के तहत 2 करोड़ 86 लाख से अधिक परिवारों के घर बिजली पहुंचने का कार्य, आयुष्मान भारत योजना के तहत 22 करोड़ गरीब लोगों को चिकित्सा खर्च के बोझ से राहत दिलाने का कार्य, प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने पूरे संवाददाता सम्मेलन मे मोदी जी की गुणगान की। पत्रकारों के सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं रहा। महंगाई आदि की मुद्दे पर वे कोई सार्थक जवाब नही मिला। डीजल पेट्रोल के दामों के बढ़ोतरी के संबंध में भी उन्होंने गोल मटोल जवाब दिया। राजमहल लोक सभा से संबंधित उन्होंने कोई चर्चा नहीं हुई। पत्रकार पूछते रहे किंतु उनके बात को अनसुना कर दिया गया। उनसे पूछा गया रेल की बहुत विकास हो रही है। किंतु पाकुड़ कई ट्रेनें बंद हो गई है। आज भी कई गाड़ियों में पैसेंजर ट्रेन में एक्सप्रेस का भाड़ा लग रहा है। पाकुड़ से पटना तक जाने की भी कोई सुविधा नहीं है। यह कैसा विकास हो रहा है? पत्रकार कई सवाल अपने मन में लेकर गए थे किंतु उनके सवाल उन तक ही सीमित रहा। वह पूछते रहे किंतु कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने देश के सारे विकास का श्रेय मोदी जी को दी। उक्त प्रेस वार्ता में जल शक्ति मंत्री (उ.प्र.) सिंह के साथ मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, भाजपा पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय एवं जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय मौजूद रहे।

एक नजर में

### बोकारो चैप्टर ऑफ आईसीएमएआई द्वारा वर्तमान बजट के पर सेमिनार का आयोजन

**बोकरो।** आईसीएमएआई के बोकारो चैप्टर ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स के तत्वावधान में स्थानीय बोकारो क्लब के सभागार में वर्तमान बजट के प्रमुख बिंदुओं इनडायरेक्ट टैक्स के परिपेक्ष्य में अंकेक्षण एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लागत लेखाकार सह बीएसएल के वित्त व लेखा विभाग के सीजीएम सुजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त व लेखा विभाग के पूर्व सीजीएम सुरेंद्रनाथ चौबे आईसीएमएआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर अभिजीत गोस्वामी दक्ष वक्ता यूके शाह एवं बीपी आनंद सहित अनेक लागत लेखाकार बीएसएल वित्त व लेखा विभाग के वरीय अधिकारीगण चंद्रपुरा धनबाद हजारीबाग रांची टाटा व समीपवर्ती चैप्टर के लेखाकार निजी प्रैक्टिस कर रहे लागत लेखाकार लागत लेखांकन प्रशिक्षु व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। चैप्टर के सचिव रमेश चंद्रा ने चैप्टर की उपलब्धियां की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के सेमिनार के आयोजन हेतु बोकारो चैप्टर एवं इससे जुड़े लोग व अन्य के प्रयास सराहनीय हैं। वक्ता यूके शाह ने वर्तमान बजट एवं इनडायरेक्ट टैक्स के संबंध में आंकड़ों के साथ विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र में वक्ता बीपी आनंद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### डीपीएस बोकारो सीखा रहा ग्राफिक डिजाइन व ई वेस्ट मैनेजमेंट के तरीके

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप कुशल युवाओं की पीढ़ी तैयार कर कुशल भारत के निर्माण में सतत प्रयासरत है। विद्यालय को पीएमकेवीवाई 3.0 के बाद 4.0 के लिए भी केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है।स्किल हब के रूप में अधिकृत सेंटर के तहत आज यहां दर्जनों युवा ग्राफिक डिजाइन और ई वेस्ट प्रबंधन के गुर सीखते हुए स्वावलंबन की राह पर बढ़ चले हैं। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत दो ट्रेड-ग्राफिक डिजाइनर और ई वेस्ट हैंडलर संबंधी तकनीक विशेष प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई जा रही है। विद्यालय के समुन्नत कंप्यूटर लैब में युवक युवतियों को ग्राफिक डिजाइन का कोर्स कराया जा रहा है। कोर्स के तहत प्रशिक्षु लोगो डिजाइन फ्लेक्स व बैनर निर्माण सहित अन्य क्रिएटिव आर्ट सीख रहे हैं।

### सांसद और विधायक ने किया भवन का उद्घाटन



**बेरमो।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड स्थिति तेनुघाट पंचायत अंतर्गत तेनुघाट एफ टाईप नियोजनालय के पास सहकारिता विभाग साह सहायक निबंधक सहयोग समिति भवन का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, जिला परिषद सदस्य माला देवी, पसस अजित कुमार पाण्डेय सहित पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से विधिवत पुजार्चना एवं नारियल फोड़कर शुभ उद्घाटन किया। वही डॉ महतो ने बताया की तेनुघाट के लिए ये गौरवा की बात है की पंचायत मे इस भवन का उद्घाटन किया गया। अब लोगो को आसान होगा निबंधन कराने मे इस मौके पर अधिवक्ता संघ के सचिव वकील प्रसाद महतो, सेवी संतोष कुमार श्रीवास्तव, नितेश कुमार, चन्द्रिका यादव, जितेंद्र यादव, तेजनारायण तिवारी, रामचंद्र यादव, केदार यादव, दुलारचंद्र यादव, पिंकू घोष, छोटी रजक, रुपेश कुमार, पंकज पाठक, राजू सिंह, सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिप अध्यक्ष ने किया अम्बेडकर भवन का शिलान्यास



**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के ग्राम मियाबांध में 15वें वित्त आयोग जिला परिषद अंतर्गत आवद्ध अनुदान मद योजना से अम्बेडकर भवन मियाबांध का शुभ शिलान्यास बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी व जिपसदस्य आकाश लाल सिंह, मुखिया पार्वती देवी व पंसस महेश रविदास ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा यहां के ग्रामीणों की अंबेडकर भवन निर्माण की वर्षों पुरानी मांग थी। जिसका शिलान्यास आज रविवार को किया गया। कहा कि बोकारो जिला क्षेत्र अन्तर्गत पंचायत के विभिन्न गांवों टोलों में प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की सहयोग से हर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारी जा रही है। इसके अलावा उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौराकर 15वें वित्त आयोग जिला परिषद से कई योजनाओं का शिलान्यास की। मौके पर विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने जिप अध्यक्ष, जिप सदस्य को बुक्के देकर व माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष चितरंजन साव, उपमुखिया पंकज कुमार जैन, मेही लाल रविदास, रोहित लाल रविदास, रामदेव रविदास, बोध राम रविदास, मुन्ना रविदास, मनोज रविदास, अरुण ठाकुर, जयकरण रविदास समेंत कई लोग उपस्थित थे।

### आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के प्रतीक हैं: योगेन्द्र



**बेरमो/ललपनिया।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने रविवार को गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत बड़कीपुन्नू के रजरप्पा रोड स्थित सरना स्थल पहुंचे। सार्वजनिक सरना आदिवासी युवा समिति बड़कीपुन्नू द्वारा आयोजित सरना प्रार्थना सभा व झंडागाड़ी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान में उन्होंने पूजा स्थल में मत्था टेका एवं क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की मंगलकामना की। उन्होंने आदिवासियों को अवसर की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समिति द्वारा मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री महतो जी को पारंपरिक वस्त्र एवं बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।उन्होंने कहाकि आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा हजारों सालों से अक्षुण्ण है। सदियों से आदिवासी संस्कृति और परंपरा का आज भी उसके मूल स्वरूप में ही निर्वाहन कियाजाना गर्व का विषय है। आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के प्रतीक हैं।साथ में पूर्व मुखिया संजय साव, पंचायत समिति सदस्य निमाई सिंह, कुलदीप शर्मा, मुरली साव, मुंशी महतो, शंकर करमली, प्रकाश प्रजापति सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

### खेल प्रतिभाओं को मिल रहा है बढ़ावा : नियोती



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में भूतपूर्व सरपंच व समाजसेवी स्व सुरेश कुमार जायसवाल की पुण्यतिथि पर 10 मार्च से आयोजित होने वाले सात दिवसीय प्रहरी मेला के मौके पर आयोजित प्रहरी कप क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी ने किया। उद्घाटन मैच केसीसी कसमार एवं सिंहपुर की टीम के बीच केसीसी कसमार की टीम ने सिंहपुर को 23 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कसमार के जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मौके पर नियोती कुमारी ने कहा कि खुशी की बात है कि इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेल रहे हैं। इसलिए इस मेला और खेल आयोजनों को हमें और भी बढ़ावा देने की जरूरत है। मौके पर सिंहपुर के पंचायत समिति पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल सदस्य विनोद कुमार महतो पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार कपरदार पूर्व मुखिया रामसेवक जायसवाल अशोक कुमार सिंह संजय जायसवाल संजय राय राजेशकुमा राय पंकज कुमार जायसवाल कपिलेश्वर महतो भोला प्रसाद खेल प्रभारी रमेश चंचल सौरभ राय तुषार जयसवाल विष्णु जायसवाल शिवराम अड्डी प्रेम राय राजा राय आदि मौजूद थे। अंपायर की भूमिका हेमंत महतो व अविनाश राय ने निभाई।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने किया प्रभारी का स्वागत



**मेदिनीनगर।** झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी के मेदिनीनगर सर्किट हाउस पहुंचने पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### प्रमुख ने किया सांसद को सम्मानित



**पाटन पलामू।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने भाजपा से पुन: बीडी राम को टिकट देने पर बुके देकर सम्मानित किया। प्रमुख ने कहा कि सांसद बीडी राम पलामू के लोकप्रिय सांसद हैं। उन्होंने पलामू के विकास के लिए बहुत काम किये। इनके काम के आधार पर इस बार भी पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता लोकसभा चुनाव में बीडी राम को अपार मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करेगी।

### फरार अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के नवागड में पांकी थाना के एसआई ददन राम गोड, रामलाल यादव, झरिया बरला ने पास्को एक्ट के फरार अभियुक्त के घर जाकर इश्तहार चिपकाया। कांड संख्या 113/ 24/ 16/ 9/2023 धारा 376 दंडनीय 418 फरार अभियुक्त को कई बार नोटिस भेजा गया लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय ने राहुल वर्मा पिता अनिल राम के घर जाकर इश्तहार सटवाया। अगर अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ तो कुर्की जब्त भी की जायेगी।

### दो आरोग्य दूत जिला स्तर पर सम्मानित



**मेदिनीनगर।** जिला स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर रजवाडीह मवि रजवाडीह के दो आरोग्य दूत शिक्षक प्रियंका कुमारी व विजय ठाकुर को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा-आठ के आरोग्य दूत कली कुमारी व प्रिंस कुमार भी शामिल हुए। सिविल सर्जन व डीएसई ने जिला के प्रत्येक प्रखंड के एक उत्कृष्ट विद्यालय के दो-दो अर्थात कुल बयालीस आरोग्य दूतों को सम्मानित किया। प्राचार्य परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा, पूनम रानी, एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी व संयोजिका पार्वती देवी ने दोनों शिक्षकों व विद्यार्थी को बधाई दी है।

### बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल बनेंगे : भरत सिंह



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर-सरईडीह मुख्य पथ मंदेया नदी के समीप एस एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना कर की गयी। ज्ञात हो कि नगर क्षेत्र में शिक्षा के अलख जगाने को लेकर कई बुद्धिजीवी लोग आगे आकर समाज को शिक्षित करने का काम जोरदार तरीके से कर रहें हैं। इसी वर्ष कई नए विद्यालय भी शहर के चारों ओर खुले हैं। संचालक भरत सिंह ने कहा कि यह विद्यालय नगर क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थापित की गयी है। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के अलावे हर क्षेत्र में अव्वल बनाया जायेगा।

### 106 मास्टर प्रशिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु एक सौ छह मास्टर प्रशिक्षकों को समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में प्रशिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षक सभी मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देंगे। मौके पर जिला प्रशिक्षक मनु तिवारी, परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अजातशत्रु सिन्हा, अशोक सिंह व अमरेंद्र पाठक ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में आचार संहिता, ईवीएम का संचालन, प्रपत्रों का संधारण तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व त्रुटि रहित मतदान की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, बीडीओ, सीओ, रामलखन राम, धनंजय कुमार सिंह और इंद्रदेव राम भी थे।

### प्रांत बैठक और संघ के समन्वय बैठक की तैयारी को लेकर विहिप की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के जिला समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। 15 मार्च से होने वाले प्रांत कार्य समिति की बैठक और 13 मार्च के होनेवाली संघ के समन्वय बैठक में सामिल होने से पहले रणनीति बनाई गई। प्रांत बैठक में जाने से पहले पिछले छः महीने के किए गए कार्यों का समीक्षा किया गया। आगामी लोक सभा चुनाव को ले कर 13 मार्च को होने वाले संघ के समन्वय बैठक की भी तैयारी की गयी। सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। जिला में विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। सभी सदस्यों को इसको शीघ्र समाप्त कर कूपन जमा कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, छतरपुर संयोजक बिट्टू जॉन, दिलीप गिरी, प्रकाश विश्वकर्मा शामिल थे।

# नकाबपोश को बिना चेहरा पहचाने वोट न देने दें : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

- पलामू लोकसभा बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ने शिवाजी मैदान में पलामू लोकसभा बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया। सम्मेलन में पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथ के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे। जिन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में कार्य कैसे करना है। मतदाताओं के बीच जाकर क्या करना है तथा उन्हें कैसे समझाना है समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कार्य पन्ना प्रमुख का होता है।

पन्ना प्रमुख तीन बार मतदाताओं के बीच जायें और उन्हें पार्टी एवं प्रत्याशी के अलावे चुनाव चिंह की जानकारी दें। पन्ना प्रमुख पुरुष व महिला दोनों का महत्वपूर्ण होता है। पुरुष बैठक तक सीमित रहते हैं जबकि महिला प्रमुख घर के चौकठ तक जाती है। उक्त बातें राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रभारी डा लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शिवाजी मैदान में आयोजित बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

## कार्यकर्ताओं की बदौलत ही दूसरी बार जीता आम चुनाव : बीडी राम

- पलामू लोकसभा बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिवाजी मैदान में सफल
- चुनाव में पन्ना प्रमुख का महत्वपूर्ण कार्य : लक्ष्मीकांत वाजपेयी



**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में भाजपा ने पलामू लोकसभा बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया। जिसका उद्घाटन झारखंड प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, आदित्य साहु, सांसद बीडी राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के स्नेह व आशीर्वाद व उनके मेहनत के बल पर मैं दो बार सांसद बना। साथ ही पुन: तीसरी बार केंद्रीय नेतृत्व एवं चुनाव संचालन समिति तथा झारखंड प्रदेश की टीम ने मुझ पर भरोसा जताते हुए पुन: टिकट देने का काम किया। इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। पार्टी के साथ ही साथ कार्यकर्ताओं के कसौटी पर भी पुन: खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने कहा कि देश आजादी के बाद विगत 10 वर्षों में जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया वह आज तक किसी प्रधानमंत्री ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का या सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने का काम किया हो।

**...और क्या बोले प्रभारी :** कार्यकर्ताओं से श्री वाजपेयी ने कहा कि चुनाव में पन्ना प्रमुख का महत्वपूर्ण कार्य होता है जो एक पन्ना में दर्ज 15 घर के परिवार से संपर्क करते हैं। इन्हीं के बदौलत मतदाता विशेष रूप से जागरूक होते हैं। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साबित हुए जो अपने साहस के बल पर समुद्र के तल पर जाकर भेंट द्वारिका में भगवान श्रीकृष्ण को मोर का पंख भेंट कर आये।

**विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के एक ऐसे सिपाही के रूप में साबित हो रहे हैं जिन्होंने देश के सुदूरवर्ती गांवों में रहनेवाले लोगों के घर का दरवाजा खटखटा कर उन्हें लाभांवित करने का काम किया है। चाहे आयुष्मान कार्ड हो, उज्ज्वला योजना हो, किसान सम्मान निधि हो या पेंशन योजना हो। केंद्र की सारी योजनाओं से आच्छादित किया है।

**भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही** ने कहा कि पलामू के लोग अपने हक व अधिकार के लिए ईश्वर से भी लड़ लेते हैं। उसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता समर्पण भाव से पार्टी कार्य में लगकर चुनाव जीतते हैं। इसलिए पहुना बीडी राम को इस बार 10 लाख मतों से विजयी बनाना है। **विधायक आलोक चौरसिया** ने सांसद बीडी राम को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस बार डालटनगंज विधानसभा से रिकार्ड मतों से जिताया जायेगा। इंडिया गठबंधन बनाकर लोग देश को लूटने के लिए जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

## पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए खुशखबरी
# पंजरी कला-लालगढ़ में होगा एलएचएस का निर्माण: सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू जिला अंतर्गत पंजरी कला एवं लालगढ़ में एलएचएस निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने 9 मार्च 2024 को दे दी है। दोनों स्थानों पर निर्माण हेतु 12 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए की राशि की भी स्वीकृति हो चुकी हैं। विदित है कि उक्त दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण का जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में सांसद के द्वारा वर्ष 2014 से ही लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत मामले को उठाया गया था।



मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर निर्माण का मांग किया गया था। उपरोक्त दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण होने से वहां की जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद किया है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# मिलकर करना होगा काले कानून का विरोध : अरुणा

- नया लीज दर लागू होने से कई होंगे बेघर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू उपयुक्त के द्वारा भेजे गये लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार से अनुमति देने का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि प्रशासन एवं सरकार लीजधारियों के साथ मनमानी कर रही है। एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नये-नये नियमों का नोटिफिकेशन जारी कर रहा है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीजभूमि दर पर दर बढ़ते जा रही है जिससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ हो रहे हैं। कहा कि मैं भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में थी और मैंने दर बढ़ाने के मुद्दे का पुरजोर विरोध करते हुए अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त को कहा था।



प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने 2/4 रुपया रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दोगुना करने की शर्त साथ ही बिना उपायुक्त के अनुमति लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपये फाइल का प्रावधान करते हुए लीजधारियों के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया गया था। बाद में जब सारा शहर बस गया और लोगों ने उस भूमि पर क्षमता के अनुसार लाखों, करोड़ों रुपये लगा दिये, तब अचानक बिना लीजधारियों की सहमति के अपने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट को तोड़ते हुए सलामी के साथ कई शर्त लगाते हुए लंबा चौड़ा लीज दर का निर्धारण कर दिया गया और यही लीज दर एवं भूमि दर बढ़ाते बढ़ाते इतना कर दिया गया जितने में लोग आज कांके रोड रांची में केवाला पर भूमि खरीद सकते है। प्रथम महापौर ने कहा कि हद तो तब है जब लीजधारी जिनका लीज 5/10 साल पहले खत्म हुआ और समय पर उन्होंने लीज नवीकरण के सभी प्रावधानों को पूरा करते हुए ससमय अप्लाई भी किया उसके उपरांत खास महल पदाधिकारी द्वारा भेजी गई सहमति पत्र पर सहमति भी दी गयी, लेकिन आज तक नवीनीकरण नहीं किया गया। वर्षो से फाइल पड़ा है अगर उस वक्त लीज किया जाता तो उस वक्त के लीज प्रावधान के तहत उस वक्त के भूमि दर पर लीज हो जाता जो काफी सस्ता पड़ता।

# महिलाओं के संवर्द्धन से ही देश होगा समृद्ध : डॉ शशिभूषण

- विधायक ने महिलाओं के आजीविका के लिए पहले चरण में छह हजार सिलाई मशीन का वितरण किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सिलाई मशीन वितरण करते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**मेदिनीनगर/ सतबरवा।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सखी मंडल की बहनों के आजीविका संवर्द्धन के लिए पहले चरण में 6 हजार सिलाई मशीन का वितरण रविवार को किया। पहले चरण में सतबरवा के रेवारातु, घुटुआ, धावाडीह, बोहिता तरहसी प्रखंड के टरिया के महिलाओं के महिलाओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि कहा कि राष्ट्र है तभी हम हैं 75 सालों में कोई विधायक हमारी महिलाओं को कुछ नहीं दिया केवल वोट लेते रहे और आपका भाई विधायक हर बहनों को कुछ न कुछ देने का काम कर रहा है। डा मेहता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की है। महिलाओं के संवर्द्धन से ही देश में समृद्धि आएगी। जब देश की आधी आबादी आत्मनिर्भर बनेगी तभी देश में खुशहाली आ सकती है। विधायक ने कहा कि आजादी के बाद आज तक जो सम्मान महिलाओं को नहीं मिला था वह सम्मान पीएम मोदी ने दिया है। देश में पहली बार महिलाओं के सम्मान देने के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को रसोई गैस देने का काम किया। झारखंड में जब भाजपा की सरकार थी तो महिलाओं को सम्मान बढ़ाने के लिए महिलाओं का जमीन रजिस्ट्री एक रूपए कराया जा रहा था। जिसे वर्तमान की महिला विरोधी सरकार ने इसे बंद करने का काम किया।

**खास बातें :** मौके पर प्रमुख सुनील पासवान, आशा देवी, धवाडीह मुखिया रिंकी यादव, अनिता देवी, लाला प्रसाद यादव, प्रकाश मेहता, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा, लाला प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी,बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, कमेश यादव, राजेन्द्र सिंह चेरो, अजय पासवान, शंकर शुक्ला, दिलीप मेहता, अरविंद मेहता, देवराज कुमार, गोपाल यादव, मिथलेश पासवान, अखिलेश चंद्रवंशी, चंदन सिंह, वशिष्ठ मेहता, सुधीर तिवारी, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, शंकर शुक्ला, कामेश यादव, अजय पासवान, कार्तिक सिंह, प्रभा देवी, अनिता देवी, संजय चंद्रवंशी समेत सखी मंडल की महिलाएं व अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड अध्यक्ष ने किया सांसद का भव्य स्वागत



**पाटन पलामू।** पलामू से तीसरी बार भाजपा से सांसद बीडी राम को टिकट मिलने पर पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह एवं पाटन भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बीडी राम को फुल माला देकर सम्मानित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण कर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने बीडी राम को टीकट दीये जाने पर खुशी जतायी है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पलामू सांसद बीडी राम बहुत ही जुझारू नेता हैं। उनके कार्यकाल में रोड, बिजली सहित कई योजनाओं का जाल बिछाया गया है। सांसद श्री राम को पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता इस बार में भारी मतों से जिताकर संसद भेजने का काम करेगी।

### कविंद्र बने आजसू के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष



**मोहमदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज में आजसू की प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता के नेतृत्व में कमेटी बनायी गयी, जिसमें अध्यक्ष कवींद्र कुमार, सचिव इंद्रजीत कुमार, उपाध्यक्ष कमलेश पासवान, कोषाध्यक्ष रमेश यादव बनाये गये। साथ ही एक माह के अंदर प्रखंड और पंचायत कमेटी बनाकर पार्टी को मजबूती देने पर जोर दिया गया। केंद्रीय सचिव ने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार किसी काम की नहीं है।

### महुदंड के आदिवासियों की मांग का ख्याल रख लगायी गयी धरती आबा की प्रतिमा : विधायक



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य पंचायत महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत एनसीपी कार्यकर्ताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि महुदंड आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। यहां के लोगों की मांग पर उन्होंने विधायक कोटा की राशि से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कराया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुंडा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह राज्य की जनता के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से खुशहाल झारखंड के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## रामकथा से भक्तिमय हुआ जपला

- मर्यादा पुरूषोत्तम राम के आदर्शों से मनुष्य का चरित्र निर्माण संभव है: देवी शिखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** यह वर्ष प्रभु श्री राम वर्ष के रूप में जाना जाएगा। हजारों वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर हमसभी देशवासी देख पा रहे हैं। प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। हम सब मे राम हैं। कण-कण में राम हैं। भाई से भाई का प्रेम, एक पुत्र का पिता के प्रति कर्तव्य को चरितार्थ करने वाले मार्यदा पुररुषोतम श्रीराम हैं। ये बातें वृंदावन धाम की देवी शिखा चतुर्वेदी ने कही है। वे स्थानीय गांधी चौक के समीप स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर की वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा में बोल रहीग थीं। इसके पूर्व रामकथा की शुरूआत प्रभु श्रीराम के आरती व मंगलाचरण के साथ की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला- पुरूष मौजूद थे।

### स्कूल में पानी किल्लत जल्द दूर करने की मांग

**पाटन पलामू।** कस्तूरबा विद्यालय में पानी किल्लत दूर करने व सुरक्षा को लेकर चहारदीवारी उंचा करने की मांग वार्डेन सुषमा कुमारी ने प्रखंड प्रमुख व बीडीओ से की है। वार्डेन ने दोनों को दिये आवेदन में कहा कि उक्त विद्यालय पहाड़ी के नीचे स्थित होने से पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। इससे स्कूल में पानी की किल्लत हो गयी है। इससे बच्चों को पानी उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। उन्होंने स्कूल परिसर में डिप बोरिंग कर पानी किल्लत दूर करने व स्कूल की चहारदीवारी पांच फीट और उंचा कराने की मांग की है।

### पूर्णाडीह में कलश यात्रा के साथ नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्णाडीह गांव में श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 40वां अधिवेशन का आयोजन किया गया है। जिसके तहत रविवार को शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा का उद्घाटन पांकी विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कलश लेकर किया। इसके पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला-पुरुष कलश लिये चल रहे थे। सभी कलश धारी गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मलय नदी पहुंचे। इस दौरान जय श्री राम, के उद्घोष से क्षेत्र गुंजयमान रहा। आसपास लोगों में श्रद्धा भक्ति दिखी। जहां पंडित प्रवीण मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मलय नदी से कलश में जलभरी की गयी।

# 2024 में भाजपा को हटाना होगा तभी देश और संविधान सुरक्षित रहेगा : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

**रामगढ़, पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक का नेतृत्व में रामगढ़ प्रखंड से भाजपा हटाओ देश बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पलामू जिला के सभी प्रखंड पंचायत में आयोजन किया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की जो केंद्र में सरकार है उनकी जन विरोधी नीति एवं लोगों को मुंगेरीलाल की हसीन सपने दिखाये थे। उसका पर्दाफांश होगा। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आज मोदी जी अपनी गारंटी की बात कर रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि 2014 एवं 2019 में जो उन्होंने गारंटी दिया था लोगों को कि हम प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का काम करेंगे महंगाई खत्म करेंगे भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे किसानों की आई दुगनी करेंगे महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करेंगे यह सब गारंटी का क्या हुआ। पहले यह सब गारंटी का जवाब दें। देश के लोगों को तब अपनी नई गारंटी के बात करें चुनाव आता है लोगों को मुंगेरीलाल की हसीन सपने दिखाने निकल पड़ते हैं। देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री 2024 में भाजपा को हटाना होगा तभी देश और संविधान सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने किया।

**खास बातें :** मौके पर शिक्षा विभाग के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद तिवारी, बिमला कुमारी, ओम प्रकाश अमन, जितेंद्र कमलापुरी, विद्या सिंह चेरा, सत्येंद्र सिंह, अमरेश पांडे, खुर्शीद आलम, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, छोटू सिंह, मुखिया सुनीता श्रीवास्तव, ललन यादव, मोहन यादव, बसंत मांझी, इम्तियाज अली, मेहंदी हसन, सीताराम भुइयां, सद्दाम अंसारी, भीम मुंडा, जैनुल अंसारी, मोहन यादव थे।

# हरिद्वार पतंजलि योग पीठ ने सतबरवा में लगाया पांच दिवसीय योग शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार ने पांच दिवसीय योग शिविर रविवार को बालिका उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। योग शिविर का उद्घाटन पतंजलि के जिला प्रभारी राजीव शरण, महिला प्रभारी ममता दीदी एवं जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग शिविर के प्रथम दिन सैकड़ों महिला पुरुषों ने योगाभ्यास में शामिल होकर योग का अभ्यास किया। योग गुरु राजीव शरण ने विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम के साथ साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया वहीं ममता दीदी ने कपालभांति, अनुलोम विलोम आदि महत्वपूर्ण प्राणायाम का अभ्यास कराया। जिला सहायक सुधीर और चंदेश्वर ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस 5 दिवसीय योग शिविर में 11 मार्च को शौर्य चक्र विजेता मरीन कमांडर आयरन मैन प्रवीण तेवतिया योग के महत्व को बतायेंगे। पतंजलि योग समिति सतबरवा ने लोगों से आग्रह किया है कि अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ उठायें। कार्यक्रम में वीरेंद्र साहू, श्याम बिहारी प्रसाद शिक्षक, गायत्री परिवार से संजय प्रसाद, विजय राम, राजकुमार प्रसाद, रामस्वरूप राम, सुनील विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राम प्रसाद श्याम प्रसाद, करमचंद साहू महिला समिति के कंचन देवी, पूनम गुप्ता, प्रीति गुप्ता, नीलू देवी, उषा देवी, निलक्षी गुप्ता आदि थे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद मंडल कारा में जिला प्रशासन की टीम ने की छापेमारी

**धनबाद।** धनबाद जिला प्रशासन की पूरी टीम ने रविवार को सुबह लगभग 8 बजे मंडल कारा में छापेमारी की। टीम का नेतृत्व धनबाद एसडीएम उदय रजक ने किया। उनके साथ ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी अजीत कुमार एवं डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे। टीम ने जेल के भीतर अमन सिंह हत्याकांड के आरोपियों के साथ महिला और पुरुष वार्ड को लगभग 2 घंटे तक खंगाला। छापेमारी में टीम को नेल कटर, कैंची, चिलम खैनी की चुनौटी के अलावा कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

## गोशाला बाजार के बंद घर का छह ताला तोड़ चोरी का प्रयास

**सिंदरी।** गोशाला ओपी क्षेत्र के मोतीनगर निवासी सुभाष कुमार गोयल के बंद आवास में शनिवार की रात चोरों ने छह ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि घर में कोई कीमती सामान न होने के कारण चोरों को कोई खास चीज हाथ न लगी। चोरी के प्रयास की लिखित शिकायत रविवार की सुबहओपी पुलिस से की गई है। सुभाष गोयल के पुत्र सुमित गोयल ने पुलिस को बताया है कि पूरा परिवार अब धनबाद के अशोक नगर में रह रहा है। सिंदरी व गोशाला में दुकानें होने के कारण उस पुराने घर में कुछ सामान छोड़कर सिर्फ कागजात बचे थे। प्रतिदिन की तरह रविवार को दुकान खोलने से पहले घर में रखी बाइक लेने आया तो देखा कि घर का सामान तितर बितर है। इसके साथ ही कुछ कागजात जले हुए हैं। सुमित के छोटे भाई ने पुलिस को एक पीले रंग का गमछा भी सुपुर्द किया है। गोशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में प्रीपेड मीटर लगाने के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

**धनबाद।** शहर में प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू हो चुका है। काम तेजी हो रहा है, लेकिन आम लोगों से पैसे की उगाही भी जमकर हो रही है। चिरागोड़ा श्मशान रोड की शांति देवी ने बताया कि चार दिन पहले बिजली विभाग से तीन लोग उनके घर मीटर लगाने आये थे। पहले तो बोला पोल से आपके घर तक का तार छोटा है। उसके कहने पर पांच मीटर नया तार अपने बेटे से मंगाया। इसके बाद मीटर लगाने वाले लोग कहने लगे, तार को बीच में जोड़ नहीं सकते, पोल से घर तक पूरा नया तार मंगाइये। इस बात का विराधे करने पर उन लोगों ने कहा कुछ खर्चा पानी दे दीजिएगा तो काम हो जायेगा। इस तरह मीटर लगाने के नाम पर पांच सौ रुपये उनसे ले लिये। इस इलाके के प्रकाश भगत, दुर्गा रजक, जितेंद्र प्रसाद आदि लोगों से भी मीटर के नाम पर पैसा लिया गया। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार से जब फोन पर बात करने की काशिश की गई तो उनका फोन बंद मिला। ज्ञात हो कि धनबाद में प्रीपेड मीटर लगाने का काम बेंटेक कंपनी को मिला है।

# पासवा ने किया महिला वॉलिंटियर्स को सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा की ओर से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पासवा महिला वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया गया। डिप्टी पाड़ा कचहरी चौंक स्थित डा रामेश्वर उरांव के आवास पर पासवा वॉलिंटियर्स को सर्टिफिकेट,डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी सह पत्रकार कृतिका तिवारी ने सभी पासवा बच्चियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रांची महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा करकेप्ता ने किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा किग पासवा महिला वॉलिंटियर्स के सहयोग से पासवा ने प्रतिवर्ष 15000 से अधिक बच्चों को प्रोत्साहन एवं सम्मानित करने का इतिहास रचा। हजारों झारखंड के निजी विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित करने में सहयोग कराया। पूरे राज्य में छात्र सम्मान समारोह एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर पहली बार पासवा महिला वॉलिंटियर के सहयोग से पासवा ने इतिहास बनाया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पत्रकार कृतिका तिवारी ने कहा कि महिलाएं अब सिर्फ घर में रहने तक सीमित नहीं हैं। झारखंड में ढाई लाख ऐसे ग्रुप हैं और 30 लाख ऐसी महिलाएं लाए हैं जो हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है।

**इन्हें मिला सम्मान**

सम्मानित होने वाली पासवा वोलेटियर्स में फिजा नसीम, सोनम कुमारी,स्नेहा कुमारी,चारुबाला कुमारी, आसमां परवीन, कहकसा मसूद, सलोनी कुमारी, रूपा कुमारी, श्रुति कुमारी, अनुष्का कुमारी, स्मृति भारती, तोशी कुमारी, साक्षी प्रिया, शीतल कुमारी, दुर्गा उरांव,अनिशा वर्मा, प्रियम कुमारी, सुहाना कुमारी, राजनंदनी,सोनिया विलूंग,सिरमा लिंडा शामिल हैं। मौके पर पासवा महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा ने कहा आज महिलाओं के सहयोग के बिना देश और हमारा राज्य का विकास अधूरा है, महिलाओं की क्षमता और कौशल को आज पूरी दुनिया नतमस्तक करती है। सम्मान समारोह में सम्मानित हुई पासवान वॉलिंटियर्स प्रियम कुमारी ने कहा हम लोगों ने सब कुछ पासवा से ही सीखा है,आज हम भाभा रिसर्च इंस्टीट्यूट मुंबई जा रहे हैं यहीं से हमने सीख कर मुंबई जाने का अवसर प्राप्त हो रहा है।तोषी कुमारी ने कहा जब से पासवा में हम जुड़े हैं तब से हमें बोलने और लोगों के बीच बात करने की आंतरिक शक्ति मिली है।

# वैश्य मोर्चा 15 मार्च को चुनाव पर करेगा रणनीति की घोषणा

### 12 मार्च को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जागेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता ने किया। इस बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों, 15 मार्च को भुरकुंडा में प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी एवं लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि राज्य सरकार ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं देकर अपने किए गए वायदे को ही झुठला रही है। ऊपर से वैश्यों को दरकिनार करने का भी काम किया जा रहा है। इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों को भुगतना पड़ सकता है।

**इस बैठक में चार प्रस्ताव पारित किये गये, जो निम्न प्रकार है :** 12 मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित सभी मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा।

15 मार्च को भुरकुंडा में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति घोषित की जाएगी।

झामुमो-कांग्रेस-राजद नीत गठबंधन लोकसभा चुनाव में कम से कम दो सीट वैश्य उम्मीदवार को दे।

गोमिया प्रखंड के चेलियाटांड के वैश्य ग्रामीणों की लूटी गयी जमीन वापसी के लिए आंदोलन को तेज किया जायेगा। अगर जिला प्रशासन 15 दिनों के भीतर कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है तो जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद (बरकळा), मोहन साव (गोमिया), केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य राजेश साव, नरेश साव, रांची जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, बासुदेव साव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली महिलाएं सम्मानित

## महिला कांग्रेस ने किया नारी न्याय सम्मान समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने नारी न्याय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने समाज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सीता राणा ने कहा कि समाज में महिलाओं को संबल प्रदान करना है। सामाजिक ढांचा को मजबूत करने में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। नारी न्याय सम्मान समारोह में वैसी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो सामाजिक सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है और इसका जबाब आगामी लोकसभा चुनाव में दिया जायेगा। जिला सचिव हेमंती जायसवाल ने कहा कि धनबाद में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में सेवा देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में जानकी देवी, पूनम देवी, रजनी देवी, प्रतिमा पांडेय, रिंकू कुमारी, देवती देवी, सुनीता निषाद, गीता, लक्ष्मी देवी, मुस्कान कुमारी, अजमेरी खातून, कुंती देवी, बिंदु देवी, राधा देवी, सेमपुल देवी, सीमा पांडेय, अफसाना खातून, बेबी देवी, रिया देवी, राखी मालाकार,असगरी खातून, आरती देवी, निभा पासवान, रोना देवी, चांदनी खातून आदि मौजूद थी।

# हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़ रही हैं आगे उनका सम्मान जरूरी : रणविजय

**सिंदरी।** कांड्रा स्थित गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था सफल इंडिया में सचिव प्रदीप महतो के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह रविवार की देर शाम संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस सचिव रणविजय सिंह ने महिलाओं को सम्मान पत्र देकर गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान जरूरी है। देश में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए कांग्रेस की सरकार काम करेगी। राजपूत विचार मंच केअध्यक्ष सह एसपीएम कॉलेज शासकीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान जरूरी है। क्षेत्र में वह पुरुषों से आगे आकर काम कर रही है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने महिलाओं को देवताओं से आगे का स्थान दिया। शिक्षिका स्व सुजाता सिंह को मरणोपरांत दुर्लभ आंखों का दान देने के लिए उनके पति विकास ठाकुर को वार्ड नं 52 की पार्षद प्रियंका देवी ने सम्मानित किया। इसके अलावा जनचेतना मंच की आशा हेम्ब्रम, सावित्री पाण्डेय, राजकुमारी देवी, मर्सी रोजा को भी सम्मानित किया गया। समारोह में गीत-संगीत, फिल्मी गानों पर डांस, आदिवासी डांस आदि कार्यक्रमों ने अतिथियों का दिल जीत लिया।



## एक नजर में

### निर्वाचन आयुक्त का इस्तीफा निष्पक्ष चुनाव के लिए खतरे की घंटी : माकपा

**रांची।** भारत के निर्वाचन आयोग में अचानक हुए घटनाक्रम पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने गहरी चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय कमिटी के सदस्य पकाश विप्लव ने कहा है कि चुनाव आयुक्तों में से एक, जिन्हें अपने पद से सेवानिवृत्त होने में तीन साल बाकी थे। उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और उनका इस्तीफा औपचारिक रूप से स्वीकार भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा है कि तीन सदस्यीय निर्वाचन आयुक्तों में से एक पद पहले से ही खाली है। इस स्थिति में अब निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व वर्तमान में एक ही सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा किया जा रहा है। प्रकाश विप्लव ने कहा है कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा के ठीक पहले अनिश्ितता का माहौल पैदा हो गया है। निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पर बने नए कानून के साथ, चुनाव आयोग की संरचना अब सरकार के पूर्ण नियंत्रण में है। उन्होंने कहा है कि त्यागपत्र देने के बाद उत्पन्न हुई स्थिति उन चिंताओं और आशंकाओं को जन्म देती है जिन्हें इस संवैधानिक इकाई की विश्वसनीयता और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता हो। सीपीआई (एम) यह मांग करती है कि केंद्र सरकार इस स्थिति पर स्पष्ट बयान दे, जिससे यह स्थिति पैदा हुई है।

### जिलाध्यक्ष विसतारित कमिटी की बैठक बुलाकर प्रदेश को सूचित करें

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्षों को अपने-अपने जिलों में जिला की विस्तारित कमिटी की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सभी जिला अध्यक्षों को 11 मार्च से 15 मार्च तक बैठक आयोजित कर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संगठन तैयारी की समीक्षा कर समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। बैठक के प৯त पूरी रिपोर्ट से प्रदेश मुख्यालय को अवगत कराने का भी निर्देश जिलाध्यक्षों को दिया गया है।

### एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** रविवार को एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति और सीटू स्टेट कमिटी के प्रतिनिधिमंडल ने मोरहाबादी स्थित मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आवास में उनसे मुलाकात की। उन्होंने एचईसी के मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने बातों को सुना और भरोसा दिलाया की अपने स्तर से केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्री और प्रधानमंत्री से एचईसी से संबंधित मुद्दों को रखेंगे और जल्द ही एचईसी के धरना स्थल पर आएंगे। उन्होंने कहा एचईसी झारखंड का गौरव है। इसलिए इसे हर हाल में बचाएंगे। इसके साथ ही दोबारा मिलने की भी बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने 20 माह से लंबित वेतन भुगतान की बातों को भी रखा और श्रम विभाग के माध्यम से सीएमडी के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में सीटू की ओर से झारखंड के जनरल सेक्रेटरी बिस्वजीत डे, प्रतीक, अमल पांडे और एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति से कॉमरेड भवन सिंह, हरेंद्र प्रसाद, मनोज पाठक, राजेश सिंह, कुंदन सिंह, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार और राजेंद्र कुमार मौजूद थे।

# प्रेम-स्नेह के अलावा महाभारत में भी महिलाएं पीछे नहीं

### ● झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** महुदा, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा पर समान अधिकार, अवसर और सम्मान नारा बुलंद किया। रविवार को ट्रस्ट कार्यालय ममता कुंज,कंचनपुर में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आशा देवी एवं सम्मानित अतिथि संगीता घोषाल मुखिया हाथुडीह पंचायत, सुनिता देवी मुखिया लोहपट्टी पंचायत, पिंकी देवी मुखिया तारगा पंचायत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में जिप अध्यक्ष ने कहा कि आज महिलाएं एवं किशोरियां सामाजिक विषमताओं के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद जिप अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह गृहिणी थी। इससे बड़ी उपलब्धि और क्या हो सकती है। आज धनबाद जिले में डीसी से लेकर बीडीओ के पदों पर महिला ही काबिज हैं। प्रेम, स्नेह की बात हो या त्याग और सेवा समर्पण की, महिलाएं पीछे नहीं हटेंगी। अगर सम्मान पर आंच आएगी तो महिलाएं महाभारत भी करा सकती हैं। उक्त समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम वर्मा ने की एवं संचालन सचिव हलिमा एजाज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक शंकर रवानी ने किया। समारोह में ग्रास रूट पर कार्य कर रही करीब 100 महिला नेत्रियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अंत में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाली किशोरियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया किशोरी लीडर के साथ साथ ट्रस्ट के हितधारकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

**समारोह को सफल बनाने में किया सहयोग**

समारोह को सफल बनाने में ममता रवानी, पूनम सिंह, काउंसलर सीता कुमारी, को-ऑर्डिनेटर पुजा कुमारी, माला देवी, गुलनाज बानो, पुजा कुमारी, सुम्बुल महजबीं, चंदा कुमारी, बेला कुमारी, दीपा कुमारी, बेबी प्रियंका, सुमित्रा देवी,गुंजन देवी, सीमा देवी, सारदा परवीन, समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, नितेश कुमार वर्मा, भागीरथ सिंह, असरफ आलम,मोहन रजक आदि की अहम भूमिका रही।

## कर्मियों की मिलीभगत से नगर निगम को हो रहा राजस्व का नुकसान

**धनबाद।** एक कहावत मशहूर है कि जैसा देश, वैसा वेश अपनाने से सब काम आसान हो जाता है। धनबाद के शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स को लेकर पिछले कई सालों से ऐसा ही हो रहा है। साामान्य या कमजोर लोगों को छोड़ कर ज्यादातर लोग टैक्स भुगतान में हेराफेरी कर रहे हैं। यह काम नगर निगम के कर्मियों की मिलीभगत से हो रहा है। वर्ष 2016-17 से यह खेल चल रहा है, जो अनवरत जारी है। घर में ज्यादा होल्डिंग टैक्स आने पर लोग निगम कर्मियों के साथ लेनदेन कर परिवार के दूसरे सदस्य के नाम पर नया होल्डिंग नंबर ले रहे हैं और नये सिरे से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण निगम को 10 करोड़ से अधिक राशि का नुकसान हो चुका है। लेकिन ऐसे लोगों के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# दोल उत्सव : नृत्य-गीत से मिली बंगाली संस्कृति की झलक

### राजेंद्र सरोवर में रंगारंग कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** हर साल की तरह होली के अवसर पर चंदन स्टूडियो की ओर से राजेंद्र सरोवर पार्क में रविवार को छठे साल 'दोल उत्सव' का आयोजन किया गया। दोल उत्सव कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित शांति निकेतन में हर वर्ष होली के अवसर पर आयोजित किया जाता है। उत्सव में रविंद्र संगीत और नृत्य पेश किया जाता है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंगाली समुदाय की संस्कृति को बनाए रखना और उसे व्यापक रूप से प्रसारित करना है। उत्सव में अतिथि के तौर पर सिंफर के पूर्व निदेशक एवं लिंडसे क्लब के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हि एवं उनकी पत्नी क्रेडो वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्य शर्मिला सिन्हा,धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल एवं उनकी पत्नी वीणा अग्रवाल उपस्थित थे। इसके अलावा बीबीएमकेयू की बांग्ला विभागाध्यक्ष शर्मिला बनर्जी, आर्ट एंड कल्चर के हेड ताप्ती चक्रवर्ती, बंगाली कल्याण समिति के सचिव कंचन दे, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, वार्ड नंबर 25 के पार्षद प्रिया रंजन, कवि तपन राय, दुर्गा मंदिर रिलिजियस चैरिटेबल ट्रस्ट से बरनाली सेनगुप्ता, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति से रीना मंडल, हेमंत मंडल, व अन्य लोगों ने भी दोल उत्सव में भाग लिया। उत्सव में महिलाओं और बच्च-बच्चियों ने पीली साड़ी धारण कर फूलों से सजकर रविंद्र संगीत पर नृत्य करते हुए अतिथियों के साथ राजेंद्र सरोवर पार्क की परिक्रमा की। तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महिलाएं और बच्चे पलाश, गेंदा-फूल और हर्बल गुलाल के साथ होली खेलते नजर आए। कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य विद्यालयों की छात्राओं ने बसंत पर आधारित रविंद्र नृत्य प्रस्तुत किया। दोल उत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 महिलाओं, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में किया सहयोग**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर आरती साव, संपा सरकार, संजय सेनगुप्ता, नूपुर, दीपा, संतोष सील,गौरव मोदक, पोम्पा पाल, संतोष दास, काकुली सेनगुप्ता, शिल्पी घोष, इशिका खत्री, अभिजीत राय, दिलीप, अनन्या, सानिया, सृंजिनी चंदन स्टूडियो के प्रोडक्शन टीम में राजकुमार सिंह, सुभोजित घोषाल, छोटू साव, विनोद, देवव्रत व रमेश गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**दोल उत्सव में हुआ लकी ड्रा**

दोल उत्सव में भाग लेने वाले सदस्यों के बीच लकी ड्रा का भी आयोजन हुआ। प्रतिभागियों, विद्यालय के शिक्षकों और चंदन स्टूडियो के सदस्यों को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में धनबाद के प्रतिष्ठित नृत्य विद्यालय, सांस्कृतिक शिक्षण केंद्र-सरायढेला, संपा मुखर्जी डांस एकेडमी हीरापुर,गुरु सूर नृत्य संगम धनबाद ,सास्वती सेन डांस एकेडमी-झरिया, बौठान ग्रुप, नृत्य मलिका डांस एकेडमी, अनुराधा डांस एकेडमी मोनाइटर मनाईटांड़ के बच्चों ने भाग लिया। मंच संचालन सुवर्णा बनर्जी ने किया। अंत में कुशन सेनगुप्ता के रविंद्र संगीत 'रांगिए दिये जाओ' संगीत में सामूहिक रूप से सभी टीमों ने सभी अतिथियों को लेकर नृत्य किया।

## कलश यात्रा के साथ शत चंडी महायज्ञ शुरू



**राजगंज।** यज्ञ सेवा समिति धारकिरो की ओर से सात दिवसीय श्री श्री शत चंडी महायज्ञ रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल पुरुष, महिला, बच्चे गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पहले कांकों मठ मंदिर और पूजा-अर्चना के बाद पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नदी घाट पहुंचे। वहां आचार्यों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ जल भरन कराया। जल भरन के बाद सभी लोग मंदिर परिसर पहुंचे। इसके बाद विधि विधान के साथ कलश रखा गया और प्रसाद वितरण किया गया। यज्ञ 15 तारीख तक चलेगा। इस दौरान भजन, कीर्तन, संध्या आरती के कर्यक्रम भी होंगे।

# शार्दुल की फिफ्टी, पहले ही दिन गिरे 13 विकेट रोमांचक हुआ रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला

एजेंसी

**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला खेल के दम पर मेजबान मुंबई रणजी ट्रॉफी फाइनल के शुरूआती दिन विदर्भ के खिलाफ खराब स्थिति से वापसी करने में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 75 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे 111 रन पर छह विकेट गंवाने वाली मुंबई की टीम ने 224 रन बनाये। शार्दुल ने इसके बाद गेंद से भी कमाल करते हुए विदर्भ के सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे को खाता खोले बगैर पगबाधा कर मुंबई को शानदार शुरूआत दिलायी।



## शार्दुल ठाकुर ने मुंबई को 200 के पार पहुंचाया

दूसरे छोर से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहजता से रन बना रहे थे शॉ स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गये। अंडर-19 विश्व कप के बाद रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुशीर खान (छह रन) हर्ष की फिरकी पढ़ने में नाकाम रहे और पगबाधा हो गये। महज 30 रन के अंदर छह विकेट गंवाने वाली मुंबई के बल्लेबाज इस दौरान 18 ओवर तक एक भी चौका लगाने में सफल नहीं रहे। शार्दुल के क्रीज पर आने के बाद मैच का रुख एक बार फिर मुंबई की ओर मुड़ना शुरू हुआ। उन्होंने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।

### विदर्भ के तीन विकेट गिरे

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने तीन विकेट पर 31 रन बनाये थे। टीम अब भी मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे 21 रन बनाकर क्रीज पर थे जबकि नाइटवॉचमैन आदित्य ठाकरे उनका साथ दे रहे थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर का आखिरी मैच खेल रहे रहे तेज गेंदबाज ने धवल कुलकर्णी ने दिन के आखिरी सत्र में आउटस्विंग का शानदार इस्तेमाल करते हुए अमन मोखाडे (8) और अनुभवी करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मैच पर मुंबई का दबदबा बनाया।

### रहाणे और अय्यर रहे फेल

दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर दो विकेट) की दिशाहीन गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के सलामी बल्लेबाजों पृथ्वी शॉ (46) और भूपेन लालवानी (37) ने आसानी से रन बनाये। टेस्ट में 170 शिकार करने वाले इस गेंदबाज ने हालांकि लंच के बाद के सत्र में शानदार वापसी की और अय्यर का अहम विकेट चटकाया। पारी के 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर तीन विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में एक हाथ ने उनका शानदार कैच लपका।



### 30 रन बनाने में गिरे 6 विकेट

मुंबई की टीम ने बिना किसी नुकसान के 81 रन बना लिये थे लेकिन लंच के पहले और बाद के सत्र में टीम 111 रन के स्कोर तक छह विकेट गंवा दिये। रहणे और अय्यर ने एक समान सात-सात रन बनाये। रहाणे के लिए यह सत्र बेहद निराशाजनक रहा। पिछले साल रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद वह भारतीय टीम में वापसी के लिए दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस साल घरेलू प्रतियोगिता में बेहद लचर प्रदर्शन के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई के चयनकर्ता अपने कप्तान को टीम में बरकरार रखते है या नहीं।

## इंग्लैंड की क्रिकेट की टीम 12 को लौटेंगी

**धर्मशाला।** स्थानीय स्टेडियम में इंग्लैंड और भारत के पांचवे टेस्ट के समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम वापस हो गई है, लेकिन इंग्लैंड की टीम12 मार्च को वापस जाएगी। एचपीसीए प्रेस सचिव मोहित सूद ने बताया कि टीम इंडिया के खिलाड़ी रविवार को अलग-अलग माध्यम से अपनी डेस्टिनेशन के लिए लौट गए है। इंग्लैंड की टीम 12 मार्च को विशेष चार्टेड प्लेन से वापस लौटेगी। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला यहां धर्मशाला के स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच को भारत ने जीतकर सीरीज पर चार एक से कब्जा कर लिया है।

## एक्लेस्टोन और नवगिरे ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का किया उल्लंघन, लगा जुमार्ना

**नयी दिल्ली।** यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक बयान के अनुसार, ह्यसोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है।' इसके अनुसार, ह्यआचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।'

## पंत को NCA से मिला फिटनेस सर्टिफिकेट दिल्ली कैपिटल्स के कैंप में होंगे शामिल; रिपोर्ट्स

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को बड़ी राहत की खबर मिली। टीम के कप्तान ऋषभ पंत आइपीएल 2024 के लिए टीम का हिस्सा होंगे। ऋषभ पंत बीते एक साल से क्रिकेट से दूर हैं। यह विस्फोटक बल्लेबाज आइपीएल के साथ वापसी करने वाला है। कुछ समय पहले तक यह कहा जा रहा था कि पंत को नेशनल क्रिकेट अकेडमी की तरफ से फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। हालांकि अब स्थिति बदली हुई नजर आ रही है। स्पोर्ट्स तक की रिपोर्ट के मुताबिक ऋषभ पंत को एनसीए ने फिटनेस सर्टिफिकेट दे दिया है। वह विशाखापत्तनम में चल रहे दिल्ली कैपिटल्स के प्री-सीजन कैंप में शामिल होंगे। इससे पहले वह कुछ दिन के लिए दिल्ली आएंगे। पंत इस समय आइपीएल के शूट्स कर रहे हैं। इससे भी फैंस की उम्मीद जागी है कि पंत की वापसी होने वाली है। बीसीसीआइ और एनसीए ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पंत पिछली बार आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर को कप्तानी दी थी। टीम के डायरेक्टर सौरव गांगुली ने कहा था कि एनसीए से अनुमति मिलने के बाद पंत कैंप में शामिल हो जाएंगे।

## आइपीएल से पहले कोलकाता ने किया बड़ा बदलाव

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 22 मार्च से शुरू होने जा रहे टूनार्मेंट से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने बड़ा बदलाव किया है। टीम में जेसन रॉय की जगह फिल साल्ट को शामिल किया गया है। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा सीजन होगा। टीम मैनेजमेंट ने यह बदलाव जेसन रॉय के आइपीएल 2024 से अपना नाम वापस लेने के बाद किया। उन्होंने निजी कारणों से हाल ही में इस टूनार्मेंट से अपना नाम वापस लिया था। इसके बाद टीम मैनेजमेंट ने इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज को 1.5 करोड़ रुपए में शामिल किया। आइपीएल 2024 की नीलामी के दौरान साल्ट अनसोल्ड रहे थे। आइपीएल की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने व्यक्तिगत कारणों से आगामी टाटा आइपीएल 2024 से बाहर होने के बाद जेसन रॉय के प्रतिस्थापन के रूप में फिल साल्ट को नामित किया है। उन्हें 1.5 करोड़ रुपए के अपने आरक्षित मूल्य पर टीम में शामिल किया गया है। आइपीएल 2023 में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज को दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते देखा गया था।

## दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड जीत से छह विकेट दूर

**क्राइस्टचर्च।** मैट हेनरी और बेन सीयर्स की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के 77 रन पर चार विकेट गिरा कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में रचिन रविंद्र 82 रन, टॉम लेथम 73 रन, विलियमसन 51 रनों की अर्धशतकीय पारियों और स्कॉट कुग्गेलिन की 44 रनों की बदौलत 372 रन का स्कोर खड़ा कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 279 रन का लक्ष्य दिया।

## दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु को एक रन से हराया





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के 17वें मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 181 रन बनाए। इस दौरान जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। पहले विकेट के लिए मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा के बीच 54 रन की साझेदारी हुई। भारतीय महिला बल्लेबाज 23 रन बनाकर आउट हुई। उन्हें आशा सोभना ने शिकार बनाया। आठवें ओवर में टीम को दूसरा झटका श्रेयंका पाटिल ने दिया। गेंदबाज ने मेग लैनिंग को एलबीडब्ल्यू आट किया। कप्तान ने पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाए। टीम को तीसरा झटका जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में लगा। उन्होंने एलिस कैप्सी के साथ 97 रन की साझेदारी की। हालांकि, श्रेयंका पाटिल ने उन्हें भी आउट कर दिया। वहीं, एलिस कैप्सी भी 32 गेंदों में 48 रन बनाकर आउट हो गई जिन्हें श्रेयंका ने ही शिकार बनाया। आरसीबी की घातक गेंदबाज श्रेयंका पाटिल को पांचवां विकेट जेस जोनासन के रूप में मिला। वह सिर्फ एक रन बना सकीं। आरसीबी के खिलाफ मारिजैन कप ने 12 रन और राधा यादव ने एक रन बनाया, दोनों नाबाद रहीं। मंधाना के नेतृत्व वाली टीम के लिए श्रेयंका पाटिल ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। वहीं, आशा सोभना को एक सफलता मिली।

### दिल्ली ने एक रन से जीता मैच

182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट खोकर 180 रन बना सकी। टीम को एक रन से करारी शिकस्त मिली। आरसीबी के लिए ऋचा घोष ने ताबड़तोड़ 51 रन की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत दिलाने में नाकाम रही। आखिरी गेंद पर टीम को दो रन की जरूरत थी, ऋचा घोष ने जेस जोनासन की गेंद पर जोरदार शॉट खेला और दौड़ गई लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सकीं। शेफाली वर्मा ने उन्हें रनआउट कर दिया। आरसीबी की शुरूआत इस मैच में झटके के साथ हुई थी। कप्तान स्मृति मंधाना दूसरे ओवर की तीसरी गेंद में सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गई थी। उन्हें एलिस कैप्सी ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद मोर्चा एलिस पैरी ने संभाला, जिन्होंने सोफी मोलिनेक्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 80 रन की पार्टनरशिप की। दोनों की इस साझेदारी को शिखा पांडे ने खत्म किया। पैरी 32 गेंदों में 49 रन बनाकर आउट हो गईं। वहीं, सोफी ने पांच चौकों की मदद से 33 रन बनाए। टीम को चौथा झटका सोफी डिवाइन के रूप में लगा जिन्हें मारिजैन कप ने अरुंधति रेड्डी के हाथों कैच आउट कराया।

## भारत ने रचा इतिहास तीनों फॉर्मेट में नंबर- वन

एजेंसी

**दुबई।** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 4-1 की जीत से फायदा हुआ है। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा की टीम आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गई है। वह टी20 और वनडे में पहले ही शीर्ष पर था। इस तरह भारत एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में नंबर-एक बन गया है। इससे पहले दिसंबर में भी टीम इंडिया ने ऐसा किया था और तीनों प्रारूप में नंबर एक बनी थी। तब टेस्ट और टी20 में भारतीय टीम पहले से नंबर एक थी और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से जीत के बाद आइसीसी रैंकिंग में वनडे में भी पहला स्थान हासिल किया था। वनडे सीरीज के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद भारत को टेस्ट में अपना पहला स्थान गंवाना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 टीम बन गई थी। अब इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला टेस्ट में जीत के बाद टीम इंडिया एक बार फिर टेस्ट में नंबर-1 टीम बन गई। भारत ने तीनों प्रारूप में बादशाहत कायम रखा है।

### आइसीसी ने दिया अपडेट

आइसीसी ने अपडेट देते हुए रविवार को बताया- हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन के करीबी अंतर से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे चार टेस्ट मैच जीते। विजाग, राजकोट, रांची और अब धर्मशाला में जीत से टीम ने आइसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापसी की है। सीरीज में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने में मदद की है।

टीम के अब टेस्ट रैंकिंग तालिका में 122 रेटिंग अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया 117 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 111 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे टेस्ट के परिणाम से अब कोई फर्क नहीं पड़ेगा और भारत टेस्ट में नंबर एक बना रहेगा।

## टी-20 : इंग्लैंड के बर्मी आर्मी फैन क्लब ने एचपीसीए को तीन विकेट से हराया

**धर्मशाला।** भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के बाद धर्मशाला स्टेडियम में 25 मैचों के आयोजन मौके पर सिल्वर जुबली मनाने के लिए रविवार को टी 20 फ्रेंडली मैच खेला गया। इसमें एचपीसीए व इंग्लैंड के फैन क्लब बर्मी आर्मी इंग्लैंड के बीच मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में बर्मी आर्मी इंग्लैंड ने एचपीसीए को तीन विकेट से हरा दिया। निर्धारित 20 ओवर में एचपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रन का लक्ष्य दिया, जिसमें अरूण धूमल ने 33 रनों का योगदान दिया। वहीं बर्मी आर्मी इंग्लैंड ने मात्र 15.4 ओवर में सात विकेट खोकर 98 रन बनाकर इस मैच को जीत लिया।

## जोकोविच ने जीत के साथ पांच साल बाद इंडियन वेल्स में की वापसी

एजेंसी



**इंडियन वेल्स।** नोवाक जोकोविच ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूनार्मेंट में पांच साल बाद जीत के साथ वापसी की। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच इस जीत से राफेल नडाल के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज प्रतियोगिता में 400 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इंडियन वेल्स में 2019 के बाद पहली बार खेल रहे जोकोविच इस टूनार्मेंट में पांच बार के पूर्व चैंपियन हैं। महिला वर्ग में कोको गॉफ ने भी क्लारा बुरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ तीसरे दौर में लूसिया ब्रोंजेटी से भिड़ेगी जिन्होंने एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया। जेसिका पेगुला हालांकि दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। नाओमी ओसाका ने रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर किया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका का अगला मुकाबला एलिस मर्टेंस से होगा। एक अन्य मैच में यहां दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड से 7-5, 2-6, 6-3 से हार गईं। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानु भी तीसरे दौर में पहुंच गईं हैं।

## चिराग-सात्विक फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के फाइनल में, लक्ष्य सेन हुए बाहर

एजेंसी



**पेरिस।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्हें पहले खिताब की तलाश है और फ्रेंच ओपन में वह इस सूखे को खत्म करना चाहेंगे। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया।सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया।

### लक्ष्य सेन का अभियान समाप्त

पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।

### फाइनल में इनसे होगा सामना

मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

## ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी तैयार है : मैकग्रा

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि तेज गेंदबाजों की नई खेप पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी के संन्यास के बाद जिम्मेदारी संभालने के लिए इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई खेमे में कमिंस (30 साल), स्टार्क (34 साल) और हेजलवुड (33 साल) के उत्तराधिकारी ढूंढने पर चर्चा चल रही है लेकिन मैकग्रा को लगता है कि बदलाव की प्रक्रिया में कोई परेशानी नहीं होगी। मैकग्रा ने कहा, हमारे तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी खेलने का इंतजार कर रही है। स्कॉट बोलैंड, माइकल नेसेर, झाय रिचर्डसन और काफी सारे युवा तेज गेंदबाज सामने आ रहे हैं, हम देख रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं। ये खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार हैं।

## बजरंग और दहिया ट्रायल्स में हारे पेरिस ओलिंपिक की उम्मीद खत्म

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिए मेडल जीतने वाले बजरंग पूनिया और रवि दहिया आगामी अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों के लिए चयन ट्रायल में अपने-अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। बजरंग पूनिया डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध का एक प्रमुख चेहरा थे। उन्हें पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित कुमार से 1-9 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले वह रविंदर के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज करने में कामयाब हुए थे। अगर रविंदर ने मुकाबले में चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही मुकाबले में बाहर हो गये होते।

### रवि दहिया दो मैच हारे



पुरुषों का 57 किग्रा हमेशा एक कठिन वर्ग था क्योंकि टोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और स्टार-इन-मेकिंग अमन सहरावत दोनों दावेदार थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले शुरूआती मुकाबले में अमन से 13-14 से हार गए। ये दोनों छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करते हैं। अमन ने 2023 में लगभग सभी टूनार्मेंटों में पदक जीतकर अपना नाम बनाया है। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) के तदर्थ पैनल द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अमन ने आखिरी मिनट में दहिया के दबाव को नाकाम करते हुए करीबी मुकाबला जीत लिया। दहिया अगली बाउट में अंडर-20 एशियाई चैंपियन उदित से हार गए और बाहर हो गए। ट्रायल में विजेताओं को एशियाई और विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में उतरने का अवसर मिलेगा। भारत ने अब तक पेरिस खेलों के लिए अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा) के माध्यम से केवल एक कोटा अर्जित किया है।

स्पीड न्यूज

## झामुमो पूर्व उपाध्यक्ष कुद्दुस अंसारी की पत्नी का निधन

**ओरमांझी।** प्रखंड के चकला निवासी झामुमो के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) कुदुस अंसारी की पत्नी संजीदा खातून 57 वर्ष का निधन रविवार को 12 बजे के करीब हो गया। बताया गया की वह पिछले एक माह से अस्वस्थ्य थी। उसे रात्रि 8.30 नमाज के बाद मिट्टी दी गई। निधन पर विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व जिप सदस्य बीना देवी, अंतू तिर्की, मुखिया शिव नाथ मुंडा, साजिद कौशर, जियाउल हक सहित स्थानीय जेएमएम कार्यकर्ता व समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दुख जताया गया है।

## बेड़ो में पहान सम्मान सह प्रार्थना सभा समारोह कल

**बेड़ो।** सरना समिति बेड़ो के तत्वाधान में मंगलवार को सरना स्थल मैदान में 21वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सामाजिक पारंपरिक सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल उरांव आशा एक्का जल्ही महतो चारो उरांव बसंत भगत चुमानी उरांव सुकरा भगत बन्नु भगत बुधवा पहान जिगुवा भगत सुकेन्द्र उरांव पुनिता उरांव पूनम तिर्की बसंती उरांव संजय उरांव विनय टोप्पो सरोज टोप्पो मंगरी उरांव मालती उरांव रितु उरांव सुखमनी उरांव आकृति उरांव अनुकृति उरांव सुशीला भगत शांति उरांव बंधनी उरांव बिरसमनी उरांव लीलावती उरांव प्रमिला उरांव गोयंदा उरांव सुका पहान समिकला तिर्की सुमन तिर्की सुको उरांव समीरा उरांव सुभाष उरांव रमेश उरांव सोमा उरांव अनिशा उरांव निशा उरांव लक्ष्मण उरांव सुनील उरांव सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

## राजद के कांके प्रखंड अध्यक्ष बने मोतिउर

**ठाकुरगांव।** राजद के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कांके प्रखंड के उरुगुट्टू निवासी मोतिउर रहमान को कांके प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन पर मोतिउर रहमान ने कहा कि वे तन मन से और समर्पित भावना से राजद के अन्य साथियों के सहयोग से पार्टी को नई उचांई पर ले जाने का कार्य करेंगे। इनके मनोनयन पर महेंद्र महतो कैलाश पांडे प्रदीप कुमार प्रजापति मजहरूल अंसारी समसुल अंसारी अमीरुद्दीन अंसारी सुरेश पाहन सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मां छिन्नमस्तिका मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी गठित

**सिकीदिरी।** चाड़ू पंचायत अंतर्गत रोहनडीह के टोटी झरना स्थल में मां छिन्न मस्तिका मंदिर निर्माण को लेकर रविवार को टोटी झरना स्थल में पंचायत के ग्रामीणों की बैठक मनेश महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण को लेकर समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष शिबू महतो उपाध्यक्ष बबलू महतो सचिव प्रीतम कुमार महतो सहसचिव फुलेंद्र महतो कोषाध्यक्ष बलिराम महतो मुख्य संरक्षक चमरू बेदिया संरक्षक प्रहलाद महतो धर्मनाथ महतो लालेशवर महतो व दिलेशवर महतो को बनाया गया है। मौके पर रामकिशोर महतो कर्मा भोगता शंभू महतो मुकेश कुमार रवि कुमार गणेश महतो रघु महतो मोहित कुमार संजय कुमार महतो मौजूद थे।

## झामुमो के उपवास में शामिल हुए खलारी के कार्यकर्ता

**खलारी।** मोरबादी मैदान के बापू वाटिका में झारखंड मुक्ति मोर्चा राँची जिला समिति द्वारा उपवास धरना स्थल पर खलारी प्रखंड के कार्यकर्ता पहुँचे। इस धरना में खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान के साथ खलारी के कई कार्यकर्ता शालिम हुए। उपवास धरना विगत 24 दिनों से चल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय ऐजेन्सी इडी के द्वारा जबरन हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। उनके निकलने तक धरना जारी रहेगा।

### नौ मार्च की रात चार नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# रातू के आस्थापुरम में महिला को बंधक बना लूटपाट, दो गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में आपराधिक गिरोह का तांडव जारी है। कोई भी दिन ऐसा नहीं जब चोरी व छिनतई की दो से चार घटनाएं न होती हो। चार नकाबपोश अपराधियों ने शनिवार की रात 12.45 बजे पुलिस को खुली चुनौती देते हुये पिर्रा आस्थापुरम के रिटायर्ड सीसीएलकर्मी प्रमोद कुमार पांडेय के घर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उनकी पत्नी माधुरी देवी को बंधक बनाने के बाद कनपट्टी में पिस्तौल सटाकर आलमीरा में रखे 20 लाख के जेवरात, लैपटॉप और जरूरी कागजात लेकर 2 बजे रफूचक्कर हो गये। इससे पूर्व उनके साथ मारपीट की गयी। उनके सिर पर चोटें आयी है। परहेपाट निवासी अकरम अंसारी व हुरहुरी के अब्दुल कलाम सीसीटीवी में कैद हैं। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों एक महीने तक स्लाइडिंग मिस्त्री के रूप में काम कर रहे थे। 22 फरवरी को गृह प्रवेश में भी शरीक थे। सत्यापन के लिये पुलिस जब उन्हें लेकर मुहल्ले में पहुंची तो लोग उग्र हो गये। थोड़ी सी असावधानी होती तो आक्रोशित भीड़ उनका सेंदरा कर देती। पुलिस ने फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली। पीड़िता की ओर से रातू थाने में भादवि की धारा 354-394 के तहत कांड संख्या 95-24 दर्ज करायी गयी है। श्री पांडेय मूल रूप से हुसैनाबाद के रहने वाले हैं।

### कैसे घटी घटना

पांडेय परिवार के लोग रात में खाना खाने के बाद सो गये। लेकिनए दरवाजा खुला रह गया। हालांकि गेट बंद था। अपराधकर्मी दीवार के सहारे छत पर चढ़े। स्लाइडिंग खोल कमरे में घुस माधुरी देवी को जगाया। नीचे लाकर उन्हीं की साड़ी को फाड़ कर हाथ और पैर को बांध दिया। उन्हें अर्द्ध नग्न कर मुंह में कपड़े ठूंस उनके सीने में पिस्टल और गले में चाकू तान अलमीरा की चाबी मांगी। धमकाया कि तुम्हारा बेटा रोशन को मार दिये हैं। इससे घबराकर वह चाबी दे दी। पुत्र और उनकी बहू चांदनी अपने कमरे में थे। बाहर से दरवाजे पर कुंडी लगा दिया था। बीमार बूढ़ी मां सुमित्रा देवी नीचे के कमरे में थी। श्री पांडेय भी उनके पास सोये थे।

### आस्थापुरम पहुंचे आईपीएस

ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ सुबह आस्थापुरम पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। इस दौरान वहां सैकड़ों की भीड़ जमा हो गयी। इतने में उन्हें जानकारी मिली कि महल्ले के संत सिंह के बंद घर पर भी चोरी हुयी है। श्री सिंह परिजनों संग शादी में बनारस गये हैं। इसके बाद वहां लगे सीसीटीवी को खंगाला गया। उसमें भी अकरम अंसारी और अब्दुल कलाम कैमरे में कैद हैं। एक ही रात लूटपाट और चोरी की घटना से लोग सहमें हुये हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

आस्थापुरम के सैकड़ों लोग शाम 7 बजे थाने पहुंचे। उन्होंने आईपीएस मो याकुब से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ अब तक हुयी कार्रवाई की जानकारी ली। ग्रामीणों ने घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने और जेवरात के बरामदगी की मांग की। उन्होंने 24 घंटे के बाद सड़क जाम किये जाने की चेतावनी दी है। मौके पर डीएसपी अरविंद कुमार भी थे।

### घर का ताला तोड़ चोरी

**ओरमांझी।** होचई में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया है। गांव के सुभाष मुंडा के सभी स्वजन घर में ताला लगा कर एक विवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। सुबह जब घर लौटे तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर अलमिरा व बक्से के सामना जमीन पर बिखरे पड़े थे। चोरों ने जेवरात व घर में रखे रुपये के साथ इनडक्शन चूल्हा भी ले गए।

## बेड़ो में जंगली हाथी ने गेहूं की फसल को रौंद कर किया बर्बाद

### सिंचाई मशीन और घर को किया क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र हाथियों के चिंगाड़ से कांप रहा है। जंगलों से सटे गांवों के किसान व ग्रामीण परेशान हैं। आए दिन हाथी किसानों की फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। जहां शनिवार रात से रविवार सुबह लगभग छह बजे तक चार जंगली हाथियों ने प्रखंड के तीन गांवों चरिमा ईंटा व चिल्द्री टंगरा टोली गांव में चार जंगली हाथियों ने सुके उरांव के घर को क्षति ग्रस्त कर दिया। इसके बाद शंकर उरांव व अकला महतो के सिंचाई मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही ईंटा गांव में तेम्बा उरांव व बिरसा उरांव चरिमा गांव में अनुज एक्का विनशा खेस गोविंद लकड़ा व एतवा उरांव चिल्द्री टंगरा टोली में विशेश्वर मिंज बिरसा कुजूर व सुकरा उरांव के तैयार गेहूं के फसल को खेतों में घुस कर खाया और रौंद कर फसलों को बर्बाद कर दिया। गांव के किसानों व ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग हाथियों के आतंक से परेशान और भयभीत हैं, लेकिन प्रशासन और वन विभाग हमारी सुधि नहीं ले रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही गांव के घरों व तैयार हो चुके फसल को निशाना और निवाला बनाते हैं। उन्होंने किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा जल्द उपाय किए जाने चाहिए। जिससे क्षतिपूर्ति की भरपाई हो सके। ज्ञात हो कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गांवों में लगातार जंगली हाथी का उत्पात व उपद्रव जारी है। ग्रामीण इससे बेहद परेशान हैं। ग्रामीण व किसान प्रशासन तथा वन विभाग से जंगली हाथियों को भगाने व इनके उत्पात से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार उदासीन है।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भाजपा में होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



डॉ बिरसा उरांव।

**ओरमांझी।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह आदिवासी कांग्रेस पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बिरसा उरांव जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इसे लेकर भाजपा झारखंड प्रदेश के बड़े नेताओं के साथ बात चल रही है। बताया गया कि डॉ बिरसा उरांव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास के साथ जन कल्याणकारी योजना व राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के विचारों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। डा बिरसा उरांव के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों को विशेष सम्मान देते हुए महामहिम राष्ट्रपति से लेकर केंद्रीय मंत्री बनाने का भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नेरंद्र मोदी द्वारा भी झारखंड व झारखंड के आदिवासियों के प्रति विशेष ध्यान दे रही है। आज पूरे भारत में विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। झारखंड में भी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में अकेला रह जाने से बेहतर है कि वह भी राष्ट्रहित में भाजपा में शामिल होकर प्रदेश की जनता का सेवा किया जाए। डॉ बिरसा उरांव पूर्व में भाजपा से ही जुड़े हुए थें। वर्ष 1999 में कांग्रेस पार्टी में चले गए थे। वे बनवासी कल्याण केंद्र व विष्व हिन्दू परिषद से भी जुड़े हैं। अगर डा बिरसा उरांव भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो यह उनका घर वापसी होगी।

## नामकुम के किसान एफपीओ और लैंपस से जुड़कर लाभ उठाएं : आरती

**नामकुम।** रविवार को नामकुम लैंपस अध्यक्ष आरती कुजूर और नामकुम एफपीओ की निदेशक अंजलि लकड़ा ने प्रखंड के सोगोद के ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उनलोगों के द्वारा गांव के किसानों को नामकुम लैंप्स और नामकुम के एफपीओ के संबध में जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की बात कही। मौके पर श्रीमती कुजूर ने बताया कि नामकुम के किसान नामकुम लैंप्स से जुड़कर खाद,बीज,नैनो खाद का लाभ उठा सकते हैं। अभी सरकार के द्वारा किसानों से धान प्रति किलो 23 रुपए खरीद की जा रही है। वंही पर बिचैलिए गांव के किसानों से 17 से 18 रुपए प्रति किलो के दर से मनमानी ढंग से धान की खरीद कर रहे हैं और जो लाभ किसानों को मिलना चाहिए उसका फायदा बिचैलिए उठा रहे हैं। इसलिए प्रखंड के किसान धान का बिक्री लैंप्स में ही करें औार लाभ लें,वहीं नामकुम एफपीओ की निदेशक अंजलि लकड़ा ने बताया कि एफपीओ के माध्यम से ऑर्गेनिक खेती,ऑर्गेनिक बीज के माध्यम से करने की प्रक्रिया बताई जाती है साथ ही खेती करने के बाद उपज के लिए बाजार भी उपलब्ध कराया जाता है। यह एफपीओ केंद्र सरकार द्वारा संचालित है और किसानों को अच्छे खाद, बीज उपलब्ध कराता है।

एक नजर में

## हेसलपिरी गांव में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ समारोह शुरू



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश वितरण भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि यज्ञ का आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अध्यात्म से ही मुक्ति संभव है। कलश यात्रा में 751 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के सभी अनुष्ठान आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा, नरेन्द्र किशोर वैद्य व वरुण वैद्य के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। कलश यात्रा के आयोजन में समिति के रंजीत पटेल, मुखिया कुशेन्द्र पाहन, शोभनाथ महतो, सबिता देवी, रीता देवी, सोहन कुमार, रामटहल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में रविवार को उदयन वार्षिक महोत्सव तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक डॉ एनके मेहता के प्रतिमा पर माल्यार्पण और मां शारदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर उदयन महोत्सव का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि झा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा दे रहे स्कूल या स्कूल सराहनीय का पात्र है। उपस्थित अभिभावकों से इन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा के साथ उनके स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखें उन्हें मोबाइल या अन्य भौतिक वाद वस्तुओं से दूर रखें बच्चों को अपने आसपास सहित महापुरुषों के बारे में ज्ञान शिक्षा दें बच्चों का मस्तिक कोमल होने के साथ नए-नए चीज सीखने के लिए तत्पर रहती है उसे अच्छे संस्कार से पालन पोषण कर शिक्षा के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे देश समाज के प्रति कर्तव्य के बारे भी उन्हें समझाएं। मौके पर विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करने का सत प्रयास करने को कहा।

## आम्रपाली परियोजना में खान सुरक्षा समिति की बैठक

**पिपरवार।** त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के जीएम अमरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बचरा के मंगलम हाल में संपन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव हेमंत कुमार मंडल ने बैठक में यूनियन की ओर से उपस्थित हुए। इस दौरान यूनियन ने प्रबंधन के सामने कई मांगों को रखा। कहा कि अभी मजदूरों की बायोमीट्रिक सिस्टम को चालू नहीं किया जाये।

## विस्थापित नेताओं ने रोहिणी प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के रोहिणी शाखा के पदाधिकारियों ने परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह को ज्ञापन सौंप कर चर्चा किया। रोहिणी पीओ से विस्थापित नेताओ से चर्चा में रोहिणी करकट्टा ओसीपी परियोजना अन्तर्गत रैयती जमीन पर प्रति एक एकड़ पर नौकरी देनेए रोहिणी करकट्टा ओसीपी परियोजना अन्तर्गत रैयती जमीन का मुआवजा प्रति एकड़ 50 लाख मुआवजा देने। रैयतों को विस्थापन निति के तहत पुनर्वास के साथ सात डीसमील परिवार के हर सदस्य को जमीन के साथ बंदोबस्ती जमाबंदी करने रैयत ग्रामीणों को रैयत विस्थापित पहचान प्रमाण पत्र पुर्नवास स्थल पर रैयतों के लिए सरना स्थल सहित रैयत विस्थापित ग्रामीणों को 75 प्रतिशत रोजगार हेतु भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौपने में मोर्चा के रोहिणी शाखा अध्यक्ष मुकद्दर कुमार सचिव अमृत भोगता लहसन भोगता शिवनाथ भोगता लालमणि भोगता रवि भोगता रिझु गंझू छोटन भोगता मुरारी मेहता सहित अन्य शामिल थे।

## सोनाहातू में संत श्री असंगदेव महाराज का आगमन 13 मार्च को

**सोनाहातू।** राष्ट्रीय संत श्री असंगदेव महाराज जी का 13 मार्च बुधवार को संध्या पधरावनी हेतु माही वेंकट हॉल में एक दिन के लिए आगमन होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लंकाजी लाईन होटल में सुखद सत्संग समिति बाजारटांड़ के अध्यक्ष डॉ सोहन लाल महतो की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संत महाराज के आगमन पर सभी भक्तजन उनके स्वागत के लिए तैयार रहेंगे। बैठक में शिवेश्वर महतो परिक्षित मंडल असित कुण्डु अजय कुण्डु सानु कुमार नायक प्रणव आदि मौजूद थे।

## अमित राज अध्यक्ष और राजधाम साहू सचिव बने

### शौंडिक युवा मंचा ओरमांझी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शौंडिक समाज का एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को ईश्वरी प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं सामाज को संगठित कर समाजिक त्रुटियों को दूर करने का निर्णय लिया गया। वहीं समाज की मजबूती प्रदान के लिए एक शौंडिक युवा मंच का गठन किया गया। संगठन संचालन के लिए एक पांच सदस्यी कमेटी का गठन किया गया।



चुने गए पदाधिकारियों के साथ शौंडिक समाज के लोग।

जिसमें सर्वसम्मति से कुच्चू के अमित राज साहू को अध्यक्ष बनाया गया। वही सचिव राजधाम साहू पांचा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू पालू व दो उपाध्यक्ष कुंदन साहू ओरमांझी व दीपक कुमार साहू आनंदी को बनाया गया। साथ ही चुने गये पदाधिकारियों को समिति का विस्तार करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। बैठक में सतीश साहू, जलेश्वर साहू, कपिलदेव साहू, विजय कुमार साहू, रोहित कुमार साहू, जयप्रकाश गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद साहू, रणधीर प्रसाद साहू, नवीन कुमार साहू, नीतीश कुमार, राजकिशोर साहू, शैलेंद्र साहू, नारायण साहू, कैलाश साहू, राजेश कुमार साहू, अशेश्वरलाल गुप्ता, विष्णुचरण गुप्ता, जगमोहन साहू सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया रेलिंग और चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नामकुम।** रविवार सुबह प्रखण्ड के वार्ड नं 53 के पुगडू सरना स्थल में झंडा बदली सह रेलिंग और चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने किया। इस अवसर पर पुगडू चापाटोली तुपुदाना, डुंगरी, टोनको, गुन्दू, बेरमाद, खोखमा टोली, कुबाटोली, हुलहुन्डू, लटमा, सतरंजी आदि गांव के खोड़हा मण्डली मौके पर उपस्थित हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि हम सबों को अपने सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए आगे आना होगा ताकि हमारे सरना,मसना,हड़गड़ी आदि को हम लोग बचा सके और आने वाली पीढी को इसे सौंप सके। विधायक ने कहा कि हमारी सांस्कृति खतरे में है अभी भी हम नही चेते तो इसे बचाना मुश्किल होगा।

## बीजूपाड़ा के सरहुल मैदान में आजसू का मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के बीजूपाड़ा के निकट मुख्य पथ पर स्थित सरहुल मैदान में रविवार को आजसू पार्टी द्वारा मिलन समारोह सह संकल्प सभा का आयोजन जिप सदस्य आशुतोष तिवारी की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज राजधानी के चारों ओर तीस किमी के अंदर विकास की गंगा बह रही है, पर मांडर विधानसभा में आज भी क्यों पिछड़ापन व्याप्त है। इस विधानसभा में शासन करनेवाले जनप्रतिनिधियों ने ठान लिया है कि मांडर विधानसभा की आनेवाली पीढ़ियों को पढ़ने ही नहीं देना है। पीढियां बढ़ेंगी ही नहीं तो आगे कैसे बढ़ेंगी। इस विधानसभा में पलायन, मानव तस्करी, भ्रष्टाचार, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा सहित न जाने कितनी समस्याएं चरम पर है। सभी पार्टी का अपना एक सिद्धांत होता हैए पर जब कोई व्यक्ति कई पार्टियों में शामिल होता रहे तो आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं कि उस विधानसभा क्षेत्र की क्या स्थिति होगी। उन्होंने मिलन समारोह में राज्य सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। किसानों, विद्यार्थियों, चिकत्सा सेवा सहित आम लोगों को हो रही सभी तकलीफों का मुख्य कारण उन्होंने सरकार की उदासीन रवैए को बताया। वहीं जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा की आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रेरित होकर ही वे आज इस पार्टी का दामन थाम रहे हैं। आनेवाले समय में सिल्ली विधानसभा की तरह विकास की गंगा जरूर ही पूरे राज्य में बहेगी। मैं आजसू प्रमुख के नीति सिद्धांत और कार्यशैली को देखते हुए आजसू का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान मांडर के जिप सदस्य परमेश्वर भगत सहित अन्य कई विभिन्न पार्टियों के दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। मिलन समारोह में झारखंड की प्रसिद्ध पाइका नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज मोर्या और सुनील गुप्ता ने किया।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, मांडर जिप सदस्य, तवारी कुजूर हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी पूर्व डीआईजी संजय रंजन, जीपस आदिल अजीम, मंटू सिंह, एस अली, जितेंद्र उरांव, जगराम कुजूर, हसबुल अंसारी, राजकुमार सिंह, अनिल साहू, पंकज तिवारी, रिंकू तिवारी, तिरपुरारी तिवारी, नीरज सिंह, अशेश्वर शाही, नेयाज खान, अब्दुल लतीफ अंसारी, चंदन कुमार दुबे, इमरोज खान सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## मजलिस-ए-आमला के चुनाव में 45 सदस्य नामित

**चान्हो।** प्रखंड के सोंस में जमीयतुल एराकिन देही हल्का छोटा नागपुर का महत्वपूर्ण इजलास सोंस में हुआ। जिनमें मजलिस-ए-आमला का चुनाव हुआ। चुनाव में 45 सदस्य नामित किए गए। चुनाव से पूर्व हाजी खुरशीद, हाजी अब्दुल कयूम, मौलाना रफीक आलम, मो मुजीबुल्ला, हाजी मसिउद्दीन, जावेद अख्तर ने जमीयत के महत्व और खामियों पर प्रकाश डाला और ओहदे दारान को होसला अफजाई करते हुए मुसलिम बच्चों की शिक्षा के संबंध में गहन विचार करने तथा मुसलिम बच्चों की शिक्षा पर चर्चा की।

स्पीड न्यूज



## मनिफिट में होली मिलन समारोह भव्य आयोजित

**जमशेदपुर।** मनिफिट जागृति क्लब एवं सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की के सौजन्य से मनीफिट डीवीसी फुटबाल ग्राउंड में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया किया गया। समारोह का उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो ने किया। सभी आगंतुकों ने एक दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देने वाला पर्व होली की अग्रिम बधाई दी व परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय दिया। इस होली मिलन समारोह के दौरान राकेश मिश्रा, निहाल मिश्रा और गायिका रक्षा गुप्ता व पुनीता प्रिया जैसे मशहूर भोजपुरी कलाकारों ने अपनी गीतों से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, गौ सेवा आयोग (झारखंड सरकार) के उपाध्यक्ष श्री राजू गिरी, अजय सिंह, आर के सिंह, गुरमीत सिंह तोते, कोशिश संस्था के संरक्षक शिव शंकर सिंह, संरक्षक योगेश मल्होत्रा, महामंत्री सुजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव, दिनेश सिंह, बिनोद सिंह, शंभूनाथ सिंह, मंजू सिंह, अविनाश सिंह राजा, राजेश सिंह बम आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी महासम्मेलन में कार्यक्रमों की धूम रही



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच द्वारा रविवार 10 मार्च को सोनारी स्थित क्रिश्चियन मैदान एयरपोर्ट के सामने 5 वां छत्तीसगढ़ी महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमशेदपुर सांसद विधुतबरण महतो उपस्थित थे। प्यारे लाल साहू के नेतृत्व में आयोजित महासम्मेलन में मुख्य रूप से रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से कलाकारों के 40 सदस्यीय टीम ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से समाज के लोगों का मनोरंजन किया। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायिका ओमेश्वरी साहू, लक्ष्मी नांदरे जैसे कलाकारों ने सांस्कृतिक लोक कला मंच तीहार के बैनर तले अपनी प्रस्तुति दी।

## तुलसी भवन में मनी साहित्यकारों की जयंती



**जमशेदपुर।** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक 'कथा मंजरी' सह महादेवी वर्मा, सच्चिदानन्द हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय, फणीश्वर नाथ रेणु एवं भवानी प्रसाद मिश्र जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण तिवारी तथा संचालन साहित्य समिति के सह सचिव श्रीमती अरुणा भूषण शास्त्री ने की। मौके पर स्वागत वक्तव्य संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' ने किया। कार्यक्रम का आरंभ उपस्थित साहित्यकारों द्वारा मां सरस्वती एवं चारो साहित्यकारों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् इनका विस्तृत साहित्यिक परिचय क्रमशः डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती', पुनम महानंदा, सुरेश चंद्र झा ने प्रस्तुत किया।

# श्रीशिव शक्ति परिवार की शिव बारात देखने उमड़ी भीड़

- भव्य त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव 2024 के अंतिम दिन धूमधाम से निकली शिव बारात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन 10 मार्च को 11 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर 2 बजे से धार्मिक परम्पराओं और श्रद्धालुओ के आस्था का निर्वहन करते हुये भव्य शिव बारात की मनोरम झाँकी परम्परागत और पूर्व निर्धारित मार्ग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाली गई, शिव बारात टेल्को राममंदिर से टेल्को बरुआ कैंटीन, हिलटप स्कूल,न्यू मार्केट, आजाद मार्केट, लेबर ब्यूरो, रिंग रोड होते हुये खडंगाझार मार्केट, प्लाजा होते हुये श्री राममंदिर आकर सम्पन्न हुई।

इस शिव बारात का मुख्य आकर्षण का केन्द्र 41 फीट का कांवर, बीस फीट लंबा वायु शिवलिंग, बारह फीट पेपर शिवलिंग, छऊ नृत्य, रथ, घोड़ा, बैंड बाजा, सिंघा बाजा, भूत-प्रेत की झांकी, अघौरी-साधु,शिव पार्वती की अदभुत झांकी आदि के वेश-भूषा में मनोरम झाँकी रही जो नगरवासियों को अपने ओर आकर्षित कर रही थी।

शहर के विभिन्न जगह पर नगर के विभिन्न सेवा शिविरों द्वारा बारातियों का स्वागत किया गया। जिसमें श्री महादेवशाल सेवा समिति, श्री नीलकंठ कांवरियां सेवा संघ, श्री ओमबकारेशवर मंदिर, आजाद मार्केट, सूरज पेट्रोल पम्प, खरंगाझार मार्केट आदि स्थान प्रमुख्य है। 15 फीट लम्बा त्रिशूल , महाकाल डमरू और झाल की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्री शिवशक्ति परिवार जमशेदपुर के समस्त सेवादार एवं सहयोगी प्रयासरत थे। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजशेखर सिंह, विजय शर्मा, विजय पांडेय, संतोष कुमार, संजीव श्रीवास्तव,मुकेश करन, कैलाशी अशोक जायसवाल, आशीष वर्मा, आलोक बिहारी, आदर्श कुमार, आर के वर्मा, उमेश मंडल, जय चौबे, निरंजन कुमार, नागेंद्र राय, रवि प्रकाश, मंजू सिंह, मीना सिन्हा, रजनी सिंह आदि शामिल थे

# मानगो : मधुसूदन बिहार के फ्लैट में अकेले रहने वाले विजयकांत पाठक का शव बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो के उलीडीह थाना अंतर्गत मधुसूदन बिहार सोसाइटी में दो दिन से बंद पड़े फ्लैट नंबर 404 फ्लैट में अकेले रहने वाले 75 वर्षीय विजयकांत पाठक शव बरामद हुआ । सोसाइटी के रहने वाले धर्मेंद्र गुप्ता ने भाजपा नेता विकास सिंह को दूरभाष में बताया कि उनके सोसाइटी के फ्लैट नंबर 404 विगत दो दिन से बंद पड़ा हुआ है। फ्लैट के सुरक्षाकर्मी का कहना है कि फ्लैट में रहने वाले पाठक जी दो दिन से नजर नहीं आ रहे हैं और फ़्लैट का दरवाजा पीटने तथा बेल बजने में कुछ आवाज भीतर से नहीं आ रही है।



फ्लैट से विजयकांत पाठक का शव निकालते मजदूर।

विजयकांत पाठक उपरोक्तफ्लैट में अकेले रहते थे। उनका बेटा संजय पाठक अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं ।सोसायटी के लोगों ने बेटे संजय पाठक से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सोसाइटी के लोगों ने तब भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी दी सूचना मिलते ही भाजपा नेता विकास सिंह ने उलीडीह थाने में मामले की जानकारी देते हुए शव को शीत गृह में रखवाने की बात कही। हालांकि देर शाम पाठक जी के बेटे संजय पाठक से सोसाइटी के लोगों का संपर्क हुआ उन्होंने कल सुबह आने की बात कहीं। सोसाइटी में पहुंचे थानाप्रभारी के द्वारा फ्लैट का ताला तोड़कर शव को कब्जे में लेकर शीतगृह में भेजा गया।

## किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में बेस्ट फोटोजेनिक फेस कांटेस्ट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल के नए ब्रांच कम डे केयर एंड एक्टिविटी सेंटर में हुआ बेस्ट फोटोजेनिक फेस कांटेस्ट जिसमें शहर के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। इस कांटेस्ट में पांच कैटेगरीज थे जिसमें कैटेगरी ए में 1-2 साल के बच्चों थे, कैटेगरी बी में 2-3 साल के बच्चों थे, कैटेगरी सी में साल 3-4 के बच्चों थे, कैटेगरी डी में साल 4-5 के बच्चों थे और कैटेगरी ई में साल 5-6 के बच्चे थे। इस कांटेस्ट में पैरेंट्स से बच्चों की एक पिक्चर मांगी गई थी जिसको स्कूल के सोशल मीडिया साइट्स इंस्टाग्राम और फेसबुक में पोस्ट किया गया था जिसमें पैरेंट्स ने अपने जानने वालों से लाइक्स और कमेंट्स करवाया गया था। पांच दिनों के बाद बच्चों के लाइक्स को काउंट किया गया जिसके अनुसार विनर्स चयनीत किए गए। आजके इवेंट में सभी बच्चों को पुरस्त किया गया।

## मोदी सरकार समाज के पिछड़े-कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : अरुण शंकर

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी ने संवाददाता सम्मेलन को किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रेरणास्त्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा प्रस्तुत अंत्योदय सिद्धांत के आधार पर नीतियां बना रही है। जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज अनुसूचित जनजाति समाज से देश के राष्ट्रपति बने हैं तो पिछड़ा वर्ग से देश के प्रधानमंत्री बने हैं।



पत्रकारों से बात करते अरुण शंकर प्रसाद।

गत दिनों ही पार्टी ने ओबीसी समाज से आने वाले कुशल संगठनकर्ता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता ड प्रदीप वर्मा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाकर ओबीसी समाज का मान बढ़ाया। भाजपा सिर्फ राजनीति के लिए निर्णय नहीं लेते हैं, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय भी सम्मलित होता है। भाजपा जो बोलती है वो करती हैं और जो करती हैं उसे बताती भी हैं। धारा 370 को निरस्त करने, राममंदिर का निर्माण, तीन तलाक खत्म करने जैसे अनेकों निर्णय लिए गए हैं। जो वंचित हैं, उन्हें पार्टी और सरकार सभी जगह, भाजपा साथ लेकर आगे बढ़ रही है। उपरोक्तबातें बिहार प्रदेश के मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा के विधायक एवं ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण शंकर प्रसाद ने कही। वे रविवार को भालूबासा के एक होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद भी मौजूद रहे।

## दीन बंधु ट्रस्ट ने महिला दिवस पर मतदाताओं को किया जागरूक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** दीन बंधु ट्रस्ट द्वारा ओल्ड पुरुलिया रोड चाणक्यपुरी सामुदायिक भवन में महिला दिवस मनाया गया। जिसमे अलग अलग क्षेत्रो की सैकड़ो महिलाओ ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बिना भय, लालच और आलस के सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। क्योंकि जब शत प्रतिशत होगा मतदान तब लोकतंत बनेगा महान इस पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में बिभिन्न तरह के रोमांचक खेल प्रतियोगिता, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने इस विशेष आयोजन का खूब लुत्फ उठाया। विजेताओ को पुरस्त कर प्रोत्साहित किया गया। उत्तम चक्रवर्ती ने दहेज रहित आदर्श विवाह के लिए महिलाओं को जागरूक किया ताकि कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लग सके। बाल विवाह के दुष्परिणामो के प्रति जागरूक किया गया। सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीन बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयरा, उर्मिला देवी, कंचन यादव, नागेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, ममता दीप, सरस्वती दत्ता, संगीता गोस्वामी आदि थे।

## विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में पांच दिवसीय सेमिनार संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकेडमिक डेवलपमेंट में इसकी उपयोगिता के पांच दिवसीय सेमिनार का समापन सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट दे कर किया गया। निश्चय ही यह प्रिंसिपल डा निधि श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटर सौम्य दीप, अदिति द्वारा उठाया गया एक भविष्योन्मुखी कार्यक्रम था, जिसका लाभ स्कूल के दिन प्रतिदिन की शिक्षा पद्धति में मिलेगा। इसकी मदद से शिक्षा सहज होने के साथ बहुत इंटरएक्टिव और एक्टिविटी बेस्ड हो जाएगी जो कि एन ई पी के गाइडलाइन के अनुरूप है। रिसोर्स पर्सन डा सरोज कुमार एवम इंजीनियर शिव दास दत्ता ने इस वर्कशप में इंटरेक्शन, फन एक्टिविटीज और असाइनमेंट्स को शामिल करते हुए दिलचस्प बनाए रखा।

# अपने जीवन में सत्य को धारण करें, मोह-माया से दूर रहें : सर्वज्ञानंद

- भगवान का फल भले ही देर में मिले लेकिन सबको मिलता है : कथावाचक
- साकची रामलीला मैदान में दूसरे दिन प्रहलाद चरित्र का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची श्री रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को व्यास पीठ से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्री जड़भरत कथा, अजामिल उपाख्यान एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का रसास्वादन भक्तों को कराया। कथा के प्रसंग सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गयी। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा में महाराज ने कहा कि भारत देव भूमि है। यहां किसी भी मानव का जन्म अपना कल्याण कर लेने यानी जन्म-मृत्यु के चक्कर से छुटकारा पाने के लिए होता है। लेकिन, माया के वश में आकर हम सब अपना मूल कार्य को भूल कर संसारिक भोग-विलासादि में फंस जाते हैं। जिसके कारण परेशानी होती है। कथावाचक ने कहा कि



कथा सुनाते सर्वज्ञानंद महाराज।

श्रीमद्भागवत में प्रह्लाद व ध्रुव का चरित्र युवाओं को अपनाने के लिए एक अदभूत प्रकरण है। प्रह्लाद जी ने अपने साथियों से कहा कि युवावस्था में ही अपना कल्याण का मार्ग पकड़ लेना चाहिए। हमें अपने जीवन में सत्य को धारण करना चाहिए। सत्य को अपनाना चाहिए, क्योंकि जो सत्य नहीं है वह माया हैं। हम भगवान को छोड़ कर के माया को पकड़ते हैं तो हम कई सांसारिक मोह में बंध जाते हैं।

अजामिल चरित्र व प्रहलाद चरित्र कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने आगे बताया कि जिस प्रकार की शिक्षा माता सुनीति ने अपने पुत्र ध्रुव को दी थी, जब प्रहलाद को उसके पिता हिरण्य कश्यप ने भगवान विष्णु का नाम लेने से रोका तो वह नहीं माने। इसलिए भक्त प्रहलाद को विभिन्न प्रकार की यातना दी गई। उन्होंने कहा कि जब भक्त प्रहलाद पर पिता हिरण्यकश्यप द्वारा प्रताड़ित किया गया तो आखिर में भक्त की रक्षा के लिए भगवान ने खंभे से नरसिंह भगवान का अवतार लिया और धरती पर हिरण्यकश्यप के बढ़ते पाप, अत्याचार को मिटाने के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया। उन्होंने कहा कि आप जिस प्रकार से ईश्वर की कामना करोगे, उसी प्रकार से ईश्वर भी आपकी रक्षा करने में लगेगा। इसलिए सच्चे मन से भगवान की प्रार्थना करें और उसके फल की इच्छा न करें। भगवान का फल भले ही देर में मिले लेकिन सभी भक्तों को मिलता है।

एक नजर में

## चांडिल : विधायक और जिला परिषद ने स्नान घाट का किया शिलान्यास



**चांडिल।** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ एवं चौनपुर में जिला परिषद निधि से बनने वाले स्नान घाट का झामुमो विधायक श्रीमती सविता महतो एवं जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर भुमिपुजन किया। स्नान घाट का निर्माण कार्य आठ लाख की लागत से कराया जायेगा। विधायक ने कहा कि स्नान घाट के निर्माण होने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस दौरान चौनपुर के ग्रामीणों ने विधायक से सड़क निर्माण कराने का मांग किया। विधायक ने बहुत जल्द सड़क का निर्माण कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, ज्योतिलाल माहली, माधवी सिंह सरदार, प्रदीप महतो, मनोज महतो, दीपक प्रमाणिक, मिलन तंतुबाय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वदेशी मेला को लेकर स्वदेशी रथ रवाना



**जमशेदपुर।** भारतीय विपणन विकास केन्द्र एवं स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा दिनांक 13-25 मार्च, 2024 तक गोपाल मैदान में आयोजित 17वें स्वदेशी मेला के प्रचार वाहन (स्वदेशी रथ) को सिंहभूम चौम्बर अम कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मानद महासचिव मानव केडिया, मेला संयोजक अशोक गोयल, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह, स्वदेशी जागरण मंच की जिला संयोजक राजपति देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी कार्यालय बिष्टुपुर से रवाना किया। इस अवसर पर चेंबर महासचिव मानव केडिया ने कहा कि सीबीएमडी और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह स्वदेशी मेला लोगों में स्वदेशी के प्रति समर्पण के लिए एक अच्छा माध्यम है। इससे घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और हस्तकारीगर, छोटे गृह उद्योगों, स्वदेशी उत्पादों को एक अच्छा एवं सशक्त बाजार उपलब्ध होगा और आत्मनिर्भर भारत और वोकल फर लोकल को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से स्वजाम के प्रांत प्रचार प्रमुख अमित मिश्रा, विभाग संयोजक जेक़ेएम.राजू, विभाग सहसंयोजक राजकुमार साह, जिला सहसंयोजक संजीत सिंह, प्रांतीय सोशल मीडिया प्रमुख केप़ी.चौधरी, पंकज सिंह, घनश्याम दास, मृत्युंजय सिंह, मुकेश कुमार, मुकेश ठाकुर, रवि मिश्रा, राजेश वर्णवाल, सुनील गुप्ता, संदीप कुमार, रविशंकर मिश्रा, सोनू कुमार साव, सत्यनारायण मिश्रा, इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## आज सुमंत मूलगावकर स्टेडियम टेल्को में दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद समारोह

### शहर के दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को आज उड़ान देगा यंग इंडियंस



**जमशेदपुर।** सीआईआई यंग इंडियंस के एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल की ओर से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के लिए सोमवार 11 मार्च को सुमंत मूलगावकर स्टेडियम टेल्को में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हौसला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांग बच्चे अपने अंदर छिपी प्रतिभा को उड़ान दे सकेंगे। सुबह 8 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के 10 से ज्यादा दिव्यांग बच्चों के संस्थान और स्कूलों के 160 बच्चों की भागीदारी रहेगी। इन संस्था के नाम हैं-

आशा किरण स्कूल टेल्को, स्कूल अफ होप, जीविका, ज्ञानोदय नोबल एकेडमी, नेशनल एसोसिएशन अफ ब्लाइंड, दिव्या ज्योति नेत्रहीन संस्थान, सिद्धेश्वर मुख बधिर विद्यालय, पीएएमएचजे, चेशायर होम और स्कूल ऑफ जॉय। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को सोनारी स्थित आवासीय कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। यंग इंडियंस की चेयरपर्सन अंकिता नरेड़ी ने बताया कि इस वर्ष पहली बार सीआईआई की युवा इकाई यंग इंडियंस द्वारा टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में शहर के दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए 20 तकनीकी विशेषज्ञों के साथ जमशेदपुर में स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित कुल 10 विद्यालय एवं संस्थाओं के छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा कार्यालय में चोरों ने की तोड़फोड़



**कुजू।** हथमारा पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में चोरों ने शुक्रवार रात जमकर तोड़फोड़ किया। चोरों ने पांच दरवाजा, पांच अलमीरा, टेबल, एलइडी टीवी व शीशे तोड़ डाले। जबकि अलमीरा में रखें जरूरी तहस-नहस कर दिया। कार्यालय में लगे चार पीस बेट्रा, दो इनवर्टर मशीन, रसोई रूम के कीमती क्रोकरी सामान, चार कंप्यूटर मशीन, सीसीटीवी कैमरा आदि की चोरी कर लिया। वहीं कमरे में पार्टी के विरुद्ध अपशब्द बातें भी लिखा। घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय व सअनि सुधीर कुमार ठाकुर सशस्त्र बल के साथ कार्यालय पहुंचे। मामले की जानकारी ली। कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुमार प्रसाद राजू ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन दिया है। जिसमे उन्होंने 6.50 लाख रुपए क्षति होने की बात कही। मामले को लेकर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता व उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी ने कहा है कि इस मामले को लेकर वह रामगढ़ एसपी से भी मिलेंगे। पुलिस अधिकारियों ने कार्यालय के पीछे झाड़ियां में खोजबीन की। फेंके गए एक कंप्यूटर मॉनिटर को बरामद किया

### जल बचाने के लिए जागरूकता रैली

**हजारीबाग ।** विश्व जल दिवस को लेकर हजारीबाग में वॉटर सप्लाई का कार्य कर रही एल एंड टी कंपनी के द्वारा झील से नूतन नगर तक 5 किलोमीटर की जल बचाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसकी थीम वाटर फॉर पीसी थी, जिसमें परियोजना प्रबंधक दिनाकरन जी ने सभी कर्मचारियों एवं मजदूर साथियों को टी शर्ट प्रदान की , और सुबह 5:30 बजे अभिषेक मनी त्रिपाठी ने रैली को प्रारंभ कराया। रैली में जल बचाओ, जीवन बचाओ/ जल है तो कल है, जल ही जीवन है, जैसे सभी 200 लोगों के द्वारा जागरूकता के लिए नारे लगाए गए। रैली में मैनेजर अशोक साहा, दुलाल मंडल, संतोष पाटसकर, नवीन सिन्हा, पार्थ घोष, प्रसन्ना सर, राजा राजन, तारिक अनवर, राजीव सिंह, संदीप माली,किरण मंडल, सौरव करार, सोमोजित, श्रीप्रकाश,मुकेश कुमार, बीरेंद्र कुमार, ददन कुमार, महबूब आलम , सिकंदर अली, सैफ अली, गौरव कुमार और कंपनी के सभी कर्मचारी और मजदूर साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नूतन नगर में मिठाई वितरण के साथ किया गया। अंत में परियोजना प्रबंधक दिनाकरन सर के द्वारा सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ खिलाई गई।

### केरेडारी में मप्र के महिला की मौत

**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र के कोले रेलवे में कार्य करने पहुंची प्रवासी महिला मजदूर की संदेहास्पद मौत हो गई। मृतक महिला मीरा कोल मध्यप्रदेश के सतना जिला, बिटारी रामनगर की रहने वाली हैं। घटना 8 मार्च के देर रात्रि की हैं। घटना के उपरांत वीवी इंफ्रा के सुपर वाइजर ने केरेडारी थाना को सूचना दी। केरेडारी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वीवी इंफ्रा के कर्मी ने बताया कि बीती रात महिला का पेट दर्द कर रहा था। जिसके बाद महिला को दवा दिया गया। कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। जबकि पूछे जाने पर मृतक के परिजनों ने बताया की 12:00 रात में पेट दर्द शुरू हुआ और 3 घंटा बाद मौत होती है। कोले स्टेशन से पतरातू रेलवे अस्पताल कि दूरी मात्र 26 किलोमीटर है व बरकाकाना रेलवे अस्पताल की दूरी 50 किलोमीटर है! मीरा के मौत पर पिता ने कहा कि बेटी कभी इस तरह से बीमार नहीं पड़ी। मौत के 6 घंटे बाद कंपनी के कर्मी ने फोन पर बेटी की मौत की सूचना दी। बेटी के मौत कारण पर पिता ने पुलिस से मामले को जांच करने की मांग की। वहीं पतरातु से टोरी तीसरी लाइन में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों ने कॉन्ट्रेक्टर व सब कांट्रेक्टर कंपनी पर मजदूरों को कोई सुविधा नहीं देने का आरोप लगाया हैं। मजदूरों ने कहा कि अगर कम्पनी के द्वारा मृतक को समय पर इलाज होता तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

### त्रिवेणी सैनिक में मजदूरों की सभा

केरेडारी । आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस व जेबीसीसीआई के बैनर तले एनटीपीसी के त्रिवेणी सैनिक में कार्यरत मजदूरों के एचपीसी मजदूरी भुगतान के लिए देवरिया खुर्द मेला टांड में आमसभा हुआ। आमसभा में बड़काबांव के पूर्व विधायक रमेंद्र कुमार और कामरेड विंध्याचल बेदिया उपस्थित थे। रमेंद्र कुमार ने कहा कि अगर एचपीसी के तहत मजदूरी लेना है तो संगठित हों। मैंने एनटीपीसी चेयरमैन को पत्र एचपीसी के मुद्दे पर लिखा है कि एचपीसी मजदूरी दर बेसिक दर 1176 रुपये अन स्किल्ड सेमी स्किल्ड का दर 1206 रुपया स्किल्ड को 1206 रुपया हाई स्किल्ड को 1291 की दर निर्धारित है। विंध्याचल बेदिया ने कहा कि एचपीसी के तहत स्किल्ड मजदूरी दर सेमी स्किल्ड मजदूरी दर और नॉन स्किल्ड मजदूरी दर के साथ हाई स्किल्ड मजदूरी दर का भुगतान त्रिवेणी सैनिक को करना हीं होगा।

### ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता

**दारू।** ग्लोरियस पब्लिक स्कूल मे शनिवार को इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने दो ग्रुप नृत्य और एक सोलो नृत्य प्रस्तुत किया। जज के रूप में दर्शक, बच्चो के अभिभावक, दूसरे विद्यालय के शिक्षक को बनाया गया। प्रतियोगिता समापन के बाद जजों ने परिणाम की घोषणा की जिसमें ग्लोरियस पब्लिक स्कूल पहले पायदान, रनर अप सनराइज पब्लिक स्कूल रहा। विजेता को 551 रुपए नगद पुरस्कार , ट्रॉफी मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया तथा रनर अप स्कूल को 151 रुपए नगद पुरस्कार , मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को लेकर दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों ने इस अनूठे कदम की सराहना की ओर कहा की ऐसी प्रतियोगिता से बच्चे किसी भी मंच पर अपने आप को उभार पाते है जिससे इसके मानसिक तनाव में भी कमी आती है। मौके पर संचालक सह प्राचार्य रेणु कुमारी ,उप प्राचार्य धीरज कुमार शिक्षक पवन देव, महेश पांडे प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, वर्षा कुमारी प्रीति कुमारी, सूर्यांशु गुप्ता, पवन कुमार, पंकज पांडे, दूसरे विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# बड़कागांव में पुलिस व टीपीसी के बीच मुठभेड़, एक उग्रवादी घायल

## हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने खुद संभाला मोर्चा, भागे नक्सली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **दिन में दो बार हुआ मुठभेड़ कई राउंड चली गोलियां**
- **एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था**



बड़कागांव। बड़कागांव में रविवार को टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि, पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सर्च अभियान चला रही है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद मोर्चा संभाल हुए थे। पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना मिली थी कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस का सर्च अभियान जारी है। बड़कागांव सीडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह उरिमारी थाना प्रभारी रामकुमार पतरातू थाना प्रभारी,बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार,केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार और आंगो पिकेट प्रभारी छोटू उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मनीष जायसवाल ने छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा कर शुरू किया प्रचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने टिकट मिलने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में रविवार को मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू किया प्रचार अभियान का आगाज। उन्होंने नारियल कई बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाया । भाजपा हजारीबाग नगर पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके संग मिलकर मां के दरबार में विशेष पूजा- अर्चना किया और उनकी जीत की कामना की। भाजपा नगर पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता महामंत्री राजीव सिंह, महामंत्री अजय प्रजापति, उपाध्यक्ष रिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, नगर मंत्री शिवकुमार प्रजापति, अरुण कुमार, सुधीर कुमार, बाबू सिंह, महेंद्र मेहता, उमेश प्रजापति, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, खिरोधर साहू, समाजसेवी विजय जायसवाल, युवा नेता राजीव जायसवाल, जिला मंत्री बसुद तीवारी, दिलीप सिंह आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू , जिला मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान ,बृजेश पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, महेंद्र महतो, युवा मोर्चा महामंत्री मनसू बेदिया, बबली सिंह, राहुल पासवान आदि मौजूद थे।

### डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल ने चलाया अभियान

टाटीझरिया। झरपो, भराजो, खैरा, डहरभंगा, टाटीझरिया, बेड़म, डूमर,धर्मपुर आठों पंचायत के कई गांवों में डीएवी सनफोर्ड पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के ओर से ग्रामीणों के बीच डोर टू डोर शिक्षा महत्व के बारे में जानकारी दी और लोगों को न्यूनतम शुल्क में यातायात वाहन की व्यवस्था , कंप्यूटर शिक्षा, ऐसी कमरा , सीबीएसई अंग्रेजी पैटर्न पर आधारित योग्य शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा बेहतर शिक्षा, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए खेलकूद व नामांकन निःशुल्क समेत अन्य व्यवस्था विद्यालय परिसर में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए इन्हे बेहतर गाइडलाइन के तहत शिक्षा बहुत जरूरी है। आप हमे मौका दे हम आपके बच्चे को बेहतर शिक्षा संस्कार देंगे। मौके पर विद्यालय के निर्देशक दशरथ पांडेय, प्राचार्य एम, एससी मुखर्जी, मनीष मिश्र, कुणाल, अभिमन्यु , नित्तल, महेंद्र कुमार,सुनील कुमार, दयाल प्रसाद,महेंद्र प्रसाद,अब्दुल अंसारी,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे ।

### प्लस टू विद्यालय में डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के पल्स टू उच्च विद्यालय के ग्राउंडमें विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मैच का आगाज एम्बिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। टूर्नामेंट में पहले धरमपुर और बगोदर की टीमें उत्तरी इन दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ लेकिन अंत में बगोदर की टीम विजय हुई। उसके बाद खेलने उतरी बनासो और बंदखारो की टीम जिसमें बनासो की टीम विजय हुई । इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें धर्मपुर, बगोदर,बनासो,बंदखारो, नरकी भेलवारा, हजारीबाग, कोडरमा रामपुर, चिलगो, पेटरवार, सरिया विष्णुगढ़ ,चानो, इसरीकी टीमों ने भाग लिया। पेटरवार ,बनासो, चिलगो और इसरी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची।चारों टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ अंत में पेटरवार और बनासो की टीम फाइनल में जगह बनाई।

## पीवीयूएनएल के समक्ष हड़ताल कल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो बलकुदरा पंचायत कमेटी की बैठक रविवार को बलकुदरा छाई-डैम में हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन पंचायत सचिव सनी मुंडा ने किया। कहा गया की विगत वर्षों से हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा पीवीयूएनएल कंपनी को बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर कई बार मांग-पत्र सौंपा जा चुका है। लेकिन पीवीयूएनएल प्रबंधन विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश नहीं कर रही है। इससे विस्थापित-ग्रामीणों में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश का माहौल है। कहा गया कि अपने हक-अधिकार को लेकर स्थानीय विस्थापित ग्रामीण 12 मार्च मंगलवार को पीवीयूएनएल कंपनी के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख-हड़ताल करेगी। मौके पर विस्थापित नेता सह झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा जब तक हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती तब तक हम विस्थापित ग्रामीण छाई-डैम में किसी भी कीमत पर पीवीयूएनएल कंपनी को काम करने नहीं देंगे। पीवीयूएनएल कंपनी पहले स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को नौकरी, मुआवजा एवं पुनर्वास की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा की हम विस्थापित ग्रामीण अपने अधिकार लेने के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित सह झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव, दीपक मुंडा, रवि महली, गुलचंद मुंडा, बंधन मुंडा, अरविंद यादव, सुभाष यादव, सौरभ राणा, संदीप मुंडा, उमेश यादव, कुणाल यादव, विकाश यादव, रोशन मुंडा, अरूण यादव, पवन कुमार, करण महली, बैजनाथ उरांव, रोशन मुंडा, दिनेश यादव, आनद मुंडा, शशि यादव, सोनू मुंडा, अमित महली, नरेश मुंडा, दिवाकर मुंडा, अनिल मुंडा आदि उपस्थित थे।

### रजरप्पा में श्रमदान करने वाले कामगार सम्मानित



**रजरप्पा ।** सीसीएल महाप्रबंधक रजरप्पा क्षेत्र बिनोद कुमार व एसएन महतो सामग्री प्रबंधक मुख्यालय रांची, यूएन प्रसाद परियोजना पदाधिकारी रजरप्पा, एस. रजक व खान प्रबंधक आलोक कुमार मल्लिक की उपस्थिति में रविवार को 11 बजे संचालन दीर्घा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शावेल ओपरेटर, डम्फर ओपरेटर और डोजर ओपरेटर को प्रशास्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कामगारों को श्रमदान के लिए सम्मानित किया गया। यह हुए सम्मानित सीएस सिंह, अवधेश सिंह, बिहारी मांझी सभी शावेल ओपरेटर, गोपाल महतो, खुर्शीद आलम, बसंत महतो, कजरूदीन, सुरेश राम सभी डम्पर ओपरेटर, श्याम किशोर प्रसाद, आनंद मोहन सभी डोजर ओपरेटर। मंच संचालन एस रजक ने की। मौके पर कई अधिकारी मौजूद थे।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती मनी

- **किसान आंदोलन के जनक थे सहजानंद : सुनीता चौधरी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** बिजुलिया तालाब रोड स्थित अशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में रविवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक सुनीता चौधरी व प्रो नागेश्वर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रविंद्र शर्मा व संचालन सरंक्षक प्रो संजय सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक राष्ट्रवादी नेता व स्वतंत्रता सेनानी थे। वे देश में किसान आंदोलन के जनक थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में 1889 में हुआ था। वे एक बुद्धिजीवी, समाज सुधारक एवं किसान नेता थे। जिन्होंने किसानों को हक और अधिकार के लिए संगठित किया। स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 1929 में बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना की। इसके गठन के बाद उन्होंने आंदालन आरंभ किया। जिससे लोगों को जागरूक करने में मदद मिली। प्रो नागेश्वर सिंह ने कहा कि अप्रैल 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन किया गया। जिसके पहले अध्यक्ष स्वामी सहजानंद सरस्वती बने । गठन के बाद अखिल भारतीय किसान सभा ने जमींदारी प्रथा और ग्रामीण ऋण को समाप्त करने की मांग की। सहजानंद देश के किसानों की पीड़ा जानते थे। मौके पर सीपी संतन, सुरेंद्र कुमार शर्मा, नवल किशोर शर्मा, अशोक सिंह, संत सिंह, बिनय कुमार, अमित सिंह, मुरारी शर्मा, शशि भूषण सिंह, डॉ विवेक राय, रमेश शर्मा, रिंकू देवी, आरती देवी, नीलम व कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### करमा में महायज्ञ के समापन पर जागरण



**कुजू।** करमा में श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के समापन के पर शनिवार की रात्रि भक्ति जागरण आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ कलाकारों ने मां शेरावाली की ज्योत जलाकर किया।इसके बाद जय मां अंबे रविंद्र झांकी और जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा रात भर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जबकि रविंद्र झांकी कलाकार द्वारा भगवान शिव, मां दुर्गा, राधा कृष्ण, सुदामा, भगवान राम, हनुमान एवं कई देवी देवताओं की जीवंत झांकी प्रस्तुत कर लोगों को खूब मनोरंजन कराया। जागरण मंच का संचालन कामेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू वर्मा ने किया। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारी, मुखिया एवं जिला परिषद सदस्य यज्ञ की सफलता के लिए सभी ग्रामीण वासियों को शुभकामनाएं दी। जागरण को सफल बनाने में तापेश्वर महतो, पिंटू कुमार, खागेश्वर महतो, सरोज कुमारी, रामेश्वर महतो, मथुरा साव, हेमलाल महतो, नरेश मुंडा, शक्ति कुमार, शंकर प्रसाद, संजय कुमार, अशोक गुप्ता, अनिल गुप्ता, लखीकांत महतो, डोमन ठाकुर, विजय महतो, गुड्डू वर्मा, नेवा लाल कुमार रवि कुमार महतो, पंकज कुमार मनपुरन सोनी, प्रदीप शर्मा इंद्रदेव ठाकुर, आदित्य सोनी, रोहन महतो, डॉ हरिशंकर बिहारी, किन्नू राम, बिरजू साव, मोतीलाल महतो, द्वारिका महतो, मोहित महतो, नारायण साव, वकील साव, महेश ठाकुर, सुखदेव महतो, बालेश्वर महतो, भगवान दास महतो, राजेश महतो आदि मौजूद थे।

### सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया । गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुड़ी-सब्जी का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य भी है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, सुकरा करमाली, लालू उरांव, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

### भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी में भक्ति जागरण

भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु, भक्ति की बही बयार



फोटो नं. 09- मंच पर उपस्थित विधायक अंबा प्रसाद व अन्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार रात शिव मंदिर समिति हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुंडा के तत्वावधान में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पूजा-अर्चना किया। उन्होंने ने भगवान भोलेनाथ के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। जागरण के दौरान कलाकारो ने मेरो भोला है भंडारी, राम आयेंगे, चलो बुलावा आया है, ए गणेश के मम्मी सहित अन्य मनोहारी भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रातभर झुमाये रखा। वहीं रविवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थें। भक्ति जागरण को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, विजय कुमार, रविन्द्र कुमार, अजित कुमार, रवि कुमार सिंह, शिवा कुमार, विशाल कुमार, दिलीप सिंह, संदीप कुमार, दानिश कुमार, आकाश कुमार, भरत करमाली सहित अन्य लोगो ने सराहनीय योगदान रहा।

### झुंड से बिछड़ा हाथी पहुंचा पुरनाडीह

**दारु।** इरगा पंचायत के पुरनाडीह मे शनिवार शाम झुंड से बिछड़ा एक हाँथी के पहुंच जाने से यहाँ के ग्रामीण काफी डरे हुए है। इरगा पंचायत के इस बस्ती मे साल मे कई बार हांथियों का आगमन होता है जो ग्रामीणों की फसलों और चारदिवारी को काफी नुक्सान पहुंचाते है। इस बार फिर इकलौते हाथी के आने से ग्रामीण काफी डरे हुए है साथ हि वो रत्जग्गा कर हांथी को दूर खदेडने की बात कह रहे है। हांथी अभी इसी बस्ती के हरी साव के मोबइल टावर के पास खड़ा था।

## पेज एक का शेष

### उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास...

**राज्य में आधारभूत संरचनाओं का बेहतर और मजबूत तंत्र बनायेगी सरकार**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं का बेहतर और मजबूत तंत्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वे कल वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कभी गरीब प्रदेश नहीं रहा, लेकिन यहां के लोग गरीबी में रहने को मजबूर रहे हैं। अलग राज्य बनने के 19 वर्षों तक झारखंड के उत्थान पर किसी भी सरकार का ध्यान नहीं रहा। सिर्फ यहां के खनिज संसाधनों का दोहन होता रहा। 2019 में हेमंत जी के नेतृत्व में सरकार बनी तो उन्होंने यहां के आदिवासियों- मूलवासियों, दलितों, पिछड़े, अल्पसंख्यको, गरीबों, जरूरतमंदों और किसानों- मजदूरों की समस्याओं को समझा और उसी के अनुरूप योजनाएं बनाकर उन्हें सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने विकास का जो नया दरवाजा खोला, उसी दरवाजे से होकर हमारी सरकार विकसित और खुशहाल झारखंड बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

**हम जो कहते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार घोषणाओं में विश्वास नहीं करती है। हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं। आज सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को इसका लाभ मिल रहा है। य्झारखंड को संवारने की दिशा में हमने जो कदम बढ़ाया है, वह नहीं थमेगा।

**हर वर्ग और हर तबके के लिए है योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समस्त झारखंड वासियों की सरकार है। ऐसे में विकास की धारा से कोई वर्ग और तबका वंचित नहीं रहे, इस पर सरकार का विशेष जोर है। आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम से सरकार आप तक पहुंची अैर समस्याओं को जाना और और उसका समाधान किया।

**खेतों में अब सालों भर लहराएंगे फसल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार हो रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में यहां के खेतों में सालों भर फसल लहराएंगे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने निवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया भी मौजूद थे। महासचिव मुकुल वासनिक ने श्री सिंह को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

### तमिलनाडु में 10 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है। द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं।

### लेबनान से इजराइल पर दागे गए 35 रॉकेट

**यरूशलम।** इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में हिजबुल्लाह लड़ाकों ने रविवार सुबह लगभग 35 रॉकेट दागे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि रॉकेट ऊपरी गलील में मेरोन क्षेत्र की ओर दागे गए। सात रॉकेटों को इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया। हालांकि फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। इन रॉकेट हमलों के बाद इजराइल ने हब्बारियाह, कौनीन और दक्षिणी लेबनान के कस्बों पर तोपखाने से हमला किया।

### प्रचंड ने फिर किया मंत्रिमंडल का विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने नयी गठबंधन सरकार के तहत अपने नए मंत्रिमंडल को पूर्ण आकार देने के प्रयासों के तहत रविवार को दो और मंत्रियों को नामित किया। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने उप प्रधानमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री के रूप में शपथ ली। इसी पार्टी के ही श्री नवल किशोर साह सुदी को वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया है।

### अयोध्या के सरयू नदी में तीन युवक डूबे, मौत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को तीन युवकों की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गयी। तीनो युवक कानपुर के निवासी थे जो राम मंदिर में श्रीरामलला के दर्शन के लिये आये थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर निवासी रवि मिश्रा, प्रियांशु, हर्षित अवस्थी, तनिष्क यादव, अमरनाथ, कृष्णा सागर रामलला का दर्शन करने आये थे। रामलला का दर्शन करने से पहले सभी लोग नया घाट से कुछ दूर श्मशान घाट की तरफ स्नान करने गये थे कि अचानक एक युवक डूबने लगा। उसी को बचाने के लिये दो युवक आगे बढ़े तो वह भी डूब गये।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ से सात आइइडी मिला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने रविवार को सात आईईडी बरामद किए । इससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान के दौरान जिले के सुरनकोट तहसील के दारा सांगला इलाके से आईईडी और एक वायरलेस सेट बरामद किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके से सभी आईईडी को सुरक्षित हटा दिया है। आईईडी मंदिर के नजदीक पाए गए थे। इन विस्फोटक उपकरणों की समय पर बरामदगी से बड़ी घटना टल गई।

# बंगाल की सभी 42 सीटों पर टीएमसी ने उतारे प्रत्याशी

## 12 महिला और छह मुस्लिम को दिया टिकट, सात सांसद का पत्ता साफ

**लोकसभा चुनाव**

- शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से फिर चुनाव मैदान में उतारा
- पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान बरहामपुर से लड़ेंगे चुनाव
- कीर्ति आजाद को बर्दवान-दुगार्पुर से बनाया प्रत्याशी
- महुआ मोइत्रा कृष्णानगर लोस सीट से लड़ेंगी चुनाव
- सांसद नुसरत जहां और अर्जुन सिंह हुये बेटिकट



**जिन लोगों को दोबारा टिकट नहीं मिला, उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका मिलेगा : ममता**

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार तृणमूल कांग्रेस ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है।

तृणमूल ने पुराने नेताओं और अगली पीढ़ी के नेताओं के बीच जारी सत्ता संघर्ष के बीच अनुभवी और नए नेताओं का सामंजस्य बनाए रखा है। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। सिन्हा ने पिछला चुनाव भी जीता था। बसीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी ने पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है और यहां से सांसद नुसरत जहां को टिकट नहीं मिला है। हाल ही में चर्चा में रहा संदेशखाली इसी लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। पार्टी ने 23 सांसदों में से 16 पर भरोसा जताया है।

तृणमूल कांग्रेस ने सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं जो दो साल पहले भाजपा छोड़कर सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गये थे। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं, जिनमें मौजूदा सांसद और पिछले दावेदार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल कैबिनेट के दो मंत्रियों -पार्थ भौमिक और बिप्लब मित्रा- सहित नौ विधायकों को लोकसभा का टिकट दिया गया है। इस बार उम्मीदवारों की सूची में छह मुस्लिम उम्मीदवार हैं।

कोलकाता में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने उम्मीदवार खड़े किए हैं, कुछ लोगों को टिकट नहीं दिया गया है। जिन लोगों को दोबारा नामांकित नहीं किया गया है, उन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान मौका मिलेगा। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बरहामपुर लोकसभा सीट से टिकट दिया, राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं पूर्व क्रिकेटर और पार्टी नेता कीर्ति आजाद को बर्दवान-दुगार्पुर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जो 2019 में भाजपा से हार गए थे। लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारे गये नौ विधायकों में भाजपा छोड़कर आए बिस्वजीत दास और मुकुटमणि अधिकारी भी शामिल हैं। विश्वजीत दास और मुकुटमणि अधिकारी मतुआ समुदाय के गढ़ बनगांव और राणाघाट से चुनाव लड़ेंगे, जहां से सत्तारूढ़ दल 2019 में भाजपा से हार गया था। पार्टी ने अनुभवी नेताओं और नए लोगों के बीच संतुलन बनाए रखा है। तीन बार के सांसद सुदीप बनर्जी, सौगत रॉय, शताब्दी रॉय, कल्याण बनर्जी और काकली घोष दस्तीदार को क्रमशः उत्तर कोलकाता, दमदम, बीरभूम, सेरामपुर एवं बारासात से दोबारा टिकट दिया गया है। पार्टी ने सायनी घोष, देवांग्शु भट्टाचार्य, गोपाल लामा, विधायक जून मालिया, बापी हलदर और अभिनेत्री रचना बनर्जी जैसे नए चेहरों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। कांथी और तमलुक के तृणमूल सांसद शिशिर अधिकारी और दिब्येंदु अधिकारी हैं। दिसंबर, 2020 में उनके परिवार के सदस्य शुभेंदु अधिकारी के भाजपा में शामिल होने के बाद से पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं। इन दोनों सांसदों के नाम पार्टी की सूची में नहीं है। सुजाता मंडल खान को उनके पूर्व पति और मौजूदा भाजपा सांसद सौमित्र खान के खिलाफ बिष्णुपुर सीट से मैदान में उतारा गया है। भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी प्रसून बनर्जी को मालदा उत्तर सीट से मैदान में उतारा गया है।

### राजस्थान में कटारिया समेत 1370 कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में राष्ट्रनिर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर विभिन्न राजनीतिक दलों से आए सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों सहित 1,370 नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, जनता सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर सिंह भिंडर, दीपेन्द्र कंवर भिंडर, आलोक बेनीवाल, विजयपाल सिंह मिर्धा, रामनारायण किसान, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चौधरी, भीलवाड़ा से कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा ने भाजपा की सदस्यता ली।

# शिकंजा : लालू के करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार

## बालू कारोबारी के ठिकानों से इडी ने दो करोड़ रुपये किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रर्वतन निदेशालय (इडी) ने आठ घंटे छापेमारी और विभिन्न ठिकानों से 2 करोड़ कैश के साथ बेनामी संपत्ति के सबूत मिलने के बाद बालू कारोबारी और आरजेडी नेता सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। सुभाष यादव को राजद सुप्रीमो लालू यादव का करीबी बताया जाता है। रविवार सुबह कोर्ट में पेश करने के बाद उसे बेऊर जेल भेज दिया गया है। शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने सुभाष यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के ऐलान के बाद हुई ईडी की इस कार्रवाई से सियासत भी तेज होती दिख रही है। सुभाष यादव के पार्टनर अशोक कुमार और अजय राय के ठिकानों पर छापेमारी जारी है। बालू खनन की कंपनी ब्रॉडसन



प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य निदेशक सुभाष यादव की गिरफ्तारी शनिवार की देर रात उनके पटना स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया। रात के अंधेरे में सुभाष यादव को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद रविवार को ईडी ने राजद नेता को पटना के बेउर जेल में भेज दिया। ईडी ने शनिवार को बिहार के सबसे बड़े बालू कारोबारी सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। वे अवैध बालू खनन के लिए राज्य में कुख्यात कंपनी ब्रॉडसॉन्स लिमिटेड के एक प्रमुख निदेशक हैं। सुभाष यादव और उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों से जुड़े इन सभी ठिकानों पर शनिवार सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। इन ठिकानों में दानापुर के नारियल घाट स्थित उसका घर के अलावा दानापुर में ही नासरीगंज, शाहपुर, यदुवंशी नगर, मनेर में हल्दी छपरा तथा पटना के गोल रोड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित उनका कार्यालय समेत अन्य स्थान शामिल हैं। दानापुर इलाके में मौजूद उनके दो घरों से अब तक दो करोड़ रुपये कैश का अलावा पटना, रांची समेत अन्य स्थानों पर जमीन-जायदाद से संबंधित बड़ी संख्या में कागजात तथा अनेक माध्यमों में निवेश से जुड़े काफी संख्या में दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। उनकी मालिकाना हक वाली कंपनी ब्रॉडसॉन्स ने राज्य के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन और बिना चालान या गलत चालान की बिनाह पर 250 करोड़ से अधिक का राजस्व चोरी कर ली थी।

### झारखंड के कई बालू घाटों पर अवैध खनन में शामिल है ब्रॉडसॉन

ब्रॉडसॉन कंपनी के झारखंड के कुछ निदेशक भी जेल में बंद हैं, जो झारखंड में भी कई बालू घाटों पर अवैध खनन के मामले में शामिल हैं। सुभाष यादव इस कंपनी के अंतिम निदेशक हैं, जिन पर ईडी ने कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, पटना स्थित ईडी की विशेष कोर्ट से रिमांड को लेकर अपील की जाएगी और सुभाष यादव को रिमांड पर लेने की मांग की जाएगी।



बाराणसी में कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उप्र के सीएम योगी।

# गाजीपुर सिटी स्टेशन से पटना की दूरी 24 किमी हुई कम

- प्रधानमंत्री ने रेलवे की 8176 करोड़ की 11 परियोजनाओं को किया लोकार्पित

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जनपद आजमगढ़ से पूरे देश को 34676.29 करोड़ की 782 परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें रेलवे की 8176 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाएं भी शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं को लोकार्पित किया। प्रधानमंत्री ने बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड नामक रेल खंड के आमान परिवर्तन का शिलान्यास कर गंगा नदी पर नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल सहित गाजीपुर सिटी और गाजीपुर घाट से ताड़ीघाट तक नई बड़ी रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से ताड़ीघाट नई बड़ी लाइन का उद्घाटन होने के बाद गाजीपुर सिटी स्टेशन से दिलदार नगर जंक्शन स्टेशन की दूरी वाया वाराणसी 146 किमी. है, जो इस नई रेल लाइन के बन जाने से घटकर 29 किमी हो गई है। इसी प्रकार, गाजीपुर सिटी स्टेशन से पटना की दूरी भी 24 किमी कम हो गई है। इस रेलवे लाइन के बनने से भौतिक दूरी कम होने के साथ-साथ ट्रेनों के संचलन समय में भी उल्लेखनीय बचत होगी तथा छपरा एवं औड़िहार से आने वाली ट्रेनों को डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर पर जाने के लिये कनेक्टिविटी मिलेगी। छपरा से आने वाली ट्रेनें गाजीपुर घाट से सीधे ताड़ीघाट चली जायेंगी।

# तलाक पर मलाइका अरोड़ा ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** एक्ट्रेस व मॉडल मलाइका अरोड़ा ने शादी के 19 साल बाद एक्टर अरबाज खान से तलाक ले लिया था। मलाइका फिलहाल अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मलाइका ने शादी और तलाक के बारे में खुलकर बात की। मलाइका ने अपनी शादी के बारे में कहा कि भले ही अपने परिवार से मुझे किसी तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। मगर, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे बैकग्राउंड में बड़ी हुई हूं कि मेरे परिवार वाले मुझसे कहें कि तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी। मुझे अपना जीवन जीने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने को कहा गया। मुझे नहीं पता कि मेरे दिमाग में क्या



आया। मैंने कहा कि 22-23 साल तक मैं शादी करना चाहती हूं। किसी ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला था, लेकिन मुझे अभी यही करने की जरूरत थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यही सबसे अच्छा विकल्प था।

### भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करेगी बिहार सरकार : विजय चौधरी



**गया ।** बिहार के शिक्षा मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भू-माफियाओं के खिलाफ कड़े तेवर के बाद रविवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र की मदद से इन तत्वों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई करेगी। श्री चौधरी ने विष्णुपद मंदिर के समीप स्थित फल्गु नदी में बने रबर डैंम का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्री शाह ने कोई गलत बात नहीं कही है। जमीन के बदले नौकरी देना समेत कई मामले पहले से न्यायालय में चल रहा है। अगर उन्होंने कहा तो क्या गलत किया है, जो सही है वही उन्होंने बोला है।

# चार दिनों की सीबीआइ कस्टडी में शेख शाहजहां

**संदेशखाली मामला**

**कोलकाता।** संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपित शेख शाहजहां को चार दिनों के लिए सीबीआई हिरासत में भेजा गया है। रविवार को उसे केंद्रीय एजेंसी ने बसीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट में केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उससे और अधिक पूछताछ की जरूरत है, इसलिए हिरासत में भेजा जाना चाहिए। कोर्ट में पेश हुए उसके वकील ने दावा किया कि ईडी अधिकारियों पर हमले से शाहजहां का कोई लेना-देना नहीं है लेकिन केंद्रीय एजेंसी ने उसके कॉल रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए बताया कि जब ईडी के अधिकारी छापेमारी करने पहुंचे थे, तब उसने कई लोगों को कॉल किया। इसके बाद हजारों लोग सड़कों पर उतर



आए और ईडी अधिकारियों पर हमला किया। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि शाहजहां बहुत प्रभावशाली शख्सियत है और अगर उसे जमानत दी गई तो सारे साक्ष्य नष्ट हो जाएंगे। इसके बाद कोर्ट ने उसे चार दिनों की सीबीआई हिरासत में रखने का आदेश दिया।

# वायु सेना को मिलेंगे 2 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान

- हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले निरीक्षण और परीक्षण करेगी वायु सेना
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजदूगी शामिल होगा जेट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंप देगा, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। पूरी तरह से तैयार दो एमके-1ए फाइटर जेट एलसीए डिवीजन के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, इसलिए यह एक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 और तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रतिवर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने के बाद प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।



एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी 'उत्तम' राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। यह रिसीवर पायलट को आने वाली मिसाइलों या रडार लॉक के बारे में चेतावनी देगा और राडार को जाम करने के लिए सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर को सक्रिय करेगा।

### जरदारी के साथ काम करेंगे शी जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुये कहा है कि वह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ काम करने को तैयार हैं। जियो न्यूज ने बताया कि चीन के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के दिग्गज नेता को राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल हासिल करने पर बधाई देते हुए कहा कि (चीन) विभिन्न क्षेत्रों में (पाकिस्तान के साथ) सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए (निर्वाचित राष्ट्रपति) जरदारी के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने आपसी हित के मामलों पर दोनों देशों द्वारा प्रदर्शित द्विपक्षीय समर्थन को याद करते हुए, दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंनेकहा कि दोनों देशों ने सीपीईसी की स्थापना के जरिए सार्थक परिणाम हासिल किए हैं।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## स्पीड न्यूज

### उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री ने लोगों के साथ किया संवाद




**महेशपुर (पाकुड़)।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र देव सिंह ने रविवार शाम को प्रखंड के सिंगना गांव में जनजाति लोगों के साथ सीधा संवाद किए। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए योजनाओं का लाभ लेने को कहा। उन्होंने जनजाति लोगों से अपील किया कि यहां के भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में बड़ी अंतर से जीत दिलाए। तभी इस क्षेत्र का विकास होना संभव है। मोदी जी की गारंटी है की क्षेत्र का विकास शतः प्रतिशत हो। यहां से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाए क्षेत्र का विकास करने का गारंटी मोदी जी का है। इस दौरान जल शक्ति मंत्री ने जनजाति लोगों से केंद्र सरकार के तरफ से चलाए जा रहे। कौन-कौन योजना की लाभ मिला है। इसकी भी जानकारी लिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, सुफल मरांडी, जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय कार्यक्रम संचालक सह प्रभारी अमित अग्रवाल के अलावे सैकड़ों जनजाति लोगों मौजूद थे।

### पिछरी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ



**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी उत्तरी पंचायत बस्ती स्थित नर्मदेश्वर रुद्र मंदिर के प्रांगण में 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। गायत्री महायज्ञ में शांति कुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक राजन दीक्षित, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक बघेल, शिवम भरद्वाज ने अंतिम दिन में हवन पूजन, ध्यान साधना, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा योग एवं विधिवत गायत्री महायज्ञ, अनुष्ठान कर पूणार्हुति संपन्न कराया। जिसमें गायत्री परिवार सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओ ने महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं शांति कुंज हरिद्वार से पधारे टोली की विदाई दी गई।

### प्राचार्य ने सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किय




**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह ने फीता काटकर एवं एनएसएस का ध्वज फहराकर किया है। शिविर में एनएसएस के इकाई 2, 3 एवं 5 ने भाग लिया। शिविर का विषय स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधनों का संग्रक्षण एवं युवाओ का सतत विकास है। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा हमें जीवन मे नैतिकता और सामाजिक भावना को कभी नहीं भूलना चाहिए। एनएसएस द्वारा गोद लिए गए गांव हमें सबसे पहले यह ध्यान देना चाहिए की गांव में क्या क्या समस्या और कमी है। उन कमी को दूर करना एक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित स्वयंसेवको का दायित्व होना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस इकाई 3 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने स्वयंसेवको का निबंधन कराया। एनएसएस इकाई 5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष कुमार मंडल ने कहा कि जब हम शिक्षित होते है। हमारी जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। उसका निर्वहन करना चाहिए। हमें देश सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में मंडलमित रजक, सोनाली मुर्मू, संजू कुमारी, ज्योतिका मुर्मू, अमन कुमार मुर्मू, शुभदीप घोष, सुमित राउत, बृस्टि मांझी, मोनिका यादव, सुदीपतानाथ सुम्मना साहा, पवन राजवार, तान्या, नेहा मंडल, गुलाम गोराई, सुभम दास आदि मौजूद थे।

# जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र, पलामू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान निकेतन स्कूल के सभागार में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से लगभग 600 युवाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि डॉ. हरिवंश प्रभात, स्कूल चेयरमैन बलराम शर्मा, स्काउट एंड गाइड के स्टेट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर आमोद कुमार सिंह एवं नेहरु युवा केन्द्र के ज़िला युवा अधिकारी कंचन कुमारी शामिल थे। साथ ही इस कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल एवं न्यू इंडिया, न्यू इनिशिएटिव विषय को विस्तार पूर्वक युवाओं के बीच रखने हेतु क्रमशः एम.के कॉलेज पांकी के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम की जानकारी जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सदन की कार्यवाही को समझाया जाना है। उन्होंने युवाओं से माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी करवाया। डॉ. हरिवंश प्रभात ने कहा कि यह आयोजन सराहनीय है, इसके अंतर्गत जिन विषयों को रखा गया है बहुत महत्वपूर्ण है इस विषय में युवाओं को जागरूक होना चाहिए। वहीं प्राचार्य दिलीप कुमार ने कहा कि लोकल फॉर वोकल आज हमारे देश की अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि नेहरु युवा केन्द्र, पलामू लगातर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं के बिच विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत है। जिसमें बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवाओं के बीच चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में पलामू के लगभग सभी प्रखण्ड के स्वंसेवक सहित एन.वाई.के. द्वारा चलाए जा रहे ट्रेनिंग सेन्टर के प्रतिभागियों एवं युवा मण्डल के सैकड़ों सदस्य शामिल थे।

## नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है,इस विशेष कार्यक्रम के तहत आज द्वितीय वैच को दुसरे दिन की प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर सत्यानन्द शुक्ला व विनिता कुमारी ने प्रशिक्षु वार्ड सदस्यों को भारतीय संविधान में प्रदत उनके अधिकार, सविधान के 73 वें संशोधन के बाद ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों और उसका उपयोग, अधिकारो व कर्तव्यों को अवगत कराते हुए ग्राम सभा से सम्बन्धित सभी आवश्यक नियम की जानकारी दी गयी। जैसे-ग्राम सभा का कोरम, ग्रामसभा बैठक की प प्रक्रिया, ग्रामसभा की अध्यक्षता, ग्राम पंचायत की सरंचना, पंचायत कार्यकारिणी, समाज मे महिलाओं की स्थिति ग्राम स्तर के स्थायी समितियो, पंचायत स्तर पर स्थायी समितियो, वार्ड सदस्य का मानदेय, ग्राम पंचायत के मुद्दे व विकाश सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी साथ ही अपने पद के अनुसार कार्यो ओर कर्तव्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगो मे आसानी से समझ बनाने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी आवश्यक टॉपिक पर लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन बैच मै प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रथम बैच मे बालुभांग, डाढा, फुलसु पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण पहले समाप्त हो चुका है। द्वितीय वैच मे अमरवाडीह, शिबला और टोटी पंचायत के वार्ड सदस्य सामिल है। जिसका आज दुसरा दिन का प्रशिक्षण हुआ, कल 11 मार्च को इस बैच का प्रशिक्षण संपन्न हो जाएगा। तीसरा व अंतिम बैच 12, 13, व 14 मार्च को होगा जिसमें साल्वे, बारियातु व गोनिया पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य प्रशिक्षण लेंगे।

### बोकारो थर्मल में सीआईएसएफ का 55 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया

**बेरमो।** बोकारो थर्मल ताप विद्युत केन्द्र के सीआईएसएफ परेड ग्राउंड में आज रविवार को सीआईएसएफ का 55 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया जिसमे परेड कमांडर उप निरीक्षक रहीम अंसारी, परेड 2 आईसी उप निरीक्षक कपिल बैरा एक नंबर प्लाटून के प्लाटुन कमांडर सहायक उप निरीक्षक एन के सिंह और 2 नंबर के प्लाटून कमांडर सुभाष लीड कर रहे थे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक सूर्य नारायण प्रसाद ने बलिदान स्मारक पर माल्यार्पण किया। वही मुख्य अतिथि को परेड कमांडर के द्वारा सलामी दिया गया उसके बाद मुख्य अतिथि ने परेड को सम्बोधित किया। बोतावीके डीजीएम बी जी होलकर, आर आर सिन्हा, बिहारी चौधरी, सूरज तिवारी, सीआईएसएफ के निरिक्षक अनिल कुमार, प्रशांत कुमार प्रसून उप निरीक्षक विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक-ओम प्रकाश यादव, सुरेश यादव, ए के तिवारी, बच्चु सिंह, प्रधान आरक्षक-रणवीर सिंह, एस के चौरसिया, संदीप कुमार, इत्यादि लोग इस समारोह में मौजूद थे।

## शहर में खास महाल की दर में बृद्धि कर सरकार घर से बेघर करने की कर रही साजिश : सतीश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि शहर को खास महाल से मुक्त कराने के लिए जोरदार आन्दोलन चला है। सत्ता मे आने के पहले चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने घोषणा की थी कि सत्ता में आते ही मेदिनीनगर समेत पुरे राज्य को खास महाल से मुक्त किया जाएगा। मगर अब सरकार का समय समाप्त हो चला है कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया। ये अंग्रेजों के गुलामी के प्रतिक है ये काला कानून। लीज नवीकरण का टैक्स बेतहाशा बढ़ाकर सरकार जनता को बेवजह परेशान कर रही है। श्री कुमार ने कहा कि एक भूमि पर दो टैक्स एक नगर निगम और दुसरा खास महाल का लगान शुल्क लोकतंत्र व जनवाद का गला घोटने के समान है। उपायुक्त पलामू ने अधिसूचना बढे हुए खास महाल के दर की घोषणा कर आम जनता के बीच दहसत फैलाने का काम किया है जो निन्दनीय है। हेमंत सरकार तो गई अब चम्पई सोरेन को अबिलम्ब संज्ञान लेकर इस काले कानून को निरस्त्रीकरण की कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पलामू के अधिसूचना जन बिरोधी हैं। बढ़ी हुई दर प्रति डिसमिल मुख्य मार्ग में 11लाख तीस हजार दो सौ साठ तय किया गया है जो पुर्णत नजायज है। जो पांच साल में दुगुनी से ज्यादा है। कुछ जनप्रतिनिधि सत्ता में रहते हुए उक्त काला कानून पर संज्ञान तक नहीं लिया। आजसू पार्टी सरकार को अगाह करती है अबिलंम्ब खास महाल काला कानून को रद्द किया जाय।

## सीसीएल सीकेएस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो/फुसरो।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी ने जीएम ऑफिस ढोरी के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया. अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया. अतिथि गिरीडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, सीसीएल सीकेएस के वरीय उपाध्यक्ष सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी शामिल थे. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की. समारोह में अतिथियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया. गिरीडीह के पूर्व सांसद श्री पांडेय ने बताया कि रविंद्र मिश्रा को बीएमएस का राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है. उन्होंने बताया कि आज देश की पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले का भी जन्मदिन है. कहा कि सावित्रीबाई सभी की आलोचना और बहिष्कार करने के बावजूद महिला शिक्षक बनाने का गौरव हासिल की. इससे पता चलता है कि लड़ने की शक्ति केवल महिलाओं में है. कहा कि बेटियों को जैसा आप घर में संस्कार देंगे वैसा वह बनेगी. इस कारण बेटियों का सम्मान घर के संस्कार पर निर्भर है. कहा कि आज बेटी का पता कर उसका भूर्ण हत्या करना सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है. जो इस तरह का कार्य करते हैं, वैसे परिवार का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए. किसी को भी लड़का और लड़की में कोई फर्क नहीं समझना चाहिए.

### मयार्दा पुरूषोत्तम राम के आदर्शो से मनुष्य का चरित्र निर्माण सम्भव है : शिखा

**हुसैनाबाद पलामू।** यह वर्ष प्रभु श्री राम वर्ष के रूप में जाना जाएगा। हजारों वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर हमसभी देशवासी देख पा रहे हैं। प्रभु श्री राम के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। हम सब मे राम हैं। कण-कण में राम हैं। भाई से भाई का प्रेम, एक पुत्र का पिता के प्रति कर्तव्य को चरितार्थ करने वाले मार्यदा पुरषोतम श्रीराम हैं। ये बातें वृन्दावन धाम की देवी शिखा चतुवेर्दी ने कही है। वे स्थानीय गांधी चौक के समीप स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर की वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा में बोल रहीग थीं। इसके पूर्व रामकथा की शुरूआत प्रभु श्रीराम के आरती व मंगलाचरण के साथ की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला- पुरूष मौजूद थे। प्रभु श्री राम व जय हनुमान के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र राममय हो गया। कहा कि राम नाम से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हर भक्त को चाहिए कि राम नाम का जप सदैव करते रहें। उन्होंने बीर हनुमान की भक्ति की व्याख्या किया। कहा कि हनुमान के हृदय में केवल राम व सीता के अलावा कुछ भी नही था। भक्ति हो तो हनुमान जैसी। इस संगीतमय रामकथा से श्रोता भाव विभोर हो उठे। सुबोध साहु, वार्ड पार्षद मधु अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, उदयनाथ विश्वकर्मा, पवन लाल अग्रवाल, संदीप सोनी, अजित अग्रवाल, अर्जुन चौधरी, कृष्णा अग्रवाल, विकास अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, बिपिन पटेल, अक्षय कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में राजयोगनी गुलजार दादी जी का मनाई गई स्मृति दिवस


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धर्मपुर पम्पुकल रोड लातेहार के सेवा केंद्र में राजयोगनी गुलजार दादी का तीसरी स्मृति दिवस मनाई गई। सेवा केंद्र के संचालक बीके अमरमणी बहन दादी जी की जीवनी पर प्रकाश डाली। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में एकल अभियान के अध्यक्ष अभिनन्दन प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर मुरली प्रसाद, निरंजन प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, जगू प्रसाद, राघव पांडेय, रमेश, संतोष पासवान, ब्रजेश, राजू, अजय, चन्द्रेश, बीके गुड़िया बहन, रानी देवी, सुनिता देवी, कविता समेत कई लोग मौजूद थे।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक, पदाधिकारी को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पाकुड़ की अध्यक्षता में रविवार को देर शाम मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे फरवरी माह में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी को माह जनवरी 2024 में प्रतिवेदित, निस्पादित सभी कांडो का विस्तृत समीक्षोप्रांत लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सभी पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अवैध कोयला, बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कारवाई करने का निर्देश लूट, डकैती, चोरी, छिनतई जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सख्त निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को लंबित वारंट, कुर्की की संख्या को एक सप्ताह के अंदर 50 प्रतिशत घटाने, परिवाद पत्र/पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन का निष्पादन निर्धारित समय में करने, कोर्ट परिवाद पत्र प्राप्त होने की तिथि को ही कांड अंकित कर अनुसंधान की अग्रतर करवाई करने का निर्देश दिया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन के उपरान्त मूलभूत आवश्यकता बलों की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य तयारियों के संबंध में समीक्षोप्रांत आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अवैध शराब के निर्माण बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाकर इसपर पूर्णतः रोक लगाने हेतु निर्देश दिया गया।

### बोकारो थर्मल क्लब में किया गया ग्रेडिंग सह कराटे प्रशिक्षण का आयोजन



**बेरमो।** उत्कल कराटे स्कूल झारखण्ड शाखा की ओर से रविवार को बोकारो थर्मल क्लब में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कराटे ग्रेडिंग में बोकारो सहित धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़ एवं रांची सहित अन्य जिलों से लगभग एक सौ कराटेकार छात्र एवं छात्राओं ने ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यहाँ छात्र-छात्राओं के बीच काता, कुमिते, एक्सपो कुमिते, खाकीते आदि का प्रशिक्षण व ग्रेडिंग करवाई गई। इन अवसर पर उपस्थित उत्कल कराटे स्कूल झारखण्ड ब्रांच के चीफ एक्जामिनर सेंसई महादेव गोप ने बताया कि छात्र छात्राओं के बीच आयोजित की गई इस कराटे ग्रेडिंग सह प्रशिक्षण शिविर में सभी छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आगामी जुलाई माह में झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। राज्य के सभी जिलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में शामिल किया जाएगा। उत्कल कराटे संस्था का मुख्य उदेश्य खास कर छात्राओ को आत्म रक्षा का गुण सिखाना है।

### स्थानीय प्रबंधन की उदासीनता मजदूरों के शोषण का कारण: अजय

**बेरमो।** कथारा कोलियरी मे आर ए मीनिंग के द्वारा कोयला का उत्पादन किया जा रहा है। उक्त कंपनी के पास ना तो पर्याप्त मात्रा में मशीन है ना ही ड्रिल डोजर ग्रेडर की व्यवस्था है। जल छिड़काव हेतु सारे नियमों का धजिया उड़ाया जा रहा है। आउटसोर्स में कार्यरत मजदूर के सुविधा के लिए ना तो रेस शेल्टर की व्यवस्था है ना ही जलपान गृह उपलब्ध है। मजदूरों का शोषण लगातार जारी है। पूर्व में तो आउटसोर्स में कार्यरत मजदूरों से 12 से 16 घंटे का कार्य लिया गया है। और भुगतान भी पूरे पैसा का नहीं किया गया है। उत्पादन में कंपनी के मशीनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे कंपनी के ऊपर अतिरिक्त बोझ पड रहा है। मजदूरों के हो रहे हैं शोषण के खिलाफ प्रबंधन को पत्राचार कर आगाह किया गया था लेकिन प्रबंधन द्वारा उसे नजर अंदाज किया गया। परिणाम स्वरूप प्रबंधन को प्रेषित पत्र के आलोक में 13 मार्च से कथारा कोलियरी मे कोयला का डिस्पैच को पूर्ण रूप से ठप किया जाएगा प्रबंधन को प्रेषित पत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस शाखा सचिव इस्लाम अंसारी ने संयुक्त हस्ताक्षर कर प्रेषित की है। पत्र की प्रतिलिपि बेरमो के विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र व स्थानीय थाना प्रभारी को प्रेषित है। पत्र में दशार्या गया है औद्योगिक अशांति की जवाब देही स्थानीय प्रबंधन की होगी।

## 66वाँ नवाहन श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का भीड़

# करगली: मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सु दशरथ अजिर बिहारी मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र हो रहा गुंजायमान

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** करगली गेट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मानस सत्संग समिति, बेरमो की ओर से आयोजित नौ दिवसीय 66वाँ नवाहन श्री रामचरित मानस पाठ व महायज्ञ की के दूसरे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजा के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु आए। यज्ञ परिसर में स्थानीय कन्याओं व महिलाओं द्वारा मानस पाठ किया जा रहा है। अनुष्ठान मिथिलाकुंज अयोध्या से आये कथावाचक यज्ञाचार्य राम बिहारी शरण जी 'रामायणी' के देखरेख में हो रहे हैं। जमुई मुंगेर बिहार से पधारे पूज्य श्री सदानंद मिश्रा तथा उनकी टीम के द्वारा प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इस दौरान मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है।

इसके पूर्व शनिवार की संध्या चित्रकूट मध्यप्रदेश से आए श्री सीताराम शरण जी ने प्रवचन कहा कि अगर हनुमान का नाम लेने का अवसर मिले तो उसे लेने में कोई कमी नहीं करनी चाहिए। भगवान के नाम पर ताली बजाने पर कई तरह के लाभ मिलते हैं। जहा भी भक्ति का अवसर मिले उसे चुकाना नही चाहिए, क्योंकि भागना के भक्ति में ही सुख है। करगली गेट में लगातार प्रत्येक वर्ष ही रहे यही के बारे में कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि 1958 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे द्वारा यह यज्ञ प्रारंभ कराया गया था। इसके बाद 1959 से प्रत्येक वर्ष स्व संतान सिंह के द्वारा यज्ञ कराया जा रहा था। उनके निधन के बाद उनके पुत्र स्वर्गीय प्रमोद सिंह के द्वारा यह यज्ञ कराया गया। उनके निधन के बाद भी 66वां वर्ष या एक का आयोजन हो रहा है। यज्ञाचार्य राम बिहारी शरण जी 'रामायणी' के अध्यक्षता में 44 वर्ष से इस यज्ञ का आयोजन हो रहा है। लगातार 66 वर्ष किसी यज्ञ का आयोजन होना कोई आसान बात नहीं है। इस वर्ष 09 मार्च शनिवार से ये प्रारंभ हुआ जो 17 मार्च तक यज्ञ का आयोजन होगा तथा समापन 18 मार्च को होगा।

यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के मनोज सिंह, सुशील सिंह, नितेश सिंह, अर्चना सिंह, निरंजन सिंह, जयप्रकाश सिंह, गजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशांत सिंह, शशिकांत सिंह, जितेंद्र सिंह, मिट्ठू, रवि राम, अमरेंद्र दुबे, गौरी शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, राजू सिंह सहित पूरे बेरमो के प्रबुद्ध लोगो का मुख्य योगदान रह रहा है।

# मोहन खेड़ा आते हैं दुनिया भर से भक्त

कमल सिधी

मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पहुंचने हेतु राजगढ़ से गुरु भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था रहती है। राजगढ़ में मोहनखेड़ा पेढ़ी के नाम से विश्राम गृह है जहां से मोहनखेड़ा जाने हेतु गुरूभक्तों के लिए वाहन व्यवस्था रहती है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर कई राजनीतिक हस्तियां भी दर्शन करने पहुंच चुकी है।



मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमिटर दुर इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर राजगढ़ के समीप मोहनखेड़ा जैन समाज का एक प्रमुख श्वेताम्बर तीर्थ स्थल है। समय-समय पर मोहनखेड़ा में अनेक चमत्कार हुए है। जैन समाज की अटूट आस्था मोहनखेड़ा तीर्थ से जुड़ी हुई है। जैन समाज के छोटे-बड़े मंदिरों के साथ ही यहां पर जैन समाज के 68 वें गुरूदेवेश श्री राजेन्द्र सूरीश्वर जी महाराज साहब का विशाल समाधी मंदिर बना हुआ है। हर वर्ष गुरु सप्तमी पर यहां मेला लगता है। इस दिन यहां देशभर सहित विदेश से भी गुरू भक्त दर्शन- वंदन करने पहुंचते है। मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पर कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां एवं फिल्मी अभिनेता भी अपना शीश झुकाने पहुंच चुके है। राजेन्द्र सूरीश्वर जी के सामने जो भी मन्नत रखते हैं वह पूर्ण होती है।

### श्री राजेन्द्र सूरीश्वरजी ने त्यागी थी अपने देह-

बताया जाता है कि मोहनखेड़ा तीर्थ स्थल का नाम पहले खेड़ा हुआ करता था। यहां आसपास जंगल था। राजेन्द्र सूरीश्वरजी ने मोहनखेड़ा में आदिनाथ भगवान के मंदिर का निर्माण करवाया था। जैन समाज के 68 वें गुरूदेवेश श्री राजेन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. जावरा से विहार करते हुए राजगढ़ पहुंचे थे। राजगढ़ में 21 दिसंबर 1906 को पोष सुदी सप्तमी के दिन राजोन्द्र सूरीश्वरजी ने अंतीम सांस ली थी। जिसके बाद समाजनों ने मोहनखेड़ा में उनका अंतिम संस्कार कर समाधी मंदिर की स्थापना की। समाजजनों ने तीर्थ का समय-समय पर विकास किया। आज माहेनखेड़ा तीर्थ पर स्वर्ण मंदिर का निर्माण हो चुका है। प्रतिदिन यहां गुरूभक्तों का आवागमन रहता है। तीर्थ पर दादा गुरूदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी, यतिन्द्र सूरीश्वरजी, विद्याचन्द्र सूरीश्वरजी, हैमेन्द्र सूरीश्वरजी की समाधी के साथ-साथ आचार्य रविन्द्र सूरीश्वरजी के समाधी मंदिर का भी निर्माण हो चुका है।

### कई राजनीतिक हस्तीयां एवं फिल्म अभिनेता पहुंच चुके है-

मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पहुंचने हेतु राजगढ़ से गुरु भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था रहती है। राजगढ़ में मोहनखेड़ा पेढ़ी के नाम से विश्राम गृह है जहां से मोहनखेड़ा जाने हेतु गुरूभक्तों के लिए वाहन व्यवस्था रहती है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर कई राजनीतिक हस्तियां भी दर्शन करने पहुंच चुकी है। पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां यहां अपनी मनोकामना लेकर अपना शीश झुका चुके हैं। साथ ही फिल्मी अभिनेता सनी देओल, मशहूर गायक दलेर मेहंदी सहित कई फिल्मी हस्तियां भी मोहनखेड़ा पहुंच चुके है। हर वर्ष बड़े सेलेब्रेटी का यहां आना-जाना लगा रहता है। गुरू सप्तमी को लगता है मेला-

मोहनखेड़ा तीर्थ मानव सेवा एवं जीवदया का अनूठा केन्द्र है। यहां के तीर्थ प्रेरक गच्छाधिपती आचार्य श्री ऋषभचन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. की प्ररेणा से श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष जीवदया एवं मानव सेवा हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। साथ ही आचार्य श्री की प्रेरणा से लगातार तीर्थ का विकास हो रहा है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर माह पोष सुदी सप्तमी को विशाल मेले का अयोजन होता है। इस दिन देश-विदेश से लाखों गुरुभक्तों यहां पहुंचते है। लम्बी-लम्बी कतारों में लगकर श्री राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. के दर्शन एवं पूजन गुरुभक्तों द्वारा किया जाता है। साथ ही आचार्यश्री के आर्शीवाद लेते है। हवाई यात्रा से आने वाले गुरुभक्तों के लिए तीर्थ पर हेलीपेड बना हुआ है। साथ ही प्रतिदिन गुरूदेव की आरती के लाइव प्रसारण भी होता है। तीर्थ पर श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु एयर कंडीशनर धर्मशालाओ का निर्माण किया हुआ है। तीर्थ पर विशेष बात यह है कि यहां आने वाले यात्रियों को निःशुल्क भोजन प्रसादी दी जाती है।

### होते है अनेक चमत्कार, बना जीवदया का केंद्र-

मोहनखेड़ा तीर्थ पर अनेक चमत्कार समय-समय पर हुए है। विगत वर्षो यहां प्रतिमा से अमृत झरना बहा था एवं केसर वर्षा हुई थी। जैन समाज के वरिष्ठ पत्रकार सुनिल बाफना बताते है कि मोहनखेड़ा तीर्थ अपने आप में कई चमत्कारों को समेंटे हुए है। आचार्य श्री ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी की प्रेरणा से यहां विशाल गौशाला का निर्माण भी हुआ है। जहां 1100 पशु की देखरेख होती है। तीर्थ पर एक भव्य नेत्र चिकित्सालय में हजारों लोगो का उपचार नि?शुल्क होता है। यहां पहुंचने वाले गुरूभक्तों को एक अलग की सुकुन महसुस होता है। गुरूभक्तों की मन्नते भी यहां पूरी होती है। तीर्थ पर गौशाला के प्रांगण में लाखों कबूतरों का आश्रय है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए कबूतरों के लिए 35 कूलर लगाए गए है।

इस तीर्थ में दुनिया भर के भक्त आते हैं।

# प्रेम में ही खिलता है भक्ति का फूल



ओशो सिद्धार्थ औलिया

**परम** शिखर तक जाने के अनेक मार्ग हैं। उनमें से आठ मुख्य हैं। ये आठों हमारे शरीर के आठ चक्रों से संबंधित हैं। भक्तियोग का संबंध अनाहत या हृदय चक्र से है और प्रेम तथा राग भी इसी चक्र से संबंधित हैं। राग अथवा प्रेम के मार्ग से जो यात्रा हम चैतन्य की करते हैं, अपनी आत्मा तक की जो यात्रा हम हृदय के मार्ग से करते हैं, उसी का नाम है- भक्तियोग। यह प्रेम का, हृदय का, भाव का, श्रद्धा का मार्ग है।

### प्रेम योग कैसे बन सकता है?

सूफी कहते हैं, प्रेम-प्रेम में भी भेद है। लेकिन जिसे लौकिक प्रेम का अनुभव नहीं है, उसे पारलौकिक प्रेम का अनुभव होना कठिन है। संवेदना ही किसी को बुद्ध, नानक या कबीर बनाती है। संवेदनहीनता हमें बुद्धू बना देती है। बुद्धू से बुद्धत्व तक की यात्रा संवेदना की यात्रा है। संवेदना न हो तो हृदय पाषाण हो जाए। अगर आपके पास हृदय है तो आपको प्रेम होगा ही, चाहे जिससे हो। प्रेम भाई से हो कि पत्नी से, प्रेमिका से हो या प्रेमी से, आपका प्रेम किससे है, यह बात गौण है। आपको प्रेम है, यह है मुख्य बात। अगर संसार में ऐसा कोई न हो जिसे आप प्रेम कर सकें, जिसे आप अपना कह सकें तो फिर जीने का उद्देश्य भी क्या है? यह जीवन तभी तक प्यारा है, जब तक आपके जीवन में कोई ऐसा हो जिसे आप अपना कह सकें।

जब आप प्रेम के लिए किसी की ओर हाथ बढाते हैं तो दूसरा भी आपको प्रेम करने लगता है। अगर आपको किसी से प्रेम न हो और आप सोचें कि जगत आपको प्रेम करे, तो यह संभव नहीं। हम जो देते हैं, जगत वही हजार-हजार गुना करके हमें लौटाता है। इसलिए, जिसे प्रेम की आकांक्षा हो, वह पहले देना सीखे। तभी वह घड़ी आएगी जब कोई आपको भी प्रेम करेगा और आप पाएंगे कि कोई है, जिसकी जिंदगी में आप अहम स्थान रखते हैं, जिसके लिए आपका होना जरूरी है। तब पहली बार आपको अपना मूल्य समझ में आता है और आप स्वयं को भी प्रेम करना शुरू कर देते हैं।

इसी प्रेम से भक्तियोग की शुरुआत होती है। इसकी दो दिशाएं हैं- आत्मविस्मरण और आत्मस्मरण। जब आप किसी को इस प्रकार प्रेम करते हैं जो आपको आत्मविस्मरण में ले जाए, तो वह अशुद्ध प्रेम है, क्योंकि वह आपको वासना की ओर ले जा रहा है। वह प्रेम जिसमें आप खुद को भूल जाएं, आपको स्वयं का ही स्मरण न रह जाए, वह शुद्ध प्रेम नहीं हो सकता। शुद्ध प्रेम आपको आत्मस्मरण में ले जाता है। जब आप किसी को याद करते हैं, तो आपकी चेतना उसकी ओर जाती है और तब आप अपने को भूल जाते हैं। लेकिन आप किसी को यदि ऐसे याद करें कि मानो उसके प्रेम की तरंगें आपकी ओर आ रही हैं तो यह हुआ स्वकेंद्रित प्रेम। यही शुद्ध प्रेम है। तब आप अपने को भूल न सकेंगे। तब आप दुखी या चिंतित भी नहीं हो पाएंगे। वासनारहित प्रेम वरदान है।

सामान्यत?, प्रेमी दुखी हो जाते हैं क्योंकि प्रेम करने की कला उनको नहीं आती। असली प्रेम वह है जो आपको स्वकेंद्रित प्रेम में ले जाता है और जब आप ऐसा महसूस करने लगें कि आपके प्रेमपात्र की प्रेम तरंगें आपकी ओर बरसात के झोंके की तरह आ रही हैं तो वही है शुद्ध प्रेम। इसी भावदशा में प्रेमयोग की पूर्णता है। यह प्रेम योग ही भक्तियोग का पहला कदम है। जो प्रेम कर सकते हैं, भक्तियोग उन्हीं के लिए है।

### प्रेम और श्रद्धा में है अंतर

प्रेम और श्रद्धा में थोड़ा भेद है। प्रेम बराबर वालों में होता है, श्रद्धा अपने से बड़ों के प्रति होती है, जैसे-माता-पिता या गुरु के प्रति। प्रेम का ऊर्ध्व रूप है- श्रद्धा। प्रेम का अर्थ है- आप देना चाहते हैं और स्वयं को देने लायक समझते हैं। देने का भाव ही प्रेम है। श्रद्धा में भी आप देना तो चाहते हैं, लेकिन आपके भीतर भाव यह रहता है कि हमारे पास है ही क्या देने को? गुरु के प्रति ऐसा ही भाव होता है शिष्य के भीतर। श्रद्धा का अर्थ है कि आपके भीतर सब कुछ दे देने का मन है, लेकिन आप देने के लिए स्वयं को अपात्र समझते हैं। किंतु, यदि श्रद्धा ऐसी हो, आप अपने गुरु का स्मरण ऐसे करते हों कि स्वयं को ही भूल जाएं और आपकी चेतना में केवल आपके गुरु ही शेष रह जाएं तो यह भी श्रद्धा का अशुद्ध रूप है। अपना ख्याल जिसे बिल्कुल नहीं रह जाता, वह अंधश्रद्धा में होता है। गुरु का स्मरण भी ऐसे होना चाहिए, मानो गुरु का आशीष आप पर बरस रहा है और आप उसकी बारिश में भीग रहे हैं। ऐसी स्वकेंद्रित श्रद्धा ही शुद्ध श्रद्धा है।

### निष्कपट भाव से ईश्वर की खोज

स्वामी विवेकानंद ने 'भक्ति-योग' पुस्तक में लिखा है कि निष्कपट भाव से ईश्वर की खोज ही भक्तियोग है। इस खोज का आरंभ, मध्य और अंत प्रेम में होता है। नारद अपने भक्तिसूत्र में कहते हैं, 'भगवान का परम प्रेम ही भक्ति है। जब मनुष्य इसे प्राप्त कर लेता है, तो सभी उसके प्रेम-पात्र बन जाते हैं। वह किसी से घृणा नहीं करता; वह सदा के लिए संतुष्ट हो जाता है। इस प्रेम से किसी काम्य वस्तु की प्राप्ति नहीं हो सकती, क्योंकि जब तक सांसारिक वासनाएं घर किये रहती हैं, तब तक प्रेम का उदय ही नहीं होता। भक्ति स्वयं ही साध्य और साधनस्वरूप है।' भक्तियोग का एक बड़ा लाभ यह है कि वह हमारे चरम लक्ष्य (ईश्वर) की प्राप्ति का सब से सरल और स्वाभाविक मार्ग है।

(लेखक ओशोधारा के संस्थापक हैं)

# एकलव्य का अंगूठादान



### एकलव्य ने यहां दिया गुरुदक्षिणा में अंगूठा

निषाद-भील समाज के लोगों की आस्था के कारण वर्ष 1721 में गांव खांडसा के लोगों ने यहां एक मढ़ी का निर्माण करवाया। इससे पहले मंदिर के नाम पर यहां सिर्फ एक चबूतरा बना हुआ था। कहा जाता है कि जिस स्थान पर चबूतरा बना था, वहां गुरु द्रोण ने एकलव्य से गुरुदक्षिणा में लिया हुआ अंगूठा दफनाया था।

इसे विकसित कर तीर्थ स्थल का रूप मिलना चाहिये। ग्रामीण कहते हैं कि अनदेखी के कारण ऐतिहासिक धरोहर सिर्फ कथा-कहानियों में सिमटकर रह गई है।

नवीन पांचाल

गुरु द्रोणाचार्य की कर्मस्थली गुरुग्राम के इतिहास में एक ऐसा पन्ना भी जुड़ा हुआ है जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। देश का एकमात्र एकलव्य मंदिर गुरुग्राम में है। वही एकलव्य, जिन्होंने महाभारत काल में गुरु द्रोण की प्रतिमा को प्रतीकात्मक तौर पर अपना गुरु मानकर धनुर्विद्या हासिल की और बाद में गुरुदक्षिणा के रूप में अपने दाहिने हाथ का अंगूठा उन्हें दे दिया।

महाभारत काल में खांडवप्रस्थ के नाम से जिस स्थान को जाना जाता था, वह गुरुग्राम जिले का गांव खांडसा है। चारों तरफ विश्व प्रसिद्ध औद्योगिक इकाईयों से घिरे इस गांव में ही स्थित है एकलव्य मंदिर। यह मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र व पाकिस्तान के कई हिस्सों में बसे निषाद भील समाज के लोगों की आस्था का केंद्र है। इस समाज से जुड़े लोग देशभर से यहां माथा टेकने आते हैं। घर में किसी नये सदस्य के आगमन पर निषाद-भील समाज के लोग इस मंदिर में धौंक लगाने भी आते हैं। मंदिर में हर साल मेला लगता है और देश-विदेश में बसे निषाद-भील समाज के लोग यहां आकर मनोकामना मांगते हैं।

निषाद-भील समाज के लोगों की आस्था के कारण वर्ष 1721 में गांव खांडसा के लोगों ने यहां एक मढ़ी का निर्माण करवाया। इससे पहले मंदिर के नाम पर यहां सिर्फ एक चबूतरा बना हुआ था। कहा जाता है कि जिस स्थान पर चबूतरा बना था, वहां गुरु द्रोण ने एकलव्य से गुरुदक्षिणा में लिया हुआ अंगूठा दफनाया था। इसी चबूतरे पर निषाद-भील समाज के लोग माथा टेकने आते थे। अब यहां कुछ कमरे बनवा दिए गए हैं, ताकि दूर दराज से आने वाले आस्थावान लोग यहां रात्रि विश्राम कर सकें।

गांव के लोग इस मंदिर को विशाल तीर्थ में रूप में विकसित करवाने की मंशा रखते हैं। मंदिर के पास ही स्थित एक इंडस्ट्री के संचालक व स्थानीय निवासी दीपक मैनी कहते हैं कि यह मंदिर भारतभर में गुरु-शिष्य की अनूठी परंपरा का श्रेष्ठ उदाहरण है। इसे विकसित कर तीर्थ स्थल का रूप मिलना चाहिये। ग्रामीण कहते हैं कि अनदेखी के कारण ऐतिहासिक धरोहर सिर्फ कथा-कहानियों में सिमटकर रह गई है। ग्रामीण मान सिंह राघव बताते हैं कि एकलव्य मंदिर इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहीं से कुरुक्षेत्र में होने वाले महाभारत के युद्ध की रणनीति तैयार की गई। महाभारतकालीन राजधानी हस्तिनापुर भी इसी खांडवप्रस्थ की नीति से चलती थी।

# जिहि प्रानी हउमै तजी करता रामु पछानि

प्रो. नव संगीत सिह



**गुरु** तेग बहादुर जी की वाणी में जिंदगी के अनेक फलसफे हैं। जिंदगी के असल मकसद से दूर लोभ-मोह-अहंकार में फंसे लोगों को गुरु ने समझाया कि परमात्मा के भजन के बिना यह जीवन व्यर्थ बीत गया तो आखिर में पछतावा ही बचेगा। उन्होंने कहा- करणो हुतो सु ना कीओ परिओ लोभ कै फंध।। नानक समिओ रम गइओ अब क्यो रोवत अंध।। यानी जीवन में जो करना था, वो नहीं किया, इसके बजाय लोभ के फंदे में फंसे रहे। अब जब समय निकल गया है तो क्यों रोते हो।

गुरु जी ने अहंकार का त्याग करने और हरि-नाम का सुमिरन करने का उपदेश दिया। जो मनुष्य अहंकार को त्याग देता है, उसे ही वास्तव में 'करता पुरख' का ज्ञान होता है। यह समझाते हुए गुरु जी ने कहा- जिहि प्रानी हउमै तजी करता रामु पछानि।। कहु नानक वहु मुकति नरु इह मन साची मान।।

काम एवं क्रोध में डूबे हुए मनुष्य को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती। इन बुराइयों के अंधेरे में मनुष्य को वास्तविक प्रभु दिखाई नहीं देता। गुरु साहिब ने अपनी वाणी में इनसे बचने की प्रेरणा देते हुए कहा-

काम क्रोध मोह बसि प्रानी हरि मूरति बिसराई।। काम क्रोध जिह परसै नाहनि तिह घटि ब्रह्म निवासा।।

गुरु तेग बहादुर जी संसार की अस्थिरता का बोध करवाते हुए इस तथ्य पर बल देते हैं कि मोह-ममता का त्याग भी अति आवश्यक है-

**लोभ मोह माइया ममता फुनि जिह घट माहि पछिनउ ।। सुखु दुखु जिह परसै नहीं लोभ मोह अभिमानु ।। कहु नानक सुनु रे मना सो मूरति भगवान।।**

आज भी समूचा विश्व काम, क्रोध, लोभ, अहंकार जैसे विकारों में फंसा हुआ है। उसको अपनी ही सुध नहीं है। गुरु जी ने अपनी वाणी में इस बात पर जोर दिया कि मनुष्य को सांसारिक पदार्थों का मोह त्याग देना चाहिए। सांसारिक वस्तुएं अस्थाई एवं क्षणिक हैं। हमें प्रभु के नाम का सहारा लेना चाहिए। वही स्थाई है।

# रात को ठहाके लगाती है बिहार के इस मंदिर की देविया

**इस** मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां देवियां रात को बातें करती हैं। आपस में होने वाला इनका ये वार्तालाप कई बार हंसी और ठहाकों में भी बदल जाता है। आज के युग में ये बातें कुछ अजीब लगती हैं, लेकिन ये सच है। मंदिर के नजदीक से रात में जो भी व्यक्ति निकलता है वह उनकी आवाज को आसानी से सुन सकता है।



दुनिया में चमत्कारों और रहस्यों की कहीं भी कमी नही है। माता राजेश्वरी का मंदिर बिहार के बक्सर में स्थित है। यहां परिसर में कुछ और भी देवियां हैं जिनमें बगलामुखी माता, तारा माता, काली, कमला, उग्र तारा, छिन्नमाता, धुमावती, शोडषी सहित दस महाविद्यायाएं निवास करती हैं। इसके अतिरिक्त भगवान गणेश, भैरव, शिव का मंदिर भी बना हुआ है। इस स्थान को लेकर होने वाले चमत्कार लगभग पूरी दुनिया में फेमस हैं। जिसकी वजह से यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शनों के लिए आते हैं, लेकिन यहां की खूबियों को जानने के बाद भी कभी भी कोई यहां रात में रुकने की हिम्मत नही जुटा पाता, हालांकि मंदिर के संबंध में प्रसिद्ध है कि यहां पूरे मन और सच्ची श्रद्धा से जो भी कामना की जाती है वह जरुर ही पूरी होती है।

### हंसी और जोरदार ठहाकों की भी आवाज

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां देवियां रात को बातें करती हैं। आपस में होने वाला इनका ये वार्तालाप कई बार हंसी और ठहाकों में भी बदल जाता है। आज के युग में ये बातें कुछ अजीब लगती हैं, लेकिन ये सच है। मंदिर के नजदीक से रात में जो भी व्यक्ति निकलता है वह उनकी आवाज को आसानी से सुन सकता है। कई बार लोगों ने मंदिर से आने वाली हंसी की आवाज भी सुनी है। जिसके संबंध में कहा जाता है कि देवियां यहां आपस में बातें करती हैं।

### अंदर जाकर देखा तो...

हालांकि इस रहस्य को जानने वाले और आवाज सुनने वालों ने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो किसी तरह की कोई परछाई तक महसूस नही हुई और जब बाहर आए तो फिर उसी आवाज ने लोगों को चैंकाया, हालांकि इससे कभी किसी को कोई नुकसान नही पहुंचा। ये आवाजें बिलकुल वैसी ही होती है जैसी इंसानों की आवाज आपस में बात करने पर आती है।

### स्थानीय लोगों के लिए आम बात

मंदिर में सैकड़ों भक्त दर्शनों के लिए आते हैं कई बार लोग रात के वक्त आवाज सुनने की भी कोशिश करते हैं जो कि स्पष्ट तौर पर सुनने मिलती हैं। रात्रि में किसी के भी न होने पर यहां अपने आप ही चमत्कार होने लगता है जो कि सभी के लिए आश्चर्य का विषय है हालांकि अब स्थानीय लोगों के लिए ये कुछ नया नही है, यह आम बात हो चुकी है और वे इसे एक अनोखा चमत्कार और उनके नगर पर मां की असीम कृपा मानते हैं। इस मंदिर को लेकर स्थानीय लोगों की बड़ी आस्था है। नवरात्रि में भारी भीड़ होती है।